धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ





# दुबई में आज भारत-पाकिस्तान मैच पर टिकी दुनिया की निगाहें



## चैंपियंस ट्राफी बदले का मौका

# अबकी बार मत चूको चौहान

**दुबई। (एजेंसी)** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 5वां मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जायेगा। यह ब्लॉकबस्टर मैच रविवार, 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से होगा। इस महामुकाबले के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमों की तैयारी युद्धस्तर पर जारी है। खास तौर से पाकिस्तान के लिए ग्रुप ए का यह मुकाबला करो या मरो का है। वहीं भारत 2017 के फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार का बदला भी पूरा करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम इसबार किसी कीमत पर चूकना नहीं चाहेगा। 2017 के बाद से अब 8 साल बाद इस टूनार्मेंट का आयोजन हो रहा है। इस टूर्नामेंट में भारत ने जीत से आगाज की है। भारत कल जीता तो सेमीफाइनल तय है। वहीं मेजबान पाकिस्तान को टूनार्मेंट के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड हरा दिया था। कल का मैच हारते ही पाकिस्तानी टीम का सफर एक तरह से खत्म हो जायेगी। पूरी दुनिया की निगाह इस महामुकाबले पर लगी हुई है। दोनों देशों में रोमांच चरम पर है।

**जीतते ही भारत सेफा में :** वहीं टीम इंडिया अगर इस मैच में पाकिस्तानी टीम को हरा देती है, तो सेमीफाइनल का टिकट लगभग पक्का समझा जा सकता है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम का प्रयास यही रहेगा। पाकिस्तानी टीम मेजबान है और वे पहले दौर में बाहर होने से बचने का प्रयास करते हुए टीम इंडिया के सामने अपना पूरा दमखम लगाने से नहीं चूकेगा, लेकिन काम उतना आसान तो नहीं कहा जा सकता है।

**आसमान पूरी तरह साफ रहेगा :** पाकिस्तान के लिए मैच में जीत के अलावा सिर्फ एक ही उम्मीद है दुबई का मौसम। दुबई का मौसम अगर पाकिस्तान का साथ देती है और बारिश के कारण मैच प्रभावित होता है तो उसके लिए राहत की बात हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### दुबई में भारत का दमदार रिकार्ड

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पिछले एक दशक से भी टीम इंडिया अपने अधिक मैच पाकिस्तान से इसी ग्राउंड पर खेली है। यहां पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड हमेशा दमदार रहा है। भारतीय टीम इस मैदान पर वनडे फॉर्मेट में एक भी मैच में नहीं हारी है। भारतीय टीम दुबई में अब तक कुल 7 वनडे मैच खेली जिसमें से उसे 6 में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा है। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी की कोशिश होगी कि वह पाकिस्तान के खिलाफ अपने इस अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखें।

### पाक पर भारी दबाव

पाकिस्तान पर दबाव है, क्योंकि टूनार्मेंट का पहला मैच हार चुका है। वहीं कल के मैच में चोट के कारण फखर जमान के बाहर होने से उसे झटका लगा है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ ऐतिहासिक रूप से बेहतर प्रदर्शन ने उन्हें कुछ उम्मीदें दी हैं, जबकि उन्हें मैदान पर बल्ले और गेंद दोनों से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। वनडे विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भारत के 8-0 के अपराजित रिकॉर्ड के विपरीत चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान 3-2 से आगे है। इसमें 2017 संस्करण के फाइनल में पाकिस्तान की जीत भी शामिल है।

## न्यूज डायरी

### खट्टी-मीठी यादें छोड़ गया इटखोरी महोत्सव

**चतरा।** राजकीय इटखोरी महोत्सव कई खट्टी मीठी यादें छोड़ गया। महोत्सव में स्थानीय, राज्य भर से और बॉलीवुड के नामचीन सितारों और कलाकारों का महाकुंभ साबित हुआ। समारोह का समापन अगले वर्ष और भव्य समारोह बनाने की आशा और प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ।

### आठ श्रद्धालुओं के शव पहुंचते ही पसरा मातम

**हजारीबाग।** कुंभ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन कर लौटने के क्रम में यूपी के जौनपुर जिले के थाना बदलापुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में क्षेत्र के आठ लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी। शनिवार को शव गांव पहुंचा तो उनके परिजनों का चीत्कार सुन आसपास के लोगों की आंखें भी नम हो गयीं।

### कनसार में एक साथ उठी 3 अर्थी, रो उठा पूरा गांव

हजारीबाग। कनसार गांव में एक साथ तीन लोगों की अर्थी निकलने से पूरा गांग दहल गया। कटकमसांडी प्रखंड के कनसार से कुंभ स्नान करने निकले तीर्थ यात्रियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इनमें 7 लोगों की मौत हो गयी थी। मृतकों में तीन कनसार के रहने वाले थे। पिता-पुत्र की अर्थी एक साथ उठी तो पूरा माहौल गमगीन हो गया।

### इडी पूछताछ के बाद प्रमोद भेजे गये जेल

**रांची।** धनबाद एनआरएचएम घोटाले के आरोपी प्रमोद कुमार सिंह को ईडी ने तीन दिन तक रिमांड में लेने के बाद पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। ईडी ने उससे तीन दिन तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की।

### नक्सली कमांडर अनिल भुईयां गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** टीएसपीसी कमांडर अनिल भुईयां को पुलिस ने धर दबोचा। वह 2018 से फरार था। पुलिस तभी से खोज रही थी।

### कल से झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आगाज

# आज बैठकों का दौर, दोनों पक्ष बनायेंगे रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 24 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को ले कर रविवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी बैठक में रणनीति बनायेंगे। विपक्ष की बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनायी जायेगी। वहीं, रविवार को सीएम की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ घटक दलों की बैठक बुलायी गयी है। दूसरी ओर भाजपा ने भी अपने विधायकों की बैठक पार्टी दप्तर में बुलायी है। बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति बनेगी।

**झामुमो- कांग्रेस की बैठक :** झामुमो के मुख्य सचेतक और पूर्व मंत्री मथुरा महतो ने बताया कि 23 फरवरी की शाम 4 बजे से एटीआइ सभागार में झामुमो विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें बजट सत्र को लेकर पार्टी की रणनीति बनायी जायेगी। जानकारी के अनुसार इस बार कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास में नये



भवन बनने का काम चल रहा है, इसलिए सत्ताधारी दलों (झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआई माले) की संयुक्त विधायक दल की बैठक एटीआइ सभागार में होगी। झामुमो विधायक दल और सत्ताधारी विधायक दल की बैठक में अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें सत्र को सुचारू से चलाने पर विरोधियों का धराशायी करने पर चर्चा होगी और इसकी रणमीति बनेगी। इसके पूर्व पूर्व कांग्रेस विधायक दल की बैठक 11.30 बजे से सर्किट हाउस होगी। बैठक में कांग्रेस के सभी विधायक, मंत्री और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित रहेंगे। राजद ने भी रविवार को सुरेश पासवान की अध्यक्षता में बैठक बुलायी है।

**तीन को बजट :** सर्वदलीय बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि बजट पर एक दिन की जगह 2 दिन तक चर्चा हो। बजट सत्र के दौरान झारखंड सरकार 3 मार्च को सदन में बजट पेश करेगी। 4 और 5 मार्च को बजट पर बहस होगी।

### अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं

झारखंड विधानसभा में अब तक नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं हो सका है। स्पीकर की ओर बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में भी भाजपा ने अपने को अलग रखा। सहयोगी आजसू ने भी बैठक से दूर रही। बैठक के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने भी कहा था नेता प्रतिपक्ष के बिना सदन के संचालन में तकलीफ होती है।

# चाकुलिया के जोड़सा में पीट-पीट कर दो की हत्या

### बकरी चुराने के आरोप में ग्रामीणों ने जम कर की थी धुनाई

**मॉब लिचिंग**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल के चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव में बकरी चोरी करने घुसे दो युवकों को पकड़कर बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों की बेरहम पिटाई से एक युवक कुशक बेहरा की मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरा युवक भोलानाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। भोलानाथ को इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। यह घटना एक बार फिर से मॉब लिंचिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर सवाल उठाती है और कानून व्यवस्था को लेकर चिंता पैदा करती है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। ग्रामीण एसपी ने ग्रामीणों की पिटाई से दो लोगों की मौत की बात स्वीकारी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य आरोपी को पकड़ लिया गया है।

**मुख्य आरोपी गिरफ्तार :** जमशेदपुर के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि घटना के बाद घर के मुख्य आरोपी को पकड़ लिया गया है। इसके अलावा भी अन्य जो लोग घटना में शामिल हैं उनकी भी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि हर हाल में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जानकारी के अनुसार जिन बकरियों को युवकों ने चुराया था, उसमें से एक बकरी के गले में घंटी बंधी थी। घंटी की आवाज से बकरियों के मालिक हरगोविंद की नींद खुल गयी और उन्होंने चोरों को धर दबोचा। (शेष पेज 11 पर)

# फिलिपिस की इरा को भाया झारखंड का पितांबर

### कोर्ट में की शादी, दुबई में काम के दौरान हुआ था प्यार

सुधीर

**रांची।** कहते हैं कि प्यार न रंग देखता है, न रूप। न शहर देखता है, न देश। इश्क तो इश्क है। इसमें सबकुछ जायज है। जब एक बार प्यार का बुखार चढ़ जाता है तो जीवन भर चलता रहता है। तभी तो फिलिपिंस के मनीला की रहनेवाली ईरा फ्रेंजेस्का बर्नासोल कंट्राडोर झारखंड के धुर्वा के रहनेवाले पीतांबर कुमार सिंह को दिल दे बैठी। दुबई की एक कंपनी में काम के दौरान के दोनों की मुलाकात हुई। मुलाकात प्यार में बदला और फिर झारखंड आकर शादी रचा ली। दोनों शनिवार को डोरंडा स्थित अर्बन-2 के निबंधन कार्यालय पहुंचे और अपने प्यार को शादी के रूप में रजिस्टर्ड करा लिया।

**क्या है मामला :** मूल रूप में फिलिपिंस के मंडालूयोंग सिटी के मेट्रो मनीला सिटी की रहनेवाली इरेनाल्डो



पास्टालेरो कंट्राडोर की बेटी ईरा फ्रेंजेस्का बर्नासोल कंट्राडोर की मुलाकात धुर्वा के चंद्र शेखर सिंह के बेटे पिताबर कुमार सिंह से एक फूड कंपनी में काम के दौरान हुई। तब दोनों दुबई की एक कंपनी में काम कर रहे थे। वहीं दोनों की नजरें मिली और इश्क हो गया। इश्क परवान चढ़ा और दोनों ने रांची आकर शादी रचा ली। हालांकि शादी से पहले पीतंबर ने फूड कंपनी को स्वीच कर अमाजोन में ज्वाइन कर लिया है।

### सुरंग हादसे में झारखंड समेत कई राज्यों के आठ श्रमिक फंसे

**नगरकुरनूल।** तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में निमार्णाधीन एसएलबीसी सुरंग की छत का तीन मीटर हिस्सा धंस जाने से 8 मजदूर अंदर फंस गये हैं। इनमें दो इंजीनियर भी हैं। अंदर फंसेश्रमिकों में झारखंड के भी कई मजदूर है। अन्य श्रमिक पंजाब, जम्मू-कश्मीर और यूपी के रहने वाले हैं। इनमें एक प्रोजेक्ट इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर, चार मजदूर और दो बोरिंग मिशन ऑपरेटर हैं। राज्य के मंत्री भी मौके पर मौजूद हैं। सेना और एनडीआरएफ की 3 टीमें भी मौके पर पहुंच गयी हैं। निमार्णाधीन एसएलबीसी सुरंग की छत का तीन मीटर हिस्सा धंस गया है। फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। 42 मजदूर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। इननमें से दो घायल हो गये और उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

**मोदी ने ली जानकारी :** पीएम मोदी ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से फोन पर बात की और एसएलबीसी सुरंग में फंसे लोगों के बचाव के बारे में चर्चा की।

# झारखंड में मनरेगा मजदूरी बढ़ी

### कम श्रम पर अधिक भुगतान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में मनरेगा मजदूरी दर में बढ़ोतरी की जायेगी, जिससे श्रमिकों को कम मेहनत पर अधिक मजदूरी मिलेगी। नये मानकों के तहत अब 73 सीएफटी की बजाय 53 सीएफटी मिप्ती खुदाई पर मजदूरी का भुगतान किया जायेगा, जबकि राष्ट्रीय मानक 48 सीएफटी निर्धारित है। इस बदलाव की पुष्टि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने की है। पिछले दिनों राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से मनरेगा मजदूरी दर बढ़ाने की मांग की थी, जिसे केंद्रीय मंत्री के साथ बैठक में भी उठाया गया था। केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे झारखंड के श्रमिकों को लाभ मिलेगा।

**पलायन रोकने मजदूरी बढ़ाने की मांग :** राज्य में कम मजदूरी के कारण बड़ी संख्या में श्रमिक अन्य राज्यों की ओर पलायन कर जाते हैं। वर्तमान में केंद्र सरकार मनरेगा के तहत प्रतिदिन 245 रुपये मजदूरी का भुगतान करती है। इसमें झारखंड सरकार 27 रुपये अतिरिक्त जोड़ती है। इससे कुल मजदूरी 272 रुपये होती है। ग्रामीण विकास विभाग ने इस दर को बढ़ाकर कम से कम 350 रुपये करने की मांग की है, ताकि श्रमिकों को बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

### नेताओं की दलबदल




### मोदी भागलपुर से जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त

# अपने दौरे पर एमपी, असम और बिहार को कई सौगात

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। इस दौरान वे कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे। 23 पीएम एमपी के छतरपुर जिले में बागेश्वर धाम मेडिकल और साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखेंगे। 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। 24 की शाम प्रधानमंत्री असम के गुवाहाटी में झुमैर बिनंदिनी (मेगा झुमैर) कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस ऐतिहासिक झुमुर नृत्य 8,000 कलाकार भाग लेंगे।

**पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त :** पीएम मोदी सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### ऐतिहासिक मेगा झुमैर

24 फरवरी गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में 8,000 कलाकार पारंपरिक झुमैर नृत्य प्रस्तुत करेंगे। यह असम की चाय जनजाति और आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इसका उद्देश्य असम के चाय जनजाति समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करना है। झुमुर नृत्य सदियों से असम की चाय जनजाति संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है। प्रसिद्ध झुमुर गुरु भद्र रजवार के अनुसार, नृत्य रूप हजारों वर्षों से विभिन्न रूपों में किया जाता रहा है। इसका आयोजन को सफल बनाने के लिए कलाकार उसका रिहलसल कर रहे हैं। झुमुर को असम में प्रमुखता मिली जब अंग्रेजों ने लगभग 200 साल पहले राज्य में चाय बागानों की स्थापना की। इस अवधि के दौरान, देश के विभिन्न हिस्सों से आदिवासी समुदायों को चाय बागानों में काम करने के लिए असम लाया गया था। समय के



साथ, उनकी विविध नृत्य परंपराएं वर्तमान झुमुर के रूप में विलीन हो गयीं। परंपरागत रूप से, 13 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को करम पूजा के दौरान झुमुर करने की अनुमति नहीं है।

### आज कोकर इलाके में पांच घंटे तक नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** कोकर इलाके में मेंटेनेंस के कारण रविवार की सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक पांच घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं कोकर ग्रामीण में 33 केवी फीडर की मरम्मती का कार्य किया जायेगा। इस कारण कोकर, चूना भट्टा अयोध्यापुरी, बांधगाड़ी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, सामलोंग और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोकर शहरी फीडर में 33 केवी फीडर की मरम्मती का कार्य किया जायेगा। इस कारण लालपुर, पीस रोड, वर्धमान कंपाउंड, कांटा टोली, सर्कुलर रोड और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी शनिवार को विभाग की ओर से दी गयी।

भाजपा नेता ने कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजू के बयान पर दी प्रतिक्रिया

# कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी-मूलवासी का केवल शोषण और दमन : समीर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद समीर उरांव ने झारखंड कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रभारी का बयान पूरी तरह दिखावा है। सच्चाई से कोसों दूर है। सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास आदिवासी मूलवासी के विरोध से भरा हुआ है। कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी मूलवासी का केवल शोषण दमन शामिल है।

**झारखंड की जनता कांग्रेस के चाल चरित्र से पूरी तरह अवगत**



झारखंड की जनता तो कांग्रेस की चाल-चरित्र से पूरी तरह अवगत है। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने झारखंड अलग राज्य आंदोलन की बोली लगायी। स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा तक के आंदोलन को कुचलने, खरीदने का काम कांग्रेस पार्टी के इतिहास में काला अध्याय है। आजाद भारत में कांग्रेस शासन की शुरूआत ही आदिवासियों के दमन से हुआ है। खरसावां गोलीकांड आदिवासी समाज कैसे भूल सकता है। कांग्रेस सरकार ने कैसे हजारों आदिवासियों को गोलियों से भूना यह आदिवासी समाज के दिलों में दर्ज है।

**राष्ट्रपति को भी अपमानित किया :** कांग्रेस का आदिवासी विरोध तो परवान चढ़ गया, जब एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया। कांग्रेस पार्टी ने द्रौपदी मुर्मू का केवल राजनीतिक विरोध ही नहीं किया बल्कि असंसदीय, अमर्यादित, अशोभनीय शब्दों से बार-बार अपमानित भी किया। कांग्रेस पार्टी बताए कि उसने अपने वरिष्ठ नेता स्व कार्तिक उरांव जी द्वारा सदन में दोहरा लाभ संबंधित उठाए गए सवालों पर क्यों चुप्पी साध ली। सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने आदिवासी मूलवासी समाज को केवल वोट बैंक समझा। आज यह समाज कांग्रेस पार्टी से दूर जा चुका है। कांग्रेस से जनता का विश्वास उठ चुका है। अपनी वैशाखी को कांग्रेस पार्टी जनाधार मानने लगी है।

**भाजपा ही झारखंड की जनभावनाओं का करती है सम्मान:** भाजपा ही झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान करती है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार हुआ। आदिवासी मंत्रालय बने। भाजपा सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य का गठन किया। आज उनकी 150 वीं जयंती पर अनेक कल्याणकारी योजनाओं को मोदी सरकार धरातल पर उतार रही है। एकलव्य विद्यालय सहित जन मन योजना से आदिवासी मूलवासी समाज के सर्वांगीण विकास की योजनाएं तेजी से धरातल पर उतारी जा रही है। मोदी सरकार में आदिवासी समाज के मंत्रीगण की भागीदारी बढ़ी है। कांग्रेस पार्टी को जानना चाहिए कि समाज साफ नीयत से जुड़ता है, ख्याली पुलाव पकाने से नहीं।

भाजपा नेता समीर उरांव के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

# भाजपा आदिवासियों की हितैषी बनने का सपना कभी न पाले : सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव द्वारा झारखंड प्रभारी के. राजू के बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप कांग्रेस के खिलाफ दिए गए बयान का जवाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा नेता अपने पैरों के नीचे की जमीन देखे आसमान में उड़ने का सपना ना पाले। समीर उरांव के भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहते भाजपा ने अपनी जमीन आदिवासी समुदाय के बीच खो दी है।

सोनाल शांति ने कहा है कि कांग्रेस हमेशा से जल जंगल जमीन की लड़ाई आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए करती रही



है, जबकि भाजपा की सरकारों ने विभिन्न राज्य में आदिवासियों की जमीन को छीनकर औने-पौने दामों पर उद्योगपतियों को दिया है। झारखंड के आदिवासी मूलवासी की हकमारी में भाजपा अव्वल रही है। झारखंड के आदिवासी समुदाय ने भाजपा की व्यापारिक नीति को समय रहते भाँप लिया और उससे दूर हो गई। जनता ने 2019 के विधानसभा चुनाव में दो और 2024 के में 1 सीट देकर तथा 2024 के लोकसभा की सभी पांच आरक्षित सिटें भाजपा से छीन कर भाजपा नेताओं को संदेश दे दिया है कि आदिवासियों के नाम पर व्यापार करना बंद करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर आरोप लगाने वाले बड़बोले समीर उरांव अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव हार चुके हैं। इसके बावजूद वे आदिवासियों का हितैषी बनने का स्वांग रच रहे है। भाजपा की हकीकत यह है कि इसने आदिवासियों को गले लगाकर उनकी पीठ में छुरा घोंपने का कार्य किया है। कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय को साथ लेकर आजादी का संघर्ष किया था और आजादी के बाद संविधान के माध्यम से अधिकार देने का काम किया है।

बाबूलाल का दो मंत्रियों पर भड़काऊ बयान देने का आरोप

## भ्रामक टिप्पणी करने और भड़काने के आरोप में कार्रवाई करे यूपी पुलिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के दो मंत्रियों हफीजुल हसन और इरफान अंसारी पर महाकुंभ के बारे में भ्रामक टिप्पणी करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हफीजुल हसन ने महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में गलत तथ्यों के साथ बयानबाजी की है। लोगों को भड़काने व अफवाह फैलाने का प्रयास किया है। उन्होंने यूपी और झारखंड पुलिस से आग्रह किया है कि वे इस मामले पर कार्रवाई करें। बाबूलाल ने एक्स पर लिखा कि पूरा देश इस समय प्रयागराज के पवित्र संगम में स्नान और महाकुंभ के दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन कर पुण्य फलीभूत करना चाहता है लेकिन झारखंड के दो मंत्री हफीजुल हसन और इरफान अंसारी महाकुंभ के बारे में भ्रामक टिप्पणी कर सनातन धर्म में आस्था रखने वाले करोड़ों लोगों का अपमान कर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हफीजुल हसन ने महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में गलत तथ्यों के साथ बयानबाजी कर लोगों को भड़काने एवं अफवाह फैलाने का प्रयास किया है।

# वित्त वर्ष 2025-26 के बजट आकार में 7-10 फीसदी वृद्धि की संभावना

झारखंड बजट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। पिछले पांच साल के बजट का ट्रेंड भी बता रहा है कि इस बार के बजट आकार करीब सात से 10 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। इस हिसाब से यह बजट लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट आकार 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये था।

### पिछले पांच वित्तीय वर्ष का बजटीय आकार



2020-21: 86370 करोड़
2021-22: 91277 करोड़
2022-23: 101101 करोड़
2023-24: 116418 करोड़
2024-25: 128900 करोड़

### महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन



इस वर्ष राज्य सरकार का फोकस ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर था। वहीं आगामी बजट में मंइयां सम्मान योजना के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन किए जाने की संभावना है।

### झारखंड का सकल घरेलू उत्पाद

वर्ष 2001 को राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 32000 करोड़ रुपया का था, जो अब बढ़कर 4 लाख 70 हजार करोड़ रुपया से अधिक का हो गया है। आगामी वित्त वर्ष के बजट में नॉमिनल जीएसडीपी 9.5 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में 128900 करोड़ के बजट में सामान्य प्रक्षेत्र में 37124, सोशल प्रक्षेत्र में 45377 करोड़ और आर्थिक प्रक्षेत्र में 46399 रुपये का प्रावधान किया गया था।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज बजट सत्र को लेकर बनेगी रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार को 11.30 बजे से सर्किट हाउस में होगी। बैठक में 24 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर रणनीति बनाई जायेगी। इसके पूर्व 10.30 बजे से बोर्ड-निगम के अध्यक्ष एवं सदस्यों की बैठक होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बैठक में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप समेत कांग्रेस कोटे के मंत्री और सभी विधायक की मौजूद रहेंगे। यह बैठक बजट सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की रणनीति तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी।



मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया है कि विधायक दल की बैठक में आगामी विधानसभा सत्र में विपक्ष द्वारा हंगामा करने की योजना को देखते हुए सत्र के पूरी कारगर रणनीति प्रदेश प्रभारी के. राजू के नेतृत्व में बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधायक दल की बैठक के बाद दोपहर दो बजे से कांग्रेस अग्रणी मोर्चा की बैठक होगी। इस बैठक में संगठन को सशक्त बनाने पर विचार किया जाएगा।

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने महाकुंभ में लगायी आस्था की डुबकी



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा कि प्रयागराज कुंभ में त्रिवेणी संगम की पावन लहरों में डुबकी लगायी। इस दौरान उनके परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

इधर भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने भी प्रयागराज महाकुंभ में सपरिवार आस्था की डुबकी लगायी।



# केंद्रीय बजट महिलाओं, किसानों और गरीबों के लिए सर्वसमावेशी : अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्रीय बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों व गरीबों के लिए सर्व समावेशी बजट है। महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के बढ़ावा देने के लिए यह बजट सहयोगी के रूप में है। मध्यमवर्गीय के लिए पहली बार किसी सरकार ने सोचा है। बच्चों के पोषण के लिए, स्वास्थ के लिए पढ़ाई के लिए ध्यान रखा गया है। अटल टिंकरिग लैब का प्रावधान है। झारखंड के लिए 70,302 करोड़ का रिकॉर्ड बजट दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गए हैं। धन धान्य कृषि योजना, विमा कवरेज दिया गया, कौशल विकास, निवेश और तकनीक के



माध्यम से नए रोजगार पैदा किये जायेंगे। कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र नियामक सुधार और खनन का व्यापक छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। मध्यमवर्ग के लिए 12 लाख के आय पर '**कर**' छूट दे रही है। किफायती आवास प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता दिखायी गयी है। युवाओं को मेक इन इंडिया मेक फॉर द वर्ल्ड के तहत सशक्त बनाएंगे। अनुसूचित जनजातियों के लिए धरती अबा योजना लाया गया है।

**महिलाओं के लिए अनुकूल बजट : रेखा पाण्डेय**

आरती सिंह ने कहा ये बजट महिलाओं की प्रथमिकता देते हुए 5 लाख महिलाओं को उधम से जोड़ने का प्रावधान करना बहुत ही सराहनीय है। इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित दीर्घकालिक विकास को बढ़ाकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कि पिछली कॉग्रेस की सरकार में सबसे निचली पायदान से पांचवी पर थी। ये मोदी सरकार की नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है। रेखा पाण्डेय ने कहा महिलाओं के लिए अनुकूल बजट है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी सूचिता सिंह, तेजविंद्र सिंह ने कहा राष्ट्रीय बजट हर घर का बजट है। सह प्रभारी नीलम चौधरी, महिला मोर्चा महामंत्री सीमा सिंह, रेनू तिर्की उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मीडिया प्रभारी कुमुद झा, सोनी, शीतल वर्मा, हंसा श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति माया सिसोदिया, निशि जायसवाल एवं पायल सोनी उपस्थित थीं।

## 5,514 छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ नहीं मिलाः बाबूलाल

- कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं को 2500 रुपये प्रति वर्ष और कक्षा 11-12 के लिए 5000 रुपये देने की है योजना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5,514 लाभार्थियों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इस योजना के तहत कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं को 2500 रुपये प्रति वर्ष और कक्षा 11-12 के लिए 5000 रुपये प्रति वर्ष दिए जाने थे, ताकि वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

**प्रशासन की लापरवाही के कारण असफल :** प्रदेश अध्यक्ष ने आगे लिखा कि फंड की कमी के कारण कई किशोरियों को उनकी राशि नहीं मिल पाई है। बजट का सही




तरीके से आवंटित नहीं किये जाने और प्रशासन की लापरवाही के कारण योजना पूरी तरह सफल नहीं हो पाई है।

**गरीब-जरूरतमंद छात्राओं का भविष्य प्रभावित :** श्री मरांडी ने कहा कि राशि भुगतान में देरी से गरीब और जरूरतमंद छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। हेमंत सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गयी हैं। लाभार्थियों तक समय पर लाभ नहीं पहुंचने के कारण इसका उद्देश्य ही विफल हो गया है। उन्होंने राज्य सरकार को इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की, ताकि जरूरतमंद छात्राओं को उनका हक समय पर मिल सके।

### विधानसभा के बजट सत्र के दौरान लागू रहेगी निषधज्ञा

- 24 फरवरी से 27 मार्च तक विधानसभा के 750 मीटर के दायरे में लागू रहेगी निषेधाज्ञा



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 24 फरवरी से 27 मार्च तक विधानसभा के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस संबंध में एसडीओ ने शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। निषेधाज्ञा के दौरान किसी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन पर रोक रहेगी। पांच या इससे अधिक लोगों के एक साथ जमा होने, हथियार लेकर चलने, ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल करने पर रोक रहेगी।

## एनआरएचएम घोटाले का किंगपिन प्रमोद सिंह को कोर्ट में किया गया पेश, जेल

कानूनी कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद एनआरएचएम घोटाले के किंगपिन प्रमोद कुमार सिंह को ईडी ने 3 दिनों तक रिमांड के बाद पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। ईडी ने उससे 3 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की। बुधवार को ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। 12 समन पर ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर पीएमएलए कोर्ट ने वारंट जारी किया था। ईडी की जांच में 9.39 करोड़ की अवैध निकासी का मामला सामने आया था। प्रमोद कुमार सिंह और एक अन्य कर्मी शशि भूषण प्रसाद ने पद का दुरुपयोग कर अवैध निकासी की थी थी। भ्रष्टाचार को लेकर पहले एसीबी ने कार्रवाई की थी। वर्ष 2011-12 में आवंटित 6 करोड़ 97 लाख 43 हजार से अधिक की राशि के गबन का मामला पकड़ में आने के बाद प्रमोद कुमार सिंह समेत 10 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**आवंटित राशि को अपने खाते में मंगवाकर खर्च किया :** पीएचसी के लिए आवंटित राशि को प्रमोद अपने खाते में मंगवाकर खर्च किया। उसके खातों में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गई थी। प्रमोद की पत्नी प्रिया सिंह के अकाउंट में भी गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे। घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया गया था। जिसके बाद अउइ द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की है। साल 2024 के जुलाई और अगस्त माह में ईडी ने छापेमारी की। जिसमें कई दस्तावेज समेत 2 लाख 17 हजार बरामद की थी। ईडी की जांच में प्रमोद कुमार सिंह और शशि भूषण प्रसाद ने पद का दुरुपयोग कर एनआरएचएम निधि के 9.39 करोड़ की अवैध निकासी की थी। 2 सितंबर 2024 को ईडी ने प्रमोद और उनके परिवार की 1.63 करोड़ की संपति के अलावा 3 महंगी गाड़ियां जब्त की थी और उनके बैंक अकाउंट भी फ्रिज कराया था।

लघु वनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि. के नये भवन किया उद्घाटन किया

## वनोपज को बढ़ावा देने में सेंट्रल प्रोसेसिंग एंड रिसर्च सेंटर मील का पत्थर साबित होगा : शिल्पी नेहा तिर्की

- बाजार में झारखंड के वनोपज को बेहतर पैकेजिंग कर बेचने की जरूरत
- वनोपज को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर तरह करेगी मदद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को सिमलिया स्थित झारखंड राज्य लघु वनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लिमिटेड के नवनिर्मित सेंट्रल प्रोसेसिंग एंड रिसर्च सेंटर भवन उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक दिवसीय सहकारिता समागम सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड राज्य का 29 % भू-भाग वन से आच्छादित



है। जनजातीय समुदाय की एक बड़ी आबादी का जीविकोपार्जन वनोपज ही है। सीधे शब्दों में कहे तो कृषि के बाद ग्रामीण आजीविका का ये दूसरा सबसे बड़ा साधन है। केंदू पत्ता, महुआ, चिरौंजी, कुसुम, करंज, आम, कटहल सहित कई तरह के औषधीय पौधे राज्य के जंगलों में मिलते हैं। ग्रामीण हाट बाजार में ग्रामीण इसे बेचकर अपना जीवन चला रहे हैं, लेकिन बदलते हुए समय में ऐसे वनोपज को आधुनिकता के सांचे ढलना जरूरी है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट इसमें मददगार साबित हो सकता है।

खासकर महिला समूह वनोपज को अपने रोजगार और व्यापार का हिस्सा बना कर सफल उद्यमी की रेस में शामिल हो सकती है। कुछ दिन पहले तक इस सिमलिया गांव के इसी स्थान पर पक्षियों की चहचहाहट तक सुनने को नहीं मिलती थी, लेकिन एक छोटी सी पहल से आज पूरी फिजा बदल गई है कल तक प्रोसेसिंग यूनिट में रखी हुई मशीन पर धूल जमे थे, आज वो काम करने लगी है। ये छोटा सा प्रयास आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होगा। ग्रामीण अपने वनोपज को बहुत मामूली शुल्क अदा कर इसकी पैकेजिंग कर बाजार में बेच सकते हैं। झारखंड में वनोपज पर एक बड़ी आबादी की निर्भरता है और राज्य सरकार का उद्देश्य वनोपज को तेजी से बढ़ावा देना, उसके लिए बाजार उपलब्ध कराना है। कृषकों के विकास और आर्थिक संवर्द्धन में वनोपज की बड़ी भूमिका है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की सही जानकारी से किसान अपने पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्नत कृषि से जुड़ सकते हैं। इसके लिए किसान भाइयों को कही जाने की जरूरत नहीं, बल्कि आज सरकार गांव-गांव और किसानों के खेत-खलिहान तक जाने का काम कर रही है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज यहां इमली से लेकर आंवला के लिए प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है। वनोपज से जुड़े ग्रामीणों को प्रोसेसिंग यूनिट के महत्व को समझते हुए इसका लाभ उठाने की जरूरत है।

स्पीकर की कार्यशैली पर भाजपा का आरोप

## दलीय राजनीति से परे संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें स्पीकर : अजय साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सर्वदलीय बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने नेता प्रतिपक्ष की गैरमौजूदगी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना नेता प्रतिपक्ष के सदन का संचालन सुचारू रूप से करना कठिन होता है और इससे आसन को भी असुविधा होती है। उनके इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने स्पीकर के बयान को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि भारत में संसदीय प्रणाली की एक व्यवस्थित संरचना है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष का विशेष संवैधानिक महत्व होता है। स्पीकर की आवाज पूरे सदन की आवाज मानी जाती है और संविधान निमार्ताओं ने इस पद की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की परिकल्पना की थी। श्री साह ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले विधान सभा में जो स्पीकर भाजपा द्वारा नामित नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लेने से चार वर्षों तक बचते रहे, वे अब उसी मुद्दे पर अफसोस जता रहे हैं और सिर्फ-चार वर्ष नहीं, पूरे पांच वर्ष तक इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इनको आज सदन शुरू होने से पहले ही इतनी पीड़ा हो रही है। उन्होंने कैसे इस पीड़ा में चार साल निकाला, यह सोचने का विषय है। श्री साह ने आगे कहा कि रविंद्र नाथ महतो का यह बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि हास्यास्पद भी प्रतीत होता है, क्योंकि वे अपने ही राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित फैसलों के लिए अब भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं।

अजय साह ने कहा कि भाजपा के पास एक मजबूत सरकार और सशक्त विपक्ष दोनों के रूप में काम करने का व्यापक अनुभव है। पार्टी अपने संसदीय दायित्वों को भली-भांति समझती है, लेकिन साथ ही यह भी उम्मीद करती है कि सदन के संरक्षक के रूप में कार्यरत विधानसभा अध्यक्ष दलीय राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्षता बरतें और संसदीय परंपराओं का सम्मान करें।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



शहर में ऐतिहासिक कीनन स्टेडियम के सामने अवस्थित सर दोराब जी टाटा पार्क। इस पार्क में बना थ्री डी डायमंड स्ट्रक्चर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहता है किसी भी दिशा से देखने पर यह एक समान नजर आता है। यह डायमंड स्ट्रक्चर सर दोराब जी टाटा की धर्मपत्नी लेडी मेहर बाई टाटा के स्वामित्व वाले जुबिली डायमंड का प्रतिरुप है। 1924 में जब टाटा स्टील के सामने आर्थिक संकट आया तो लेडी मेहरबाई टाटा ने कंपनी बचाने के लिए अपने इस अजीज जुबिली डायमंड को गिरवी रख कर दोराब जी को धन उपलब्ध कराया था।

# नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाली सोंच के साथ आगे बढ़ें क्षेत्र के युवा : डॉ गौतम सूत्रधार

### अर्का जैन विश्वविद्यालय

- वार्षिक प्रबंधन उत्सव क्रेस्ट 2025 में दिखा नवाचार, उद्यमिता व प्रतिस्पर्धा का अनूठा संगम
- विभिन्न ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं व डीजे इवनिंग के साथ दो दिवसीय उत्सव का हुआ समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कल्पनाओं से परे, संभावनाओं की ओरः इस मंत्र के साथ जमशेदपुर स्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय में वार्षिक व प्रमुख प्रबंध उत्सव क्रेस्ट 2025 का आयोजन किया गया है। इस दो दिवसीय उत्सव ने नवाचार, उद्यमिता और प्रबंधन क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया है। यह विश्वविद्यालय का वार्षिक और प्रमुख प्रबंधन उत्सव है, जिसमें न केवल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रचनात्मकता और नेतृत्व के लिए एक बेहतरीन मंच मिला, बल्कि देशभर के विभिन्न कॉलेजों से प्रतिभाशाली छात्रों को भी शामिल किया गया। पहले दिन जहां अतिथियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। वहीं दूसरी दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गौतम सूत्रधार ने छात्रों से कहा, युवा भारत का भविष्य हैं। हमें केवल अच्छे करियर की दिशा में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि हमें समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भी सोचना चाहिए।



**समापन कार्यक्रम में उपस्थित एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डा प्रो गौतम सूत्रधार, अरका जैन के डा रजी, डा अमित श्रीवास्तव व अन्य।**

**उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा :** क्रेस्ट 2025 का मुख्य प्रायोजक क्लाउडिमल था, जो युवाओं के नेतृत्व में संचालित एक कंपनी है। यह कंपनी ऑनलाइन शिक्षा, कौशल विकास और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण में संलग्न है। इस उत्सव ने छात्रों को न केवल कॉर्पोरेट संस्कृति से अवगत कराया, बल्कि स्टार्टअप और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान किया।

**नवाचार, प्रतिस्पर्धा और आनंद का संगम :** क्रेस्ट 2025 में विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें व्यवसाय रणनीति, विपणन, वित्तीय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता से जुड़े विषयों पर चर्चाएं हुई। इसके अलावा, विभिन्न रोमांचक इवेंट्स का आयोजन हुआ, जिनमें बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, केस स्टडी चैलेंज, इनोवेटिव आइडियाज प्रजेंटेशन और मैनेजमेंट क्विज जैसे इवेंट्स शामिल थे। इन इवेंट्स के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और उन्हें नए दृष्टिकोण को अपनाने का अवसर मिला।

**प्रतियोगिताओं में दिखी प्रतिभा :** उत्सव के दूसरे व अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें स्पर्धा प्रतियोगिता में युवाओं की रचनात्मकता को सामने लाने का प्रयास किया गया। मेलोडिका प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी गायन कला का प्रदर्शन किया। वहीं आइडिया पिच प्रतियोगिता एक आइडिया विकसित करने, उपभोक्ता वर्ग को पहचानने, कोई विज्ञापन अभियान विकसित करने के लिए एक संपूर्ण बातचीत पर आधारित थी। इसके बाद नवीनतम प्रबंधन विचारों और अवधारणा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। शानदार डीजे संध्या के साथ इस वार्षिक प्रबंधन उत्सव का समापन हुआ।

## स्पीड न्यूज

### आज टिनप्लेट काली मंदिर गोलचक्कर पर जैम@स्ट्रीट

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा पावर, जोजोबेरा के सहयोग से जैम@स्ट्रीट कार्यक्रम के तीसरे संस्करण की घोषणा करते हुए उत्साहित है । यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम रविवार, 23 फरवरी 2025 को सुबह 6:30 बजे टिनप्लेट में शुरू होगा। यह कार्यक्रम टिनप्लेट काली मंदिर गोल चक्कर से नीलडीह ट्रैफिक सिग्नल तक फैला होगा। टिनप्लेट क्षेत्र के लोग बैडमिंटन, जुम्बा वर्कआउट और कार्यक्रम में स्वादिष्ट स्वस्थ भोजन जैसी गतिविधियों से भरे दिन के लिए तैयार रहें।

### विधायक ने व्यापारी उद्यमियों से किया संवाद

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक श्रीमती पूर्णिमा साहू ने संवाद कार्यक्रम में पहुंचकर जमशेदपुर में टूरिज्म क्षेत्र में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। कहा कि यहां टूरिज्म क्षेत्र जैसे, डिमना, चांडिल, गालूडीह, दलमा इत्यादि एरिया में इसकी अपार संभावनायें है जिसकी अनदेखी की गई है। अगर इस टूरिज्म क्षेत्र को विकसित कर इसका उपयोग औद्योगिक रूप में किया जाय तो यह रोजगारपरक साबित होंगी। रोजगार के लिये भटक रहे युवाओं को पलायन रूकेगा। इसके लिये उन्होनें चैम्बर के द्वारा रोजगार मेला के आयोजन की बात कही। उन्होंने इन मुद्दे को विधानसभा में उठाकर जल्द इसपर आगे बढ़ने के लिये सरकार को सुझाव देंगी और प्रशासनिक स्तर पर पहल करवाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर की समस्यायें जो चैम्बर सदस्यों के माध्यम से उठाया गया, के समाधान को लेकर चैम्बर सदस्यों के साथ सीधा संवाद किया और इनके समाधान हेतु प्रशासनिक एवं सरकारी स्तर पर प्रयास कर इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। मंच संचालन के साथ मानद महासचिव मानव केडिया ने की। कार्यक्रम में स्मिता पारीख, अरूण अग्रवाल आदि भी थे।

### आज सच्चिदानंद राय की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय 3 फरवरी को जनसंघ कालीन राजनीतिक कार्यकर्ता सच्चिदानंद राय की पुण्य स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन किया है। यह आयोजन रविवार को प्रातः 11 बजे बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर के सभागार में किया जाएगा। इस स्मृति-सह-शोक सभा में कोई दलीय बंधन नहीं है। उन्होंने आग्रह किया कि जिन्होंने भी स्व. राय के साथ कार्य किया है अथवा उनसे जुड़े रहे हैं, वो इस सभा में अवश्य शामिल हों। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि सच्चिदानंद राय जनसंघ कालीन राजनीतिक कार्यकर्ता थे और जनसंघ से लेकर भाजपा तक के अपनी राजनीतिक यात्रा में उन्होंने अनेक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। श्री राय के अनुसार, जमशेदपुर में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो उनसे जुड़े रहे और उनके साथ काम भी किया।

# धातकीडीह गोलीकांड : शिवम् घोष पर फायरिंग मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

### » आपसी वर्चस्व में शिवम को मारी थी गोली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टूपुर के रहने वाले शिवम घोष (22) पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस टीम की ओर से कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया। पूरी घटना का खुलासा सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने किया।

धातकीडीह मेन रोड में घटना 19 फरवरी को दिन के 1.10 बजे घटी थी। शिवम पर फायरिंग कर सभी आरोपी वहां से बाइक से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस बीच घटना में प्रयुक्त हथियार (तीन पीस सेमी ऑटोमेटेड पिस्टल), बाइक, गोली और मोबाइल फोन भी बरामद किया है जबकि हथियार बरामदी के लिए प्रयास कर रही है।



**गिरफ्तार आरोपियों को प्रेस के सामने पेश करते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष।**

**ये हुए गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपियों में कदमा लिंक रोड डिडली इन्कलेव का रहने वाला मनोज विभर, विशाल विभर, कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 2 का सोएब अख्तर उर्फ शिबू, रामजनम नगर काली मंदिर का सोमेश राव, उर्फ एल सोमेश, शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 2 का मो. आशिफ, परवेज खान उर्फ कैश खान और टेल्को प्रेमनगर का सोनू झा उर्फ विकास झा शामिल है।

### 30 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रॉकी आकाश और सरफराज हुए गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** मानगो पुलिस ने 30 पुड़िया बाउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष और ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने संयुक्त रुप से बताया कि तीनों आरोपियों का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है। सभी के खिलाफ पहले से ही कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**ये हुए गिरफ्तार :** गिरफ्तार आरोपियों में सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भालुबासा बजरंगबली मंदिर के पास के पास का रॉकी मुखी, हरिजन बस्ती स्लैग रोड का आकाश मुखी और गरीब नवाज कॉलोनी का मो. सरफराज उर्फ तिल्ली शामिल है।

**छापेमारी टीम में ये थे शामिल :** छापेमारी टीम में डीएसपी वन भोला प्रसाद सिंह, मानगो थानेदार निरंजन कुमार, एसआई महेंद्र कुमार, एएसआई करमू राम, फोरमेसियुस कुजूर, आरक्षी बलराम गोप, राहुल पांडेय, मधुसूदन बानरा आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### पुलिस एसोसिएशन के चुनाव प्रचार के लिए राहुल एवं संतोष की टीम पहुंची जमशेदपुर



**जमशेदपुर।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन जमशेदपुर (महासंघ) की आगामी 28 फरवरी को होनेवाले केंद्रीय पदाधिकारियों के चुनाव प्रचार हेतु प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू अपनी टीम के साथ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रोहित कुमार रजक एवं अशोक कुमार तिवारी, महामंत्री पद के प्रत्याशी संजीव कुमार, संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो एवं राकेश कुमार पांडेय तथा संगठन सचिव प्रत्याशी मंटू कुमार साहू शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। जहां जमशेदपुर जिला, रेल जमशेदपुर , जैप 6 जमशेदपुर, सीटीसी मुसाबनी, आईआरबी 2 मुसाबनी के शाखा पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिनिधियों ने सबों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान राहुल कुमार मुर्मू एवं संतोष कुमार महतो के टीम को जमशेदपुर के वोटरों ने प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू समेत टीम के सभी प्रत्याशियों ने बारी-बारी से बैठक के दौरान अपने विचारों को रखें। कहा कि सभी सदस्यों के मान सम्मान, लंबित मामलों का निष्पादन, सदस्यों के क्वालिटी लाईफ, आधारभूत संरचना आदि पर विशेष फोकस करना टीम की प्राथमिकता है। मैं काम से पहचान बनाने में विश्वास रखता हूं। जमशेदपुर में मैं क्या उदाहरण पेश किया हूं मुझे अपने मुंह से बताना शोभा नहीं देता है। यदि आपका सहयोग मिला तो दोगुने उत्साह से काम करूंगा।

### मंदिर समिति, स्कूल और कॉलेज कमेटी ने सांसद जोबा माझी को समस्याओं से अवगत कराया



**नोवामुंडी।** कोटगढ़ में सांसद जोबा माझी और मनोहरपुर क्षेत्र के विधायक जगत माझी को मां समलेश्वरी मंदिर हातनाबेडा कोर समिति के अध्यक्ष गणेश चंद्र गोप, युवा समिति के चंद्रमोहन गोप,महासचिव सनातन गोप तथा विनीत गोप आदि ने मां समलेश्वरी मंदिर हातनाबेडा की बुनियादी समस्याओं से अवगत किया। मौके पर सांसद श्रीमती माझी को ज्ञापन सौंपा। सांसद व विधायक किरीबुरू में स्थित वन में बसाये गये वन ग्राम मिर्चीगढ़ा एक कार्यक्रम में जाते समय कोटगढ़ में ठहरे थे। ज्ञापन में मां समलेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार कराने तथा कोटगढ में मंदिर का मुख्य तोरण द्वार निर्माण करवाने की मांग रखी। वहीं, इंटर महाविद्यालय जगन्नाथपुर के प्रबंध समिति, सीताराम रूंगटा सरस्वती शिशु मंदिर कोटगढ़ तथा उच्च विद्यालय कोटगढ के विद्यालय प्रबंधन समिति /शासी निकाय के पदधारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सांसद जोबा माझी से अपनी अपनी विद्यालय व महाविद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराते हुये इनके समाधान करने की माँगें की गयी। ज्ञापन में टाटा स्टील प्रबंधन से देय वार्षिक अनुदान को नियमित रखवाने की माँग शामिल हैं। साथ ही,डीएमएफटी फंड से विद्यालय भवन का निर्माण करवाने की माँग की गयी। सांसद जोबा माझी ने मंदिर समिति और विद्यालय प्रबंधन समिति के ज्ञापन को गंभीरता से लिया और इन समस्याओं के समाधान की दिशा में हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिये।

### सांसद को टाटा से बलिया रोज ट्रेन का मांग पत्र



**जमशेदपुर।** शनिवार को महर्षि भृगु क्षेत्र जमशेदपुर के अध्यक्ष आदरणीय बिनोद सिंह के नेतृत्व में टाटा से बलिया सीधी ट्रैन की मांग पत्र जमशेदपुर के लोकप्रिय सांसद श्री विद्युतवरण महतो के बिस्टुपुर कार्यालय में मिलकर दिया गया। ज्ञात हो कि आजादी से पूर्व से लेकर आज तक कोल्हान के साथ साथ देश के विकास में बलिया जिला वासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मगर आज तक इतना विकास होने के बावजूद टाटा से बलिया के लिये कोई सीधी ट्रेन नही है। जिसकी वजह से लोगों को ब्रेक जर्नी करके जाना पड़ता है जिसमें समय के साथ साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। इश्थाकी जानकारी मिलने के बाद सांसद महोदय ने इस मांग को गम्भीरता से लेते त्वरित कार्रवाई करवाने का अस्वासन दिया। इस मांग से बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश के लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। महर्षि भृगु क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में मुन्ना चौबे, बरमेश्वर पांडेय, देवेंद्र पांडेय, हेमन्त तिवारी, विजय शंकर, दिनेश सिंह के साथ साथ पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह शामिल थे।

### वैश्य समाज ने रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर जश्न मनाया : श्रीकांत देव



**जमशेदपुर।** दिल्ली प्रदेश में भाजपा की कुशल, कर्मठ व निष्ठावान नेत्री सह वैश्य समाज की महिला नेत्री रेखा गुप्ता जी को मुख्यमंत्री पद की कमान दिए जाने के पश्चात वैश्य समाज ने हर्षोल्लास मनाया है तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट कर लड्डू वितरित किये। आज एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड के पूर्व प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव ने बताया कि श्रीमती रेखा गुप्ता जी अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन दिल्ली महिला इकाई के चेयरपर्सन पद पर सुशोभित हैं। मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के बाद आज अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ एवं संस्था के नाम वर्णित अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## को-ऑपरेटिव कॉलेज में मातृभाषा दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर के हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक बहुभाषी कवि सम्मेलन किया। इसके मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष डॉ अमर सिंह, प्राचार्य, वक्ता अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ संजय यादव, अतिथि कवियों में अहमद बद्र, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, उर्दू विभाग, करीम सिटी कॉलेज, डॉ बसुधरा रॉय, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, करीम सिटी कॉलेज, डॉ लता मानकर प्रियदर्शनी, प्राचार्य, एस एस अकादमी एवं गणेश चंद्र मुर्मू, अध्यक्ष, आदिवासी सामाजिक-शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संघ, घाटशिला मौजूद थे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य ने स्मृति चिह्न से कर अतिथियों का सम्मान किया।

## शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा दे रहा है टाटा स्टील फाउंडेशन

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विशेष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सुकिंदा/ जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गत 21 फरवरी को, टाटा स्टील फाउंडेशन ने शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया। टाटा स्टील के सुकिंदा क्रोमाइट माइन कैंपस स्थित सबल केंद्र में स्थानीय शिक्षकों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में भाषाई विविधता के संरक्षण और समावेशी शिक्षा प्रणाली के महत्व पर गहन चर्चा हुई। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उनकी मातृभाषा में सीखने का अवसर देना और बहुभाषी शिक्षा के जरिए समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।



इस सत्र में स्थानीय क्षेत्र के करीब 30 स्कूल शिक्षक, जिनमें कालियापानी, रंसोल, कंसा और चिंगुदीपाल पंचायतों के शिक्षक शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कक्षा शिक्षण में बहुभाषावाद को प्रभावी रूप से लागू करने पर विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों और शिक्षकों ने साझा किया कि कैसे बहुभाषी शिक्षा न केवल छात्रों की सीखने की क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूत करती है।

## चाईबासा में कांग्रेस की कोल्हान स्तरीय संगठनात्मक बैठक संपन्न

- पूर्वी सिंहभूम के प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के कार्य की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

चारईबासा/जमशेदपुर। कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस संगठनात्मक बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर चाईबासा कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के. राजू , विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सी एल पी लीडर प्रदीप यादव, उप सी एल पी लीडर राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, विधायक सोनाराम सिंकू सहित नेतागण शामिल हुए।



## परम पिता परमेश्वर की अद्भुत रचना है स्त्री : सिस्टर अराधना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मैनुएल बैप्टिस्ट चर्च के शताब्दी वर्ष के मद्देनजर तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सह आत्मिक जागृति सभा इमैनुएल महोत्सव का दूसरा दिन बहुत ही आत्मीकता के साथ मनाया गया। इस शताब्दी वर्ष महिला सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत सुबह 9:00 बजे हुई जो दोपहर 1:30 तक चला, जिसमें झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं बिहार के मसीही महिलाओं ने सैकड़ों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महिला सम्मेलन में कार्यक्रम की अध्यक्षता इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च की महिला समिति की बहन निरुपा लाल ने किया। चर्च के आराधना दल ने सुंदर मसीही गीतों के द्वारा महिला सम्मेलन को ईश्वरमय कर दिया।

## श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति हैं : आचार्य राजेंद्र जी महाराज

- श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु
- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू सपरिवार व्यास पीठ का किया पूजन
- 5 सदस्यीय संगीत मंडली ने मनमोहक भजन की दी प्रस्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को संगीतमय श्रीराम कथा का शंख मैदान में शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू सपरिवार, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी व अन्य ने कथा व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया। पूजन पश्चात श्रीधाम वृंदावन से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज, संगीत मंडली एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया।





**श्री रामायण और व्यास पीठ का पूजन करती श्रीमती रुक्मिणी दास, उनके पति पूर्व सीएम रघुवर दास और पोती अराध्या।**

स्वागत के पश्चात कथा वाचक आचार्य राजेंद्र महाराज ने श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा का वर्णन किया। कथा में 5 सदस्यीय संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। मर्मज्ञ कथा वाचक राजेंद्र जी महाराज ने श्रीराम कथा महिमा एवं गुरु महिमा की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा में श्रद्धालुओं का जबरदस्त हुजूम देखने को मिला। पूरे कथा के दौरान भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते और आनंदित नजर आए। श्रीराम कथा के दौरान मंच का संचालन सूर्य मंदिर समिति के वरीय सदस्य राकेश सिंह ने किया। कथा विश्राम के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और श्री राम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। इसकी महिमा जितनी कही जाए, कम ही है। श्रीराम की भक्ति मन, वचन और कर्म की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है।

## स्पीड न्यूज

### दो मनचलों ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों पर किया हमला

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के राजकीय सोन वैली उवि जपला सीमेंट फैक्ट्री परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में तैनात पुलिस जवान पर दो मनचलों ने चोरी की नियत से दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। देवरी ओपी थाना में तैनात आरक्षी संख्या 112 शैलेश रवि ने देवरी ओपी में मामला दर्ज कराया है। पुलिस दोनों युवकों को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दी। शैलेश ने कहा कि 20 फरवरी को मैट्रिक विज्ञान की परीक्षा में सहायक अधिकारी प्रवीण विलुंग, आरक्षी 563 लाडले हसन के साथ स्कूल के मुख्य द्वार पर ड्यूटी में था। जहां रोहित और दीपक नकल कराने की नियत से शर्मा गेस लेकर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। मना करने पर दोनों भद्दी गाली देने लगे। फिर बांस के डंडे से हमला कर दिया।

### डीएवी स्कूल में लीगल लिट्रेशी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन आज



**मेदिनीनगर।** डी ए वी पब्लिक स्कूल में 23 फरवरी को लीगल लिट्रेशी क्लब का उद्घाटन ऑनलाइन किया जायेगा। क्लब गठन को लेकर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने एम के डीएवी जाकर स्कूल के प्रिंसिपल व अध्यापक से जानकारी ली। बताया कि 23 को राज्य के सभी 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लिट्रेशी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति करेंगे।

### पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्य ने मरीज को उपलब्ध कराया रक्त



**मेदिनीनगर।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्य ने एक मरीज को रक्त उपलब्ध कराकर उसकी जान बचायी। पांकी थाना क्षेत्र के सगालिम निवासी मुन्ना भुइयां के डेढ़ वर्ष का बेटा पीयूष थैलीसीमिया रोग से ग्रसित है। उसका पिता मुन्ना भुइयां कुली है। पीयूष 19 फरवरी से सदर अस्पताल में भर्ती है। मरीज को रक्त नहीं बन रहा था डाक्टर ने उसे ब्लड चढ़ाने को कहा। मरीज के पिता के आग्रह पर एसपी ने पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्यों से रक्त दिलवाया।

### लोक अदालत में 287 मामले निपटाये

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश व पलामू के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव के अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में एन आई एक्ट, मेट्रोमोनियल स्पेशल लोक अदालत व मासिक लोक अदालत लगी। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 287 मामले निपटाये गये। वहीं 52 लाख 74 हजार 243 रुपये का मामला सेटल हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि कोर्ट में लंबित 287 मामले निपटाये गये।

### दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी रामेश्वर सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा पोक्सो एक्ट की धारा 4 व 376( 1) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है । वहीं 25 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है ।अर्थदंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही 363 भादवि में पांच वर्ष की सजा व 15 हजार रुपए अर्थदंड लगा है ।अर्थदंड की राशि नही देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### राम जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण रामचरित मानस यज्ञ 38 वां अधिवेशन के तीसरे दिन रात्रि में जनकपुर मिथिला धाम दरभंगा के श्री बाबा बैजनाथ ने राम जयंती पर प्रवचन किये। इस दौरा आदर्श रामलीला मंडली ने राम जयंती पर नाटक का मंचन किया। यज्ञ में राम के जन्म पर श्रद्धालु झूम उठे। मौके पर बाबा बैजनाथ ने कहा कि अयोध्या के राजा दशरथ की तीन पत्नियाँ थीं – कौशल्या, कैकेयी, और सुमित्रा। राजा दशरथ को कोई पुत्र नहीं था, और वे अपने उत्तराधिकारी के बारे में चिंतित थे। एक दिन, राजा दशरथ ने ऋषि वशिष्ठ से परामर्श किया, जिन्होंने उन्हें पुत्रेष्टि यज्ञ करने की सलाह दी। यज्ञ के दौरान, अग्नि देवता ने एक पात्र में प्रसाद दिया, जिसे राजा दशरथ की तीनों पत्नियों ने खाया। कुछ समय बाद, कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया, कैकेयी ने भरत को जन्म दिया, और सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया। भगवान राम का जन्म अयोध्या में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था, जिसे राम नवमी के रूप में मनाया जाता है। भगवान राम के जन्म के साथ ही, अयोध्या में खुशी और उत्सव का माहौल बन गया था, पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा।

### जैक अध्यक्ष को ज्ञापन देने जाते समय परिषद कार्यकर्ता पर हमला निंदनीय

**मेदिनीनगर (अजीत कुमार दूबे)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि झारखंड बोर्ड दसवीं की परीक्षा में हिंदी व विज्ञान के पेपर लीक मामले को अभाविप निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई के लिए जैक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विरोधी सरकार के इशारे पर अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज कर गिरफ्तार करना प्रशासन की विफलता को उजागर करता है। ज्ञात हो कि परिषद कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से विद्यार्थियों के मुद्दे को लेकर जैक अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने गए थे लेकिन प्रशासन सरकार के इशारे पर छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। यह घटना निंदनीय है। इधर अभाविप झारखंड के प्रदेश छात्रावास प्रमुख राम शंकर पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार का कोई भी परीक्षा सफलतापूर्वक नहीं कर पाना एक निंदनीय विषय है जिससे विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं करती है तो विद्यार्थी परिषद बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। मौके पर राहुल चेरो, राजन कश्यप, कौशल सिंह, शैलेश सिंह, दीक्षा कुमारी, नीतीश दुबे, चंदन रजक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार के प्रति जवाबदेह बने प्रशासन : विष्णुदयाल राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पुलिस लाइन एवं बस स्टैंड शहर से बाहर शिफ्ट करने की हो पहल : राधाकृष्ण किशोर
- दिशा की बैठक में विभिन्न योजनाओं व कार्यों की प्रगति की समीक्षा
- सांसद की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक पलामू सांसद सह दिशा के अध्यक्ष विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रशासन सरकार के प्रति जवाबदेह बनें, ताकि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिले।



बैठक में मौजूद सांसद, मंत्री, विधायक व अन्य।

बैठक की शुरुआत में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन के साथ-साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों एवं गतिविधियों में अबतक के प्रगति की गहनता से समीक्षा की गई। दिशा की बैठक में समीक्षा के दौरान वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अधिकारियों को निदेश दिया कि सरकारी योजना को समयबद्धता और प्रारदर्शी तरीके से निष्पादन किया जाए, ताकि पलामू वासियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

**पलामू को यातायात जिला घोषित करने का है प्रस्ताव :** बैठक में यातायात विभाग ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु बिना हेलमेट वाहन चलाने, ट्रिपल लोडिंग, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने आदि को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पकड़े गये वाहनों का त्वरित चालान निर्गत कर दंड वसूलने की मांग उठी, ताकि लोगों को परेशान नहीं होना पड़े। इसपर ई-पॉश मशीन खरीद का निर्णय लिया गया, ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से त्वरित दंड वसूली जा सके। एसपी ने बताया कि डालटनगंज, छतरपुर एवं हुसैनाबाद में यातायात थाना और पलामू को यातायात जिला घोषित किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। यातायात जिला घोषित होने से महानगरों की तरह यहां भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तुरंत चालन उपलब्ध कराकर और उनसे दंड की राशि संग्रह की जायेगी।

**बीज-खाद की कालाबाजारी पर लगायें रोक :** कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी को बीज एवं खाद की कालाबाजारी सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया गया।

**अवैध माइनिंग-परिवहन पर होगी कार्रवाई :** जिले में अवैध माइनिंग एवं परिवहन पर कार्रवाई तेज की जायेगी। रोड की कैपिसिटी के अनुसार ओवरलोडिंग की भी जांच होगी। रोड की भार सहने की क्षमता से अधिक लोडिंग कर हाईवा द्वारा परिचालन किये जाने की शिकायत मिलती है।

**मुसहर परिवार को बसाने की होगी पहल :** मंत्री ने मुरूमातु गांव से विस्थापित मुसहर परिवार को बसाने की बातें कही। इसपर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को मुसहर परिवार के सदस्यों से बात कर उनकी समस्याओं को जानने एवं उन्हें बसाने की दिशा में ठोस पहल करने का भरोसा दिया।

**बालू उठाव के लिए कैटेगरी वन के 73 घाट हैं चालू :** बालू उठाव को लेकर जिले के कैटेगरी वन के 73 बालू घाट से बालू की उठाव चालू है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया के साथ बैठक कर चालान के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

**ये भी रहे उपस्थित :** बैठक में सांसद-सह दिशा के अध्यक्ष विष्णु दयाल राम, वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता, हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा का विधायक ने किया उद्घाटन

# धार्मिक आयोजनों से इलाके में आती है सुख समृद्धि : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड क्षेत्र के रतनपुर पंचायत के बैरियाडीह टोला स्थित देवी मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। शनिवार को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू हो गया। कलश यात्रा का उद्घाटन पाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने किया। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से इलाके में सुख समृद्धि और खुशहाली आती है। महायज्ञ के दौरान जो हवन होती है उससे निकलने वालें धुआं से पर्यावरण भी शुद्ध होता है। विधायक ने कहा कि महायज्ञ में कलश यात्रा के माध्यम से लोगों को जल संचयन के प्रति भी संदेश दिया जाता है कि जिस तरह हम सभी नदियों से कलश में जल भरकर महायज्ञ के मंडप कलश को स्थापित कर पूजन किया जाता है। ऐसे में हम सभी लोगों को जल संचयन के प्रति सजग व संवेदनशील बनना चाहिए।



कलश यात्रा के दौरान जयकारा लगाते पांकी विधायक।

**मुख्य बातें :** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों में आपसी एकता व भाईचारगी का भी वातावरण बनता है। सभी जाति के लोग एक साथ बैठकर महायज्ञ में भाग लेते और विद्वानों का प्रवचन भी सुनते हैं। इसमें कोई जात पात नहीं देखा जाता है। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमन नारायण नारायण, जय जय श्रीराम आदि जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था। बताया गया कि महायज्ञ की पूर्णाहूति 28 फरवरी को होगा। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मंटू शर्मा, रिमा शर्मा, पंडित रविंद्र पांडेय, पंकज यादव सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल थे।

# महाशिवरात्रि को लेकर हरिहरगंज थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने की तथा संचालन थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने की। बैठक में शांति और भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि पूजा मनाने को लेकर चर्चा की गई। जबकि जुलूस एवं झांकी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी भाईचारा और एकता की निशानी है। साथ ही उन्होंने महाशिवरात्रि का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की लोगों से अपील की। मालूम हो कि वर्षों से परंपरागत महाशिवरात्रि के दिन सीमावर्ती बिहार के पिपरा बगाही गांव स्थित शिवालय से बारात चलकर हरिहरगंज होते हुए महाराजगंज ठाकुरबाड़ी पहुंचती है। इसमें दोनों राज्य के हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों से सड़क पर हेलमेट लगाकर बाइक चलाने तथा आस पास के लोगों को लोगों को हेलमेट लगाकर चलने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। मौके पर एम ओ ब्रजेश कुमार, नगर प्रबंधक निजामुद्दीन अंसारी, कुटुंबा थाना के एसआई कुंदन कुमार, एएसआई महेंद्र पासवान, अरविंद पासवान, अजय सिंह, मुस्लिम अंसारी, महादेव यादव, विजय यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, उमेश साव, अशोक जायसवाल आदि थे।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

## नवीं के विद्यार्थी को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, 12 वर्षीय बच्चे की हुई मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मामला झारखण्ड-बिहार सीमा अंतर्गत दंगवार बस स्टैंड के समीप का
- आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला -बारुण मुख्य पथ किया जाम

**हुसैनाबाद पलामू।** इन दिनों पलामू जिले सड़क की दुर्घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अभी शुक्रवार को पिपरा प्रखण्ड में एक तेज हाइवा ने परीक्षा देकर लौट रहे भाई बहन को कुचल डाला, तो दूसरी तरह शनिवार को दोपहर में हुसैनाबाद अंचल थाना क्षेत्र व झारखण्ड बिहार सीमा अंतर्गत दंगवार ओपी के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने 9वीं के12 वर्षीय विद्यार्थी को रौंद दिया। इस घटना में बच्चे की सिर क्षतिग्रस्त होने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, मृतक रिंकू विश्वकर्मा के पुत्र दीपू विश्वकर्मा (12) बताया जा रहा है, जो राजकीयकृत अपग्रेड उच्च विद्यालय में पढ़ता था जो 9वीं का विद्यार्थी हैं, जो स्कूल से निकल कर साइकिल से घर की ओर जा रहा था तभी उसी दिशा में जा रही ट्रक ने रौंद दिया। इससे बच्चे की मौत हो गयी।



## विश्रामपुर : सड़क चौड़ीकरण निर्माण में घोर अनियमितता बरत रहा शिवालया कंस्ट्रक्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सुरक्षा का नहीं रखा जा रहा ख्याल लोगों ने रुकवाया निर्माण कार्य

**विश्रामपुर (पलामू)।** शिवालया कंट्रक्शन द्वा शंखा से लगमा तक (रेहला-गढ़वा) सड़क का चौड़ीकरण कार्य करवा रहा है जिसमें भारी अनियमितता है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। यातायात के लिये बीच में सड़क को छोड़कर चौड़ीकरण के लिये दोनों तरफ एक ही साथ गड्ढा खुदवा दिया गया जिसके कारण आये दिन दुर्घटना घट रही है। अब तक दर्जनों लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो चुके हैं जिससे लोगों में शिवालया कंट्रक्शन के खिलाफ रोष व्याप्त है। शिवालया कंट्रक्शन के मनमानी के विरोध में अब आम लोग गोलबंद होने लगे हैं। इसी मामले को लेकर शनिवार को बी मोड़ चौक पर स्थानीय लोगों की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता वरीय समाजसेवी गोपाल राम ने ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि व्यापक स्तर पर बरती जा अनियमितता की लिखित शिकायत संबंधित विभाग के आलाधिकारियों से की जायेगी।



### रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम उताकी में संत शिरोमणि रविदास की जयंती के उपलक्ष में अंबेडकर–बिरसा संघ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। मौके पर जिप सदस्य जयशंकर सिंह (संग्राम सिंह) शामिल हुए। मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। श्री सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि इससे भाईचारा व एकता बढ़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों को रविदास के विचारों व आदर्शों को अपनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। मौके पर पारसनाथ मेहता, पूर्व मुखिया इंदल मेहता, मधुकांत रवि, सुरेश राम, अनिल राम, संतोष राम, भरदूल राम उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी के तहत पोषण ट्रैक्टर अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल एवं पोषण ट्रैक्टर के अन्य बिंदुओं पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना डालटनगंज के ग्रामीण एवं शहरी के सेविकाओं को प्रशिक्षण के दौरान कई जानकारी दी गयी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने सभी प्रशिक्षणार्थी आंगनबाड़ी सेविकाओं को फरवरी एवं मार्च माह का T.H.R वितरण फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल एवं ओटीपी सत्यापन के माध्यम से पूर्ण करने की बातें कही। प्रशिक्षण में डालटनगंज ग्रामीण एवं डालटनगंज शहरी की सेविकाएं उपस्थित थीं।

## पथरा शिव मंदिर में निकले नाग

**गौतम पटेल**

- दर्शन करने को लेकर श्रद्धालुओं का लगा तांता
- ग्रामीणों ने महाशिवरात्रि पर यह दृश्य दैविक मान रहे हैं

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा पंचायत सचिवालय के समीप श्री पार्देश्वर महादेव शिव मंदिर में अचानक शनिवार को साम के समय शिवलिंग में एक नागफनि सर्प निकला, जिसके बाद यह बात आग की तरह फैल गयी। देखते देखते हजारों श्रद्धालु मंदिर की ओर नाग देवता के दर्शन को उमड़ पड़े। ग्रामीण इस दृश्य को देख खुद को सौभाग्यशाली समझने लगे। लोगों का मानना है कि महाशिवरात्रि के समय भगवान भोलेनाथ के गले का सिंगार नाग देवता का मंदिर में साक्षात दर्शन देना शुभ संकेत है। राजद नेता जाकिर आली उर्फ राज अली व मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि हम पथरा वासी के लिए यह शुभ संकेत है। वहीं महाशिवरात्रि में आसमान से वर्षा और नाग देवता का आना यह दैविक संयोग हैं।



## कुंभ स्नान कर लौट रहे व्यवसायी की प्रयागराज में हुई मौत

**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरघाट टोला निवासी व्यवसायी बिहारी प्रसाद की शुक्रवार को प्रयागराज में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वे अपने परिजनों के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज गये थे। स्नान के बाद वापस लौटने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे। रास्ता में उन्हें बेचैनी व सांस लेने में परेशानी हुई। परिजन तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही मुहल्ले में शोक छा गया।

## मुआवजा के भरोसे के बाद हटा सड़क जाम, आवागमन बहाल



**राजेश प्रसाद**

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को पिपरा -देवगन - दुबटिया सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया। व्यवसायियों ने अपनी दुकान व प्रतिष्ठानों को बंद रखा। आंदोलन कर रहे लोग मृतक के परिजन को 20 लाख मुआवजा तथा माइंस संचालकों से पांच हजार रुपये प्रतिमाह क्षतिपूर्ति राशि देने, घायल युवती को समुचित इलाज कराने, जर्जर सड़क का निर्माण करने सहित बड़े वाहनों का परिचालन बंद रखने की मांग कर रहे थे।

### बिश्रामपुर में खुला न्यू श्रृंगार एंड जेनरल स्टोर आरसीयू के कुलाधिपति ने किया उद्घाटन




**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर में न्यू श्रृंगार एंड जेनरल स्टोर का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शनिवार को फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार सभी लोगों को नौकरी नहीं दे सकती इसलिए युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ना चाहिए ताकि वे स्वावलंबी बन सकें। अत्याधुनिक श्रृंगार व जेनरल सामग्रियों से लैस दुकान का खुलना बिश्रामपुर के विकास का सकारात्मक पहलू है। मौके पर रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, भाजपा नेता दामोदर यादव, विजय रवि, बबन राम, संतोष कुमार,मजबूदीन अंसारी, देवनाथ यादव, रजनीश चंद्रवंशी, प्रो अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# गायत्री महायज्ञ में देव आह्वान के साथ 24 कुंडों का किया गया पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** 20 फरवरी से आयोजित ट्रेनिंग कॉलेज सतबरवा के मैदान में नारी सशक्तिकरण सह शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन विधि विधान से देव आह्वान के साथ 24 कुंडों का पूजन किया गया। हरिद्वार से आये टोली के विद्वानों के द्वारा विभिन्न देव दंपतियों के द्वारा पूजा अर्चना करवाया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भक्तों ने हवन पूजन किया। रात्रि में प्रवचन के दौरान हरिद्वार से आए टोली नायक राम रतन मूल जी ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए गुरु का होना आवश्यक है। पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री राम शर्मा जी ने मानवता के कल्याण के लिए गायत्री परिवार की स्थापना की।उन्होंने तात्कालिक समय के जाति वर्ग भेद को दूर कर समाज को जोड़ने का प्रयास किया।आज चारों ओर भिन्न-भिन्न पंथों संप्रदाय और धर्म की क्रांति चल रही है। सभी लोग दूसरे से अपने को श्रेष्ठ बताने में लगे हैं लेकिन आज लोगों को समग्ररूप से विचार क्रांति की आवश्यकता है। टोली में आये संगीतज्ञ श्री गुण सागर राणा जी ने अपने प्रज्ञा भजनों के द्वारा वातावरण को आध्यात्मिक बनाया तबला वादक दिलीप कुमार भृगु एवं सहायक दुर्गा प्रसाद हरिश्चंद्र जी ने भी पूरा सहयोग किया।



व्यास मंच पर विराजमान कथावाचक व उपस्थित श्रद्धालु।

**प्रमुख बातें**

मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम 23 फरवरी तक चलेगा जिसमें प्रातः कालीन हवन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के संस्कारों को कराया जाएगा। जिसमें अन्नप्राशन दीक्षा एवं विद्या आरंभ संस्कार शामिल है। रात्रि में भव्य दीप यज्ञ का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय कुमार, विनोद चौधरी, सुभाष प्रसाद, सतनारायण मेहता, कमलेश प्रसाद, अकलू बाबा, नीरज कुमार, अरुण प्रसाद, ओमकार ठाकुर, कंचन देवी, रामशिला देवी, सुशीला गुप्ता, उषा देवी, संध्या देवी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# कृषक मित्रों को 15 माह से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

- 53 कृषक मित्रों को पिछले अप्रैल 2024 से आज तक लगभग पंद्रह माह से प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत 53 कृषक मित्रों को पिछले अप्रैल 2024 से आज तक लगभग पंद्रह माह से प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं किया गया है। कृषक मित्रों ने इस मामले को लेकर काफी नाराजगी जताया है। पलामू जिला कृषक मित्र जिला अध्यक्ष बिनोद बैठा, कृषक मित्र जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि पंद्रह माह का प्रोत्साहित राशि भुगतान नहीं होने के बाद भी हम सभी पलामू जिला कृषक मित्रों ने अनवरत कार्य जारी रखें है पर सरकार की नजर हम सभी पलामू जिला कृषक मित्रों पर नहीं है। हम सभी बार बार मांग करने पर बताया जाता है कि अभी एलॉटमेंट नहीं है एलाटमेंट आने पर भुगतान किया जायेगा। पलामू जिला कृषक मित्र जिला अध्यक्ष बिनोद बैठा ने कहा कि अगर हमारी नहीं मांग नहीं सुनी गयी, तो हम आंदोलन करेंगे।



बिनोद बैठा व राजेन्द्र यादव।

## एसडीओ ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया विदा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर तेनुघाट से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बारे में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि उपायुक्त महोदय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर कस्तूरबा विद्यालय में अभी नमांकन का प्रक्रिया प्रारंभ है।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी भीषण आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मझिगवां गांव में शनिवार की दोपहर एक घर में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। यह आग उक्त गांव निवासी विलास रजवार के पुत्र विश्वनाथ रजवार पिता विलास रजवार के खपरैल घर में बताया गया।

जानकारी के अनुसार बताया गया है कि घर पर कोई नहीं था बिजली शॉर्ट सर्किट लगने से घर में आग पकड़ लिया। इसके बाद धुआं देख ग्रामीणों ने शोरगुल करने लगे और ग्रामीणों ने मिलजुल कर आग पर काबू पाया।

नहीं तो और घरों में आग लगने की संभावना बन गई थी। वहीं उक्त खपरैल मकान में मोटरसाइकिल, खाने पीने की सामग्री कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि लाखों रुपए कि नुकसान हुआ है। बिकिनी देवी ने बताया कि मेरा घर जलकर राख हो गया जिससे लाखों रुपए की नुकसान पहुंचा है। पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। उन्होंने मदद के लिए जनता प्रतिनिधि से गुहार लगाई है।



आग बुझाते ग्रामीण

## दो पक्षों के बीच मारपीट, शिकायत दर्ज

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र स्थित जारंगडीह रोड सेल में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में नाजिर हुसैन को गम्भीर चोटे आ गई। जिसका इलाज डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल में करवाया गया। घटना की लिखित शिकायत नाजिर हुसैन एवं मंजूर हुसैन दोनो पक्षों की ओर से बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया गया है।


### शपथ पत्र

नोटरी पब्लिक, लोहरदगा

मैं, इंजरकन खलखो पिता मेझरेन खलखो निवासी जी.ई.एल. मिशन कम्पाउण्ड मधुवन टोली लोहरदगा थाना एवं जिला लोहरदगा एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।

2 यह कि आधार कार्ड सं0 2719 2438 8586 है जिसमें मेरा नाम ENJARKAN KHALKHO दर्ज है जो सही है।

3. यह कि मेरे नाम से ड्राइविंग लाइसेंस बना है जिसका लाइसेंस नं० JH0819990004806 है जिसमें मेरा नाम ESNJRAS KHALKHO दर्ज है जो गलत है।

4. यह कि उक्त लाइसेंस में ESNJRAS KHALKHO के स्थान पर मेरा सही नाम ENJARKAN KHALKHO सुधार किया जाए इस निमित यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।

5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 22.02.2025 ई0 को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया ।

Serial No:209358



### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके खुलने की नियत तिथि 12.03.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार है: **1. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-131,** एसएसई/सिग/टाटानगर के अधीन शाखा में विविध सिग्नलिंग कार्य। **निविदा लागत:** रु.97,08,597.26, **बयाना राशि:** रु. 1,94,200/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-132,** चक्रधरपुर मंडल के तहत एलवीसीडी के ड्यूएल डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.81,66,280.10, **बयाना राशि:** रु. 1,63,300/- **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 हेतु 12 माह और क्रम सं. 2 हेतु 09 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र नि:शुल्क जारी किया जाएगा।

(PR-1157)


# रोटरी का मूल मंत्र स्वयं से पहले सेवा : प्रवीण राजगढ़िया

### 23 को रोटरी इन्टरनेशनल की स्थापना के 120 वर्ष होंगे पुरे, पुरे सप्ताह विश्व भर में होंगे विशेष सेवा कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी इन्टरनेशनल की स्थापना के 120 वर्ष 23 फरवरी को पुरे होंगे। किसी संस्था के लिए मानव सेवा के 120 वर्ष के गौरव पूर्ण इतिहास का होना गौरव की बात है। पुरे विश्व में रोटरी ही एक मात्र ऐसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जिसने सेवा के शानदार 120 वर्ष पुरे किये है। रोटरी क्लब संसार भर में सेवा करने वाले क्लब हैं। यह धर्म निरपेक्ष (सेक्युलर) संगठन है जो बिना जाति, लिंग, वर्ण या राजनैतिक विचारधारा के भेदभाव के बिना सबको सदस्य बनाती है। उक्त जानकारी देते हुए रोटरी रांची, रोटरी डिस्टिक 3250 के रोटेरियन प्रवीन राजगढ़िया ने बताया कि इस सप्ताह 120 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में पुरे विश्व में रोटरी विशेष कार्यकर्म आयोजित करेगी। स्वयं से पहले सेवा ही रोटरी का मूल मंत्र है। सन 1905 में पॉल हैरिस जो पेशे से वकील थे ने अमेरिका के शिकागो मे रोटरी की स्थापना की थी। रोटरी दुनिया का सबसे पहला सेवा संगठन बना। रोट?री का वास्ता सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति है।



रोटेरियन परवीन राजगढ़िया

रोटरी इन्टरनेशनल विश्व के दो सौ दस देशों में 36000 से अधिक क्लब एवं लगभग पंद्रह लाख सदस्यों के माध्यम से मानव सेवा के लिये निरन्तर प्रयत्नशील है। जिसमे कि भारत के 3264 क्लबो के 1 लाख 41 हजार 92 सदस्य है। मैत्री एवं सेवा ही रोटरी का मुख्य उद्देश्य है। यह रोटरी इन्टरनेशनल के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि पोलियो जैसी बीमारी विश्व से खत्म हुई। रोटरी क्लब सदैव सामाजिक कार्य करता आ रहा है। मगर पोलियो के लिए किए गए कार्यों ने रोटरी को अलग पहचान दिलवाई। वहीं रोटरी डिस्टिक 3250 के गवर्नर विपिन चाचाण ने कहा की रोटरी क्लब ने नये आंदोलन के रुप में पूर्ण साक्षरता का संकल्प लिया है। रोटरी इंटरनेशनल ने इस वर्ष मुख्य रूप से छह फील्ड पर अपना ध्यान फोकस किया है। लिटरेसी, पीस एंड कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन, कम्युनिटी डवलपमेंट, मदर एंड चाइल्ड केयर, टीचिंग और सेनिटाइजेशन हमारे नए फोकश एरिया है। अब रोटरी का लक्ष्य साक्षरता अभियान है। लड़कियों और महिलाओं को साफ-सफाई के बारे में अवेयर करने के लिए भी रोटरी काम करता है। ताकि कई प्रकार की बीमारियों से इन्हें बचाया जा सके। एक ही शहर में कई कई रोटरी क्लब की इकाई होती है जिनमे आपस में ही ज्यादा से ज्यादा सामाजिक कार्यो की होड़ होती है। रोटरी का सांगठनिक ताना बाना इतना बेहतर बुना गया है कि सदस्यों में बेहतर लीडरशीप स्वतः आती चलती है।किसी भी पदेन पधाधिकारी का कार्यकाल सिर्फ एक वर्ष का ही होता है एवं इनका चुनाव तीन वर्ष पूर्व ही हो जाता है जिससे की वो अपने कार्यकाल की रणनीति तय कर सकें। पुरे संगठन में एवं एक जुलाई से तीस जून यह तय सीमा ही होती है, किसी के भी कार्यकाल की। फलतः सभी में एक जूनून सा होता है ज्यादा से ज्यादा सामजिक कार्यों का। लोगों की मदद करने के लिए रोटेरियन सदैव तत्पर रहते है। रोटरी के विभिन्न विंग इंटरेक्टर, रोटरेक्टर, आरसीसी आदि शामिल हैं।

**उन्होंने कहा कि रोटरी इन्टरनेशनल की बदौलत :** पोलियो मुक्त भारत का असंभव सा सपना सच हुआ है। रोटरी परिवार के लाखो लोग एक असंभव से सपने को दिन रात जीने लगे और आज पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नाइजीरिया को छोड़ पूरी दुनिया पोलियो मुक्त है। शेष बचे तीन देशों को भी मानव मन जल्द ही जीत लेगा।

## प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य कलश सह शोभा यात्रा



कलश यात्रा में श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत के पाठक मोहल्ला में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ माथे पर कलश लिए सिंदुरिया स्थित दुल्हर नदी तट पर पहुंचे जहां यज्ञाचार्य पंडित के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुल्हर नदी से कलश में जल भरकर श्रद्धालु टाउनशिप मुख्य पथ, बैंक मोड़ होते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे। यज्ञ कार्यकर्ता सह मुखिया नंदलाल पाठक ने बताया कि शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ 22 फरवरी से शुरू हुआ है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूणार्हुति तथा महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा।

कलश यात्रा में मुखिया नंदलाल पाठक, पंचायत समिति सदस्य संजू देवी, विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, प्रदीप पाठक, संगीता देवी, ददुली साह, हीतन साह, दीपक लाल जायसवाल, शांति देवी, नवीन बैठा, शनिचर अगरिया, उदय गुप्ता, जितेंद्र पाठक, सतीश मिश्रा, मुकेश शर्मा, अनिल बियार, रविन्द्र शर्मा, प्रेम चौबे आदि मौजूद थे।


### झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र दिनांक-24/02/2025 (सोमवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के **बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

(माणिक लाल हेम्ब्रम)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क - 02/2025- 295 / वि. स., रॉची,
दिनांक : 13.02.2025


# इलेक्ट्रिक युक्त धान कुटाई मशीन का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को छिपादोहर पंचायत सचिवालय में इलेक्ट्रिक युक्त धान कुटने की मशीन का वितरण किया। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को इस मशीन के जरिए धान की कुटाई में काफी सहूलियत मिलेगी। स्टारलाइट इंटरनेशनल चेरिटेबल सोसाइटी के द्वारा किसानों के लिए यह अच्छी पहल की शुरूआत की गई है। इससे किसानों को काफी फायदा मिलेगा और वे अब आसानी से अपने खेतों में उपजे धान की कुटाई इस मशीन के द्वारा कर पाएंगे। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, तेतर यादव, मुखिया बेरोनिका कुजूर समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मशीन वितरण करते विधायक

## श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ संपन्न

**बेरमो /फुसरो।** ढोरी बस्ती सौतारडीह में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ के सातवे दिन शनिवार को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ हुई। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री एवं उनके सहयोगी के देवघर से आये उपाचार्य पंकज शास्त्री, वेदाचार्य पवन शास्त्री, आदित्य शास्त्री व मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय भी शामिल थे।


### कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

**अतिअल्पकालीन नीलामी**

**हाट–बाजार, बासोडीह (बरियारडीह), सतगावाँ प्रखण्ड (3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 (केवल 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए जिला परिषद् अन्तर्गत पूर्ण रूप से तैयार सैरात हाट–बाजार, बासोडीह (बरियारडीह), सतगावां प्रखण्ड की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष / सभागार, जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | नीलामी की तिथि व समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | हाट–बाजार,बासोडीह (बरियारडीह)प्रखण्ड सतगावां | 1,10,400.00 | 11,040.00 | 04 / 03 / 2025 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि के बैंक ड्राफ्ट के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर नीलाम शुरू होने के एक घंटा पूर्व तक जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। उक्त नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्त जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय सूचना पट्ट तथा कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुखय कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.346985 Panchayati Raj(24-25):D


# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



जानकारी देते पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड सभागार में झारखंड ऊर्जा नवीकरणीय ज्रेडा के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को बिजली तथा पानी बचाने की जानकारी दी गई। कार्यशाला की शुरूआत प्रखण्ड प्रमुख अजय शाह, पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला के दौरान ज्रेडा के जिला समन्वयक चंदन कुमार चंद्रवंशी तथा शशिकांत सिंह ने उपस्थित लोगों को पानी बचाव के लिए अपनाए जाने वाले नियम के विषय में जानकारी दिया। जिसमें चापाकल या पानी टंकी के नजदीक सोख्ता निर्माण के विषय में जानकारी दिया गया। साथ ही सिंचाई के लिए सोलर सिस्टम के माध्यम से संचालित स्प्रिंकलर मशीन का उपयोग पर चर्चा किया गया। इसके साथ बिजली बचाने के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि अपने घरों तथा सिंचाई के लिए ज्रेडा के द्वारा सब्सिडी पर मिलने वाली सोलर सिस्टम का प्रयोग करने की सलाह दिया गया। बिजली खर्च को कम करने के लिए बताया गया कि अनावश्यक रूप से बल्ब को जलाने से बचना चाहिए। बिजली के माध्यम से चलने वाले उपकरण को काम हो जाने के बाद बंद कर देना चाहिए। घरों में अधिक से अधिक एलईडी बल्ब का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर सगमा मुखिया तेज लाल राम, मुखिया कलावती देवी, घघरी मुखिया सरोज देवी, मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, कृषि पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, पंचायत राज पदाधिकारी दीपक कुमार सहित काफी संख्या में किसान व किसान मित्र उपस्थित थे।

## बीएचएमएस के छात्र-छात्राओं ने किया मेधा डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं

**गढ़वा।** कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल फरठिया गढ़वा के बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को पलामू के चिआंकी स्थित मेधा डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने मिल्क के पाश्चुराइजेशन, प्रोसेसिंग, हाइजीन, क्वालिटी कंट्रोल के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निर्माण इकाई के प्रबंधक सौरव सिंह ने डेयरी प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ केशवेन्द्र कुमार तिवारी एवं प्राध्यापक डॉ बृजेश यादव, डॉ रूपा तिवारी, डॉ धर्मवीर के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जो छात्र-छात्राओं के लिए काफी शिक्षाप्रद था।

# जीवन की इस मोड़ पर सही हस्तक्षेप बच्चों के भविष्य को आकार देगा : निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास को मद्देनजर रखते हुए अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान फाइनल परीक्षा में खासतौर पर गणित विषय में सर्वाधिक 98 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को नगद राशि 5000 रुपये प्रति छात्र प्रदान करने की घोषणा की गई। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक बच्चों की शैक्षिक यात्रा को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाता है। उनके बीच लगातार संवाद बच्चों के व्यक्तिगत विकास और समग्र कल्याण में भी मदद करता है। इसलिए अभिभावक शिक्षक बैठक परम आवश्यक और कई कारकों में से एक है।





कार्यक्रम की शुरूआत करते निदेशक

जो बच्चों के स्वतंत्र रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए एक मजबूत नींव रखते हैं। अभिभावक शिक्षक बैठकें बच्चों के प्रदर्शन, उनके व्यवहार, संस्कार और शिक्षा के बारे में संवाद करने के लिए परस्पर विचारों का साझा करता है। जीवन की इस मोड़ पर सही हस्तक्षेप उनके भविष्य को आकार देने में बहुत मदद करेगा। अभिभावक-शिक्षक बैठक प्रभावी रूप से उनके लिए सीखने और बढ़ने के लिए बेहतर वातावरण तैयार करता है। अभिभावक सुनील कुमार ने परामर्श दिया कि स्कूल ऑनलाइन शिकायत या परामर्श के लिए सप्ताह में रविवार को व्हाट्सएप ग्रुप को खुला रखे ताकि अपनी बातें रखा जा सके।

साथ ही आयुषी कुमारी ने छोटे बच्चों में लेखन क्रिया को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। मंच का संचालन उपप्राचार्य बसंत ठाकुर जबकि विद्यालय में मिलने वाले सुविधाओं का विवरण शिक्षक संतोष प्रसाद और टर्म 2 में परीक्षा मार्गदर्शन का विवरण शिक्षक वीरेंद्र शाह ने प्रस्तुत की। मौके पर नीरा शर्मा, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, विकास कुमार, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, रागिनी कुमारी, शिवानी गुप्ता, ज्योति तिवारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।


### उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

**प्रपत्र VII**

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

चुकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना महतो अहरा रामपुर बसरीया (चौपारण) पथ में चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य हेतु ग्राम–पाकर टांड, थाना–चौपारण, थाना सं0 –24 अंचल – चौपारण, जिला–हजारीबाग में कुल **0.092** एकड़ यानि 0.037232 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.092** एकड़ यानि 0.037232 हेक्टेयर है और जो ग्राम–पाकर टांड, थाना–चौपारण, थाना सं0 –24 अंचल – चौपारण, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 01 | 04 | 38/1 | निजी | मकान /सहन | 0.007 | गोविन्द साव पिता रामेश्वर साव वो आदित्य प्रसाद केशरी वो दयानन्द प्रसाद पिता लक्ष्मी प्रसाद केशरी नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | भोला साव | प्लॉट नं0 37 |
| 02 | 04 | 38/2 | निजी | मकान /सहन | 0.007 | भोला साव पिता राधा साव नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | प्लॉट नं0 39 | गोविन्द साव वगै0 |
| 03 | 4 | 39 | निजी | टांड–I | 0.007 | प्लॉट नं0 39 का रैयत | निज | रास्ता | संतोष प्रसाद | भोला साव |
| 04 | 4 | 40/1 | निजी | टांड–I | 0.007 | संतोष प्रसाद यादव पिता ____ निवासी अज्ञात | निज | रास्ता | आदित्य प्रसाद के0 | प्लॉट नं0 39 |
| 05 | 4 | 40/2 | निजी | टांड–I | 0.007 | आदित्य प्रसाद केशरी पिता लक्ष्मी प्रसाद केशरी, तीन अंश वो गणेश प्रसाद पिता शंकर प्रसाद एक अंश निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | बजरंगी प्रसाद | संतोष प्रसाद |
| 06 | 19 | 53 | निजी | टांड–I | 0.006 | बजरंगी प्रसाद वो राजेन्द्र प्रसाद केशरी वो संतन प्रसाद केशरी पिता बद्री प्रसाद केशरी | निज | रास्ता | बजरंगी प्रसाद | आदित्य प्रसाद |
| 07 | 3 | 58 | निजी | टांड–I | 0.001 | बजरंगी प्रसाद वो राजेन्द्र प्रसाद केशरी वो संतन प्रसाद केशरी पिता बद्री प्रसाद केशरी | निज | रास्ता | गोपाल साव | बजरंगी प्रसाद वगै0 |
| 08 | 3 | 59 | निजी | मकान /सहन | 0.004 | गोपाल साव पिता मुन्शी साव | निज | रास्ता | धर्जुन प्रसाद | बजरंगी प्रसाद वगै0 |
| 09 | 15 | 65 | निजी | टांड–I | 0.001 | धर्जुन प्रसाद केशरी पिता जगदीश प्रसाद केशरी नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | कैलाश प्रसाद | गोपाल साव |
| 10 | 14 | 68 | निजी | टांड–I | 0.011 | कैलाश प्रसाद केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी वो शीव कुमार केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | द्वारिका पासवान | धर्जु प्रसाद केशरी |
| 11 | 11 | 70/1 | निजी | मकान /सहन | 0.001 | द्वारिका पासवान पिता इन्दो पासवान नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | प्रमोद केशरी | कैलाश प्रसाद |
| 12 | 11 | 70/2 | निजी | मकान /सहन | 0.001 | प्रमोद केशरी पिता लक्ष्मी साव | निज | रास्ता | अनिल प्रसाद | द्वारिका पासवान |
| 13 | 5 | 73/1 | निजी | टांड–II | 0.002 | अनिल प्रसाद केशरी पिता शम्भु प्रसाद केशरी निज ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | दयानन्द प्रसाद केशरी | प्रमोद केशरी |
| 14 | 5 | 73/2 | निजी | टांड–II | 0.005 | दयानन्द प्रसाद केशरी वो संजय प्रसाद केशरी वो दीपक प्रसाद केशरी पिता सरयु प्रसाद केशरी वो कैलाश प्रसाद केशरी पिता भुनेश्वर प्रसाद केशरी निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | मनोज केशरी | अनिल प्रसाद |
| 15 | 5 | 73/3 | निजी | टांड–II | 0.002 | मनोज केशरी पिता हरी साव निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | पतिया देवी | दयानंद प्रसाद केशरी |
| 16 | 11 | 75 | निजी | टांड–I | 0.002 | पतीया देवी पति लक्ष्मी प्रसाद केशरी वो सकुन्तला देवी पति गोविन्द प्रसाद केशरी नि0 ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | बिरिया दुसाद | मनोज केशरी |
| 17 | 13 | 100/1 | निजी | टांड–I | 0.005 | बीरीया दुसाद पिता अमृत दुसाद निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | सुरेन्दर पासवान | पतीया देवी |
| 18 | 13 | 100/2 | निजी | टांड–I | 0.005 | सुरेन्द पासवान पिता हरीहर पासवान निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | ललधारी पासवान | बिरिया दुसाद |
| 19 | 13 | 100/3 | निजी | टांड–I | 0.005 | ललधारी पासवान पिता बाढ़ो पासवान निवासी ग्राम बसरीया | निज | रास्ता | प्लॉट नं0 105 | सुरेन्दर पासवान |
| 20 | 7 | 105 | निजी | टांड–I | 0.006 | प्लॉट नं0 105 का रैयत | निज | रास्ता | ललधारी पासवान | निज |
| | | | | कुल | 0.092 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

ग्राम–पाकर टांड, थाना–चौपारण, थाना सं0 –24 अंचल – चौपारण, जिला–हजारीबाग में कुल **0.092** एकड़ यानि 0.037232 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण जा सकता है।

भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 346957 Land Reforms(24-25)D

## समय संवाद

अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन से पांच लाख डॉलर के अनुदान से शुरू किए गए प्रोजेक्ट के तीन मुख्य उद्देश्य हैं। पहला, क्या एमआरएनए से युक्त डीएनए को पौधे की कोशिकाओं के उस हिस्से में पहुंचाया जा सकता है जहां वह रिप्लीकेट कर सके। दूसरा, यह सिद्ध करना कि पौधे एक पारंपरिक वैक्सीन की बराबरी करने के लिए समुचित एमआरएनए उत्पन्न कर सकते हैं और तीसरा, पौधा आधारित वैक्सीन की सही खुराक का निर्धारण। यूसीआर में वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर जुआन पाब्लो गिराल्डो ने कहा कि एक पौधे द्वारा उत्पादित एमआरएनए से एक व्यक्ति को वैक्सीन की खुराक दी जा सकेगी। गिराल्डो इस शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। इस शोध में सेन डियागो स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और कानेर्गी मेलन विश्वविद्यालय के विज्ञानी शामिल हैं।

# अब खेतों में उगेगी वैक्सीन

**मुकुल व्यास**



चौंकिए मत। वैज्ञानिक ऐसी वैक्सीन बना रहे हैं जिन्हें खेतों में उगाया जा सकेगा और खाद्य वस्तुओं की तरह खाया जा सकेगा। अमेरिका में रिवरसाइड स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीआर) के वैज्ञानिक यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या लेटस (सलाद) पत्तों को एमआरएनए वैक्सीन की फैक्टरियों में बदला जा सकता है। कोविड वैक्सीनों में प्रयुक्त मैसेंजर आरएनए या एमआरएनए टेक्नोलॉजी में मुख्य रूप से कोशिकाओं को रोगाणुओं को पहचानने और संक्रामक रोगों से बचाव करने के बारे में शिक्षित किया जाता है। इस टेक्नोलॉजी के प्रयोग में सबसे बड़ी चुनौती इसे परिवहन और स्टोरेज के दौरान ठंडा रखने की है। वैक्सीन के स्थायित्व के लिए निम्न तापमान जरूरी है। यदि विज्ञानियों का नया प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो पौधों पर आधारित खाने योग्य एमआरएनए वैक्सीन इस समस्या को दूर कर सकती है। इस तरह की वैक्सीनों को कमरे के तापमान पर स्टोर किया जा सकता है।

भविष्य में किसान भी अपने सारे खेत में वैक्सीन वाले पौधे उगा सकते हैं। इस टेक्नोलॉजी में सबसे अहम भूमिका पौधे की कोशिकाओं में पाए जाने वाले क्लोरोप्लास्ट की है। क्लोरोप्लास्ट सूरज की रोशनी को ऊर्जा में बदल देते हैं, जिसका प्रयोग पौधा करता है। ये दरअसल सौर ऊर्जा से चलने वाली सूक्ष्म फैक्टरियां हैं जो शुगर और दूसरे मॉलिक्यूल उत्पन्न करती हैं, जिनसे पौधे का विकास होता है। इन फैक्टरियों का प्रयोग वांछित मॉलिक्यूल उत्पन्न करने के लिए भी किया जा सकता है। पिछले अध्ययनों में गिराल्डो यह दर्शा चुके हैं कि क्लोरोप्लास्ट ऐसे जीनों को अभिव्यक्त कर सकता है जो स्वाभाविक रूप से पौधे का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने पौधों की कोशिकाओं में बाहरी आनुवंशिक सामग्री भेज कर ऐसा कर दिखाया। अपने प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने नैनो इंजीनियरिंग की प्रोफेसर निकोल स्टीनमट्र्ज से सहयोग लिया। स्टीनमट्र्ज और उनके सहयोगियों ने आनुवंशिक सामग्री को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने के लिए नैनो टेक्नोलॉजी विकसित की है। स्टीनमट्र्ज ने बताया कि हम पौधों में जीन पहुंचाने के लिए पौधों के वायरसों का प्रयोग करना चाहते हैं जो कुदरती रूप से पाए जाने सूक्ष्म कण अथवा नैनो पार्टिकल हैं। इन वायरसों को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने और उन्हें पौधों के प्रति असंक्रामक बनाने के लिए कुछ तकनीकी फेरबदल की जरूरत पड़ती है।

कुछ वैज्ञानिकों का ख्याल है कि हमें पौधों पर आधारित वैक्सीन विकसित करने के लिए अधिक प्रयास करने चाहिए। कनाडा में क्यूबेक स्थित लवाल विश्वविद्यालय के दो शोधार्थियों, फास्टर-बोवेंडो और गेरी कोबिंगर का कहना है कि इस तरह की वैक्सीन ह्यमॉलिक्यूलर फार्मिंगह्व के जरिए बनाई जा सकती है। इस विधि में पौधे की कोशिका में डीएनए रखा जाता है जो प्रोटीन बनाता है। इस कोशिका का उपयोग वैक्सीन बनाने के लिए किया जाता है। वैज्ञानिक मान्यता प्राप्त वैक्सीनों के अलावा और अधिक प्रभावी वैक्सीन की तलाश में जुटे हुए हैं। उनकी कोशिश एक ऐसी समग्र वैक्सीन विकसित करने की है जो सभी तरह के कोरोना वायरसों के खिलाफ प्रभावी सिद्ध हो।

वैक्सीनें आम तौर पर बैक्टीरियाई सिस्टम में उत्पन्न की जाती हैं और वे बहुत असरदार साबित हुई हैं। ऐसे सिस्टम को बायोरिएक्टर भी कहा जाता है। ऐसी वैक्सीनों की उत्पादन लागत बहुत ज्यादा होती है। वैक्सीन की बायोमैन्युफैक्चरिंग के विकल्प के तौर पर वैज्ञानिकों ने 1986 में मॉलिक्यूलर फार्मिंग का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए वैज्ञानिकों को सिर्फ ग्रीनहाउस सेटअप की आवश्यकता पड़ती है जो बायोरिएक्टरों की तुलना में बहुत सस्ते पड़ते हैं। रिसर्चरों का कहना है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन बनाना सस्ता पड़ेगा और इसके दूसरे लाभ भी होंगे। एक बहुत बड़ा फायदा यह है कि इस तरह की वैक्सीन बनाने के लिए संसाधनों की तलाश पर अधिक ध्यान नहीं देना पड़ेगा। वैक्सीनों को बायोरिएक्टरों में तैयार करने के बजाय खेतों की फसलों में उत्पन्न किया जा सकता है। दूसरा बड़ा फायदा यह है कि पौधे मानव रोगाणुओं द्वारा संक्रमित नहीं हो सकते। इसके अलावा पिछली रिसर्च से पता चलता है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन दूसरी विधियों से तैयार वैक्सीनों की तुलना में ज्यादा मजबूत इम्यून रेस्पांस उत्पन्न करती हैं। सामान्य विधियों की तुलना में पौधों पर आधारित वैक्सीन का उत्पादन ज्यादा होता है। इस समय गौशे रोग के इलाज के लिए इस तरह की वैक्सीन का उत्पादन किया जा रहा है। लीवर और स्प्लीन जैसे शरीर के कुछ अंगों में वसायुक्त पदार्थों के जमाव से गौशे रोग उत्पन्न होता है। इन पदार्थों के जमा होने से इन अंगों का आकार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से उनके कार्यों पर असर पड़ता है। वसायुक्त पदार्थ हड्डियों के ऊतकों में भी जमा होने लगते हैं, जिनसे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। गौशे रोग के इलाज में प्रयुक्त होने वाला ग्लूकोसेरिब्रोसिडेस नामक एंजाइम गाजर की सेल कल्चर में उत्पन्न होता है।

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार फ्लू वैक्सीनों के निर्माण के लिए सबसे ज्यादा प्रचलित विधि में अंडा-आधारित विधि का प्रयोग किया जाता है। यह विधि 70 साल पुरानी है। दुनिया में कोरोना महामारी फैलने से पहले इन्फ्लुएंजा की वनस्पति-आधारित वैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हो चुका था और उसके उत्साहवर्धक नतीजे सामने आए थे। इस समय एक रिसर्च टीम कोविड-19 के लिए वनस्पति आधारित वैक्सीन पर काम कर रही है।

# राम की प्रेरणा है कि सभी स्थितियों में धर्यवान बने रहें

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# भाषा संस्कृति को विलुप्ति से बचाना हमारा उत्तरदायित्वः अजीत कुमार सिन्हा



## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस सह पुस्तक लोकार्पण समारोह

शनिवार को रांची विवि के इतिहास विभाग में अंतराष्ट्रीय भाषा समारोह सह पुस्तक लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ।

कैथी लिपिः अतीत एवं वर्तमान, इसके लेखक विवि इतिहास विभाग के शोधछात्र महेश ठाकुर हैं।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि लिपि और भाषा को बचाना हम सब का उत्तरदायित्व है। उन्होंने पुस्तक लेखक को धन्यवाद और इतिहास बिभाग को साधुवाद कहा। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का प्रायोगिक महत्व है और पुराने दस्तावेजों को पढ़ने में इससे बहुत सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे प्रोफेसर आई के चौधरी, पूर्व डीन, समाज संकाय ने भाषाओं के इतिहास के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

विभाग की अध्यक्ष डॉ सुजाता सिंह ने कहा कि अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस के शुभ अवसर पर इस पुस्तक का लोकार्पण होना बहुत शुभ है। यह पुस्तक क्षेत्रीय इतिहास लेखन में बहुत उपयोगी होगी।

सबसे पहले डॉ मोहित कुमार लाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पुस्तक का परिचय दिया।

कार्यक्रम का संचालन रहा दीपांशु मरांडी का, धन्यवाद ज्ञापन का काम किया डॉ कंजीव लोचन ने।कार्यक्रम में डॉ राजकुमार, पुस्तक के लेखक महेश ठाकुर सहित विभाग के शोध छात्र तथा स्नातकोत्तर के छात्र उपस्थित रहे।

# ममता और करुणा का मेल मां

**डॉ. दिनेश चंद्र सिंह**



**मां** और मातृभूमि की महिमा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। क्योंकि वह अपरंपार होती है। मां के पालन-पोषण से ही हर तरह का व्यक्तित्व सजता-संवरता-निखरता है। सारा संसार जनता और मानता आया है कि व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला मां है, उसकी ममतामयी गोद है और उसकी बाल्यकालीन छत्रछाया ही होती है। इसलिए हर सफल व्यक्तित्व अपनी मां के प्रति आजीवन श्रद्धावनत रहते हैं। मैं भी अपवाद नहीं हूं। मुझे भी अपनी मां और मातृभूमि से गहरा लगाव था, है और रहेगा। निःसंदेह, उपर्युक्त पंक्तियां मां-बेटे के आत्मीय संबंधों को दशार्ती हैं, जो पिता-पुत्र संबंधों से कहीं ज्यादा प्रगाढ़ समझी जाती हैं। इनमें एक पंक्ति ह्वयूं तो मैं दिखलाता नहीं पर तेरी परवाह करता हूं मांह्व अत्यंत मार्मिक है। यह पंक्ति अधिकांश परदेशी पुत्र के अंतर्मन की ध्वनि है। इसलिए तुम्हारे बिछड़ने की सूचना ने मुझे स्तब्ध कर दिया, क्योंकि बिछड़ने के पूर्व हुई वार्ता की याद ने मुझे भरोसा दिलाया था कि मेरी मां अभी है और रहेगी भी। परंतु बिछड़ने से पहले न कोई संवाद, न कोई बात, न मुझे एक बार पुनः याद दिलाया कि मां चाहती थी कि मैं दूर रहकर जनहित में अच्छा करूं। परंतु अंतिम क्षणों में मैं मां तेरी परवाह करने में चूक कर गया। यह दर्द एवं पीड़ा मुझे तुम्हारी याद हमेशा दिलाती रहेगी और आज मैं इसी भाव से स्मरण करते हुए अपने को खुले हृदय से अभिव्यक्त कर रहा हूं।

सच कहूं तो मेरी मां भी सुंदर, सलौनी, अद्भुत एवं अनुकरणीय प्रतिभा की धनी थी। यद्यपि स्कूली शिक्षा से दूर रही, फिर भी व्यवहारिक शिक्षा की धनी थी। जीवन में शिक्षा की उपयोगिता को व्यवहारिक धरातल पर समझने वाली थी। भले ही आज तुम मेरे साथ नहीं, परंतु तुम्हारी दी हुई शिक्षा एवं सोच ने मुझे जो शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान किया था, वह अतुलनीय है। आज उसी धरोहर एवं आधारशिला पर उत्पन्न, पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित होकर वट वृक्ष के रूप में, मैं आज जिस रूप में भी खड़ा हूं, यह तुम्हारा ही उपकार है।

मां, आपकी प्राण वायु पाकर एवं आपकी शिक्षा-दीक्षा से मन-प्राण वायु पाकर, सामाजिक सरोकार की चेतना को मन-आचरण में धारण कर, सामाजिक परिवर्तन की चाह को मन-विचार में संजोकर, निज ग्राम, राज्य एवं राष्ट्र की सेवा के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने की प्रेरणा तुम्हीं से मिली। अतएव मेरी प्रेरणा स्वरूप तुम्हीं थी। लगभग अट्ठासी-नब्बे वर्षीय दिवंगत मां, तुझे नमन। कोटि कोटि नमन। मां, मैं तुम्हें कैसे स्मरण करूं, कैसे विनम्र श्रद्धांजलि दूं। भारतीय सामाजिक संस्कृति और हिंदू रीति-रिवाज से तुम्हें श्रद्धांजलि देने की जितनी औपचारिकताएं हैं, वह मैंने पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से की है। यदि कोई कमी रह गई हो तो, मुझे जहां से भी देख रही हो, वहीं से क्षमा करते हुए अपना असीम आशीर्वाद एवं ऊर्जा देना, मां !जहां तक मुझे बचपन की याद है, साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद भी निज ग्राम में शिक्षा के महत्व का प्रचार प्रसार पूर्व से ही होने के कारण यहां के परिवेश में शिक्षा प्राप्त कर उन्नति के मार्ग की राह स्थानीय नागरिकों के मन में पहले से ही खुली मिली थी।

जैसा कि मैंने बुजुर्गों और अपने माता-पिता से सुना था कि हमारे ग्राम में शिक्षा का अलख 19वीं सदी के प्रारंभिक वर्षों से ही प्रारंभ हो चुका था।

उस समय ही मिडिल स्कूल की स्थापना से जनपद अग्रणी कुछ चिन्हित ग्रामों में मेरा ग्राम पुरैनी भी शिक्षा का केंद्र बिंदु था, जो अपनी अनुशासित व महत्वपूर्ण शिक्षा पद्धति के कारण लोकप्रिय रहा।

मसलन, उस समय मिडिल स्कूल में कार्यरत शिक्षकों, जिनको हम बचपन में मास्टर साहब कहते थे।

# रात में न सोने का परिणाम



**डॉ शीतल कुमारी**

नींद का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।


सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्व तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है।

# कानून के जानकार और सादगी के प्रतिमूर्ति थे प्रो विष्णु चरण महतो

**मृत्युंजय प्रसाद**



99 वीं जयंती पर विशेष

**छोटानागपुर** विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं सिल्ली प्रखण्ड के प्रथम प्रमुख स्व. प्रो. विष्णु चरण महतो कानून के ज्ञाता के साथ ही उच्च विचार और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। प्रो. महतो आजीवन गरीबों की सेवा एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया। इसी का परिणाम है कि आज भी झारखण्ड खासकर रांची जिले, की जनता एक बुद्धिजीवी, समाज सुधारक, कुरमाली भाषा के अस्तित्व के रक्षक एवं न्यायप्रिय नेता के रूप में याद करती है।

प्रो. विष्णु चरण महतो का जन्म सिल्ली प्रखण्ड के कांटाडीह गांव में 23 फरवरी 1926 को एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। स्व. महतो बचपन से ही एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। उन्होंने रांची जिला स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए वे पटना चले गये। उन्होंने आईए एवं बीए की पढ़ाई पटना विश्वविद्यालय से पूरी की थी। स्नातक के बाद एमए की पढ़ाई के लिए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में दाखिला लिया , लेकिन कानून के प्रति विशेष रूचि के कारण वह पटना विधि विश्वविद्यालय में नामांकन कराया और वहीं स्नातक विधि की परीक्षा पास की। इसके बाद पटना उच्च न्यायालय के कार्यालय में उनकी नियुक्ति हुई, लेकिन वकालत करने के उद्देश्य से वह रांची वापस आ गये। रांची में वह पुरुलिया रोड स्थित अपने निजी मकान में रहते थे। यहीं रहकर वह वकालत करने के साथ ही छोटानागपुर विधि महाविद्यालय में अध्यापन का भी कार्य करते थे। स्व. महतो झारखण्ड आन्दोलन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। मारांग गोमके जयपाल सिंह के आह्वान पर न सिर्फ आंदोलन में कूद पड़े बल्कि उस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर मारांग गोमके के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया। स्व. महतो ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से झारखण्ड पार्टी के टिकट पर 1952 एवं 1957 में चुनाव लड़ा। दोनों ही बार उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार को जबरदस्त टक्कर दी, लेकिन दोनों ही बार मामूली वोट के अन्तर से हार गये। स्व. महतो के लिए चुनाव हारना कोई मायने नहीं रखता था। चुनाव हारने के बाद भी उनके चेहरे पर हमेशा योद्धाभाव झलकता रहता था।

स्व. महतो शिक्षा के विकास पर बहुत जोर देते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के विकास के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता है। उनके सम्पर्क में जो भी लोग आते थे उनसे वह अक्सर कहा करते थे सूखी रोटी खाओ, माड़-भात खाओ, लाल चाय पियो, लेकिन अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा देने का कार्य करो। नारी शिक्षा पर भी वह विशेष रूप से जोर देते थे। उनका मानना था कि इससे स्त्रियों में आत्म विश्वास बढ़ेगा, स्वावलंबी बनेंगी तथा अपने पैरों पर खड़ा होकर घर-परिवार का कायाकल्प करेंगी।

स्व. महतो ने सिल्ली प्रखण्ड प्रमुख रहते हुए कई कार्य किए। सिंगपुर से अपने गांव कांटाडीह तक श्रमदान से सड़क बनवायी, गांव में बिजली पहुंचायी। किसानों के लिए लिफ्ट एरिगेशन के तहत सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध करवायी। स्व. महतो ने तत्कालीन जिला बोर्ड के उपाध्यक्ष पॉल दयाल के सहयोग से सिल्ली क्षेत्र के सैकड़ों बेरोजगार युवकों को शिक्षक की नौकरी दिलायी थी। इसके साथ ही सिंगपुर (मुरी) में भारत माता अस्पताल के निर्माण के लिए अपनी जमीन दान में दी थी।

स्व. महतो कुरमाली भाषा के विकास लिए भी जीवन पर्यन्त कार्य करते रहे। वह हमेशा कुरमाली भाषा की चिंता करने वाले नवयुवकों से घिरे रहते थे। उनके प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के कारण ही कई लोगों ने कुरमाली लोक-साहित्य एवं लोक परंपराओं पर शोध कर पीएचडी की उपाधि ली, लेकिन वह इतने से संतुष्ट नहीं थे, उनकी इच्छा थी कि कुरमाली का एक शोध केन्द्र हो। स्व. महतो ने कुरमी जाति को पुनः अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल कराने के लिए भी जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय में कुरमाली भाषा की पढ़ाई शुरू कराने में भी अहम भूमिका निभायी थी।

स्व. महतो क्षेत्र के युवकों की सफलता पर काफी हर्षित होते थे और उनका सही मार्गदर्शन किया करते थे। एक बार की बात है सिल्ली के जबला ग्राम निवासी नन्दलाल महतो बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 27वीं संयुक्त परीक्षा में उपसमाहर्ता के पद पर अंतिम चयन होने पर विष्णु बाबू से मिलने गये। उन्होंने नंदलाल महतो को देखकर गदगद स्वर में कहा 'क्या समाचार है, नंदलाल जी? नंदलाल ने बड़ी विनम्र स्वर में कहा- सर बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित 27वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में मेरा अंतिम चयन उपसमाहर्ता के पद पर हुआ है। नंदलाल ने आगे कहा-सर, आपको तो मालूम ही है मैं यूनाइटेड बैंक आफ इण्डिया में हेड कैशियर के पद पर कार्यरत हूं और इसी वर्ष मेरी प्रोन्नति भी होने वाली है। विष्णु बाबू उठ खड़े हुए और नंदलाल महतो से कहा यू आर द सेकेण्ड कुरमी आफ छोटानागपुर रीजन आफ्टर ठाकुर दास महतो हू वाज द कलक्टर एण्ड डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आफ पूर्णिया। उन्हीं की सलाह पर नंदलाल ने बैंक की नौकरी छोड़कर बिहार प्रशासनिक सेवा के उपसमाहर्ता संवर्ग में योगदान किया था।

उसी तरह सन 1955 में जब सोनाहातू के पाण्डूडीह निवासी डा. हलधर महतो मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और रांची कालेज में नामांकन हेतु आवेदन देने में देर होने लगी तो विष्णु बाबू ने हलधर महतो को एक पत्र भेजा। पत्र में लिखा था- हलधर तुम पत्र पाते के साथ रांची चले आओ और मुझसे भेंट करो। मैं जानता हूं कि तुम एक गरीब किसान के पुत्र हो, हमलोग चंदा करेंगे फिर भी तुम्हें आगे पढ़ायेंगे। तुम एक मेधावी छात्र हो।

अतः तुम अपने मस्तिष्क रूपी सुमन की कली को मुरझाने मत दो।' ऐसे ओजस्वी महान विभूति का स्वर्गवास दीपावली के दिन एक नवंबर 1986 को एचईसी प्लांट अस्पताल में हो गया। दीपावली के दिन जहां दीप जलने थे, लेकिन विष्णु बाबू जैसा दीपक सदा के लिए बुझ गया। आज कुरमाली भाषा परिषद और बाईसी कुटुम जैसी संस्था उनके विचारों पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने में लगा हुआ है।

(लेखक वरीय अधिवक्ता सह पत्रकार हैं।)

## बदलते मौसम की मार बैमौसम भारी बाढ़



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में श्री संकट मोचन मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



रामगढ़। थाना चौक स्थित श्री संकट मोचन मंदिर का 53वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना। मंदिर में अखंड रामायण पाठ मंगलवार को 9:45 बजे से आरंभ होकर बुधवार को 9:45 बजे संपन्न हुआ। इसके बाद हनुमान जी की पूजा अर्चना कर उनकी आरती की गई। इस दौरान 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के प्रधान सेवक धीरज परासर ने बताया कि श्री संकट मोचन मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। लोग दूर दूर से यहां मन्नत मांगने के लिए पहुंचते हैं। बताया कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं हनुमान जी की कृपा से उनकी मन्नत पूरी होती है। मंदिर की स्थापना 1973 ई में कामदेव उपाध्याय ने की थी।

### सर्वोदय निकेतन में कथा प्रतियोगिता



फोटो 02 प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य

कुजू। सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुजू में कथा वचन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठम से अष्टम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें युवराज कुमार की दो कुत्तों की कहानी को प्रथम, अनु कुमारी की समय का सदुपयोग की कहानी को द्वितीय और कुमार भास्कर की सच्ची दोस्ती कहानी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपनी जीवन की घटनाओं से सीखता है। जीवन में घटित घटनाएं मनुष्य के अचेतन मन में अंकित हो जाती हैं।। इस प्रतियोगिता के निर्णायक वरीय शिक्षक ब्रह्मदेव महतो और पूजा कुमारी रहीं। वहीं संचालन शिक्षक सुशांत कुमार सिंहा ने किया।

### छात्राओं को दी गयी कराटे ट्रेनिंग



रजरप्पा। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को पिछले दो-तीन वर्षों से आत्मरक्षा (मार्शल आर्ट/कराटे) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमे ताइक्वांडो, वुशु, वूशु, कराटे आदि शामिल है। खासकर प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्राएं अपनी हिफ़ाजत खुद कर सकेंगी। राजकीय बुनियादी विद्यालय चितरपुर के सहायक शिक्षक सह कराटे प्रशिक्षक गौरीशंकर दांगी ने शनिवार को स्कूली छात्रा को जूडो कराटे की आत्मरक्षा से परिचित कराया और उन्हें बताया कि कैसे खुद को सुरक्षित रखना है और आत्मरक्षा एक महिला के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आजकल स्कूल के आसपास युवकों की ओर से छात्राओं के साथ छेड़छाड़ किए जाने की सूचना अक्सर मिलती रहती है। इसलिए छात्राओं के लिए कराटे का प्रशिक्षण अनिवार्य हो गया है।

### रोहन बने कांग्रेस मांडू प्रखंड सचिव



कुजू। आरा सारूबेड़ा निवासी रोहन महतो को कांग्रेस मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने प्रखंड सचिव मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि रोहन महतो कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण और लगन को देखते हुए उनको मांडू प्रखंड सचिव के रूप में चयनित किया गया है। इधर अपने मनोनयन पर प्रखंड सचिव रोहन महतो ने कहा कि जिस तरह से पार्टी के वरीय पदाधिकारी व मांडू प्रखंड अध्यक्ष ने मुझपर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं पूरी ईमानदारी के साथ खड़ा उतरूंगा। रोहन महतो के प्रखंड सचिव बनने पर टिंकू मांझी, सुकर करमाली, नकुल महतो, विनोद महतो, मनोज महतो, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, संतोष चौधरी, अजय यादव, नकुल करमाली व अन्य ने दी बधाई।

### हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न



रामगढ़ । मरार बरवाटांड़ स्थित हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव शनिवार को हवन, आरती व भंडारे के साथ संपन्न हुआ। 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन समाप्त होने के बाद पुरोहित विकास पांडेय द्वारा यजमान सपत्नीक को विधि विधान से पूजन कराया गया। तत्पश्चात हवन व आरती किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी अशोक जैन, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ चेतन चतुर्वेदी,आजसू नेता मनोज महतो, रविन्द्र साहू, नरेश साहू, डब्लू साव,पवन साहू, संजय साहू, शंकर सोनी, आनंद पटेल आदि अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति अध्यक्ष शंकर मिश्रा ने बुके देकर व शाल ओढ़ाकर किया। इसके बाद पुरोहित विकास पाण्डेय द्वारा हवन व आरती कार्यक्रम कराया गया। जिसमें आगत अतिथियों, समिति के पदाधिकारियों सहित आस पास के धर्मप्रेमी महिला पुरुष व बच्चों ने भाग लिया।

### बुढ़ाछत्तर में शिवरात्रि को लेकर बैठक



गोला(रामगढ़)। शनिवार को बाबा बुढ़ाछत्तर धाम, रायपुरा (गोला) में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता पंचम महतो ने की। महाशिवरात्रि को लेकर पुरी तरह से तैयारी को लेकर कमेटी का विस्तार भी किया गया। कमिटी में संरक्षक बिनू कुमार महतो, सह संरक्षक मितन महतो, संयोजक महेश महतो, संयोजक गणेश महतो अध्यक्ष पंचम महतो,उपाध्यक्ष करण करमली, सचिव रामविलास महतो, उपसचिव दिलीप महतो, कोषाध्यक्ष लखेश्वर महतो, उपकोषाध्यक्ष गौरी महतो, मिडिया प्रभारी बिनु कुमार महतो, उप राजेश महतो, उद्घोषक सतीश महतो उप उद्घोषक उत्तम महतो, सदस्य कारु मुण्डा, सपना महतो, दुबराज कुमार, रिखु महतो, ज्ञानी महतो, अरजलाल महतो, अजय महतो अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

# रामगढ़ में नकली शराब के साथ 12 तस्कर गिरफ्तार

**▸▸ 30 लाख रुपये का अवैध शराब बरामद**

**▸▸ खाली बोतल, रैपर, स्टीट,दो एक्सयूवी कार, टाटा मैजिक, एक बुलेट मोटर साईकिल, एक अपाची मोटर साईकिल और 14 मोबाइल जब्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को शनिवार सुबह में गुप्त सूचना मिली थी रामगढ़ थाना क्षेत्र के गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के पीछे जंगली क्षेत्र में बने भवन में कुछ शराब माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर नकली शराब तैयार कर होली पर्व के अवसर पर बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। इस गिरोह में बिहार के कुछ शराब माफिया स्थानीय लोगों को मिलाकर अवैध रूप से नकली शराब तैयार कर कई खेप भेज चुके है। तत्पश्चात सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के सदस्यों द्वारा गंडके जाने वाली सड़क पर राधागोविंद यूनिवर्सिटी के समीप स्थित रूपेश महतो के पक्का मकान में छापामारी की तो वहां रूपेश महतो एवं अन्य तीन युवक पकड़े गये । पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि जहानाबाद (बिहार) के रहने वाले व्यक्ति राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद द्वारा नकली शराब लाकर विभिन्न ब्रांड के बोतलों में भरकर उपर से स्टीकर, रैपर साट कर ढक्कन पर झारखंड सरकार लिखा हुआ सील एवं बारकोड लगाकर पैकिंग कर कई थैलों में भरकर दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में रखा गया है । जिसे एक-दो दिन में बिहार भेज दिया जायेगा। तत्पश्चात उपस्थित टीम के साथ पकड़ाये व्यक्तियों के बतायेनुसार दिपक मुंडा के एलवेस्टर के मकान में छापामारी किया गया तो उसके घर से विभिन्न ब्रांड 1. सिग्नेचर 2.8 पीएम के नकली शराब की बोतल जिसमें नकली शराब भरा हुआ पाया गया साथ हीं विभिन्न ब्रांड के शराब का स्टीकर, रैपर, सील एवं खाली बोतल दो बड़े कमरे में रॉ मेटेरियन पाया गया तथा तैयार नकली शराब जो कई थैलों में बंद पाया गया। जिसें टीम द्वारा जब्त किया गया है । साथ हीं रूपेश महतो के बतायेनुसार इस गिरोह के मुख्य सरगना राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद को रांची जिला के ओरमांझी थाना अन्तर्गत जतराटांड, ओएना से गिरफ्तार किया गया ।

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। बताया कि इस कांड में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है तथा नकली शराब के परिवहन में प्रयोग किये जाने वाले कुल 03 वाहन, दो मोबाईल एवं 14 मोबाईल फोन, पानी का जार, सिन्टेक्स टंकी, शराब बनाने वाला स्प्रीट आदि को बरामद कर जब्त किया गया है। राहुल शर्मा उर्फ बालमुकुंद, आदर्श नगर, टाटी सिलवे, रांची। रूपेश महतो, राधा गोविंद विवि थाना जिला-रामगढ़। निखिल कुमार, हुलालासगंज जिला-जहानाबाद। राज कुमार, -बरियातु जोड़ा तलाब (रांची)। आदर्श सिंह, डुमरदगा बुटीमोड़ (रांची)। राकेश कुमार, बाजार टांड पारसौतिया (रामगढ़)। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि मंजेश कुमार सिंह, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि सुमंत कुमार राय, आरक्षी मनोष कुमार यादव, श्रवण कुमार,रवि शंकर कुमार, अर्जुन पासवान, जितेन्द्र कुमार, अजय कुमार आदि शामिल थे।

# हजारीबाग में प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ शुरू

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। खेल एवं खिलाड़ियों के सम्मान में प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ गांधी मैदान में हुआ। यह टूर्नामेंट फुटबॉल रेफरी संघ एवं स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. बद्रीनाथ गोस्वामी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी जी का योगदान खेल जगत के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने फुटबॉल को सिर्फ एक खेल के रूप में नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया। यह टूर्नामेंट उनकी खेल विरासत को जीवंत रखने का एक शानदार प्रयास है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और टीम वर्क की भावना को विकसित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की धरती ने कई बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं, और मैं चाहता हूं कि यहां के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने और जीत-हार की चिंता छोड़कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।आयोजकों ने विधायक को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भैया मुरारी सिन्हा, नजरूल हसन, बहादुर राम, सुरज कुमार, सरफराज अहमद, गुड्डू मटवारी सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सांसद ने एनटीपीसी व सीसीएल अधिकारियों के साथ की बैठक

हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को रांची स्थित एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एनटीपीसी झारखंड के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी अनिमेष जैन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चल रही एनटीपीसी की कोयला परियोजनाओं से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और समाधान पर गहन चर्चा हुई। सांसद ने परियोजनाओं की प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद सांसद जायसवाल सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रांची मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सीसीएल झारखंड के मुख्य प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह से मुलाकात की। इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित कोयला खनन परियोजनाओं और उससे जुड़ी जनसमस्याओं पर विशेष चर्चा की गई।

# पावन क्रूस उच्च विद्यालय भुरकुंडा के अध्यक्ष बने रोशन लाल चौधरी



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा के पटेलनगर स्थित पावन क्रूस उच्च विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में जैक, रांची के आदेशानुसार विधायक रोशन लाल चौधरी को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विद्यालय प्रबंधन की आवश्यक बैठक में भाग लेते हुए विधायक ने विद्यालय के विभिन्न समस्याओं को अतिशीघ्र निदान करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में उत्कृष्ट पढ़ाई से हर वर्ष अंग्रेजी माध्यम से विद्यार्थियों का मैट्रिक में शत प्रतिशत रिजल्ट होता आ रहा है, जो कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर आग्नेस बेक, विद्यालय प्राचार्या सिस्टर सुमंती टोप्पो, मो. कमरुद्दीन, सिस्टर असीमा टोप्पो आदि मौजूद थे।

# पेपर लीक व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दौरान हिंदी और विज्ञान प्रश्नपत्र के लीक होने के चलते संबंधित परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसके बाद अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोशल मीडिया गतिविधियों की कड़ी निगरानी करने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हजारीबाग पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी अफवाह को न फैलाएं। यदि किसी को किसी भी प्रकार की संदिग्ध जानकारी मिले तो वे तुरंत साइबर थाना हजारीबाग (मो. 9430165939) या डायल 100/112 पर संपर्क करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

**▸▸ 430 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती और शिशुओं का हुआ टीकाकरण**



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 34वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात आयोजित भंडारा में लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 430 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर से पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार जिला 322 ए के सत्र 2025-26 के द्वितीय उप जिला पाल के उम्मीदवार ने पुत्र लक्ष्य चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में नर सेवा नारायण सेवा के तहत आयोजित भोजन वितरण में अपना योगदान दिए। मौके पर लायन पीएमजेएफ सुजीत कुमार ने लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के कार्यों की सराहना करते हुए प्रबुद्ध और सक्षम लोगों ऐसे नेक कार्यों में सहयोग करने की अपील की। क्लब की सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्प का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोन वी के चेयरपर्सन पीएमजेएफ गणेश प्रसाद सिंह, सेक्रेटरी एमजेएफ लायन सुनील कुमार वर्मा, लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, एमजेएफ संजय जायसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू आदि का विशेष योगदान रहा। परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कराया गया।

## एक नजर में

### हजारीबाग में धड़ल्ले बिक रहा अवैध शराब

हजारीबाग। ज़िले के कई हिस्सों में अवैध शराब का धंधा धड़ल्ले से जारी है। शराब अब सिर्फ़ गांवों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहरों और कस्बों के मोहल्लों में भी खुलेआम बेचा जा रहा है। प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस कारोबार से आए दिन मौतें हो रही हैं, और कई परिवार तबाह हो रहे हैं। स्थानीय माफिया अपने नेटवर्क के जरिए यह जहरीली शराब गरीब और मजदूर वर्ग तक पहुँचा रहे हैं, जो सस्ती होने के कारण बड़ी संख्या में इसका सेवन कर रहे हैं। लेकिन यह सस्ता नशा कई लोगों की ज़िंदगी छीन रहा है। शराब में मिलाए जाने वाले ज़हरीले केमिकल, जैसे मेथनॉल, लीवर, किडनी और दिमाग को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं। शहर के मटवारी भुइयां टोली, कोर्रा हेट टोला, घासी टोला, दिपुगढ़ा, जबरा, सिंघानी, अमृतनगर, कदमा, खिरगांव आदि इलाकों में धड़ल्ले से कच्ची शराब की आपूर्ति की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, जगदीशपुर के एक बड़े माफिया द्वारा टाटा के ट्यूब में शराब भरकर सुबह-शाम अलग-अलग जगहों पर सप्लाई की जाती है। इस धंधे में थाने से लेकर सफेदपोश लोगों तक की संलिप्तता बताई जाती है। हर किसी का कमीशन फिक्स होने के कारण यह अवैध कारोबार प्रशासन की नाकामी के कारण फल-फूल रहा है। दिखावे के लिए प्रशासन समय-समय पर छापेमारी करता है, लेकिन स्थानीय मिलीभगत के कारण माफिया हर बार बच निकलते हैं। अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए सख्त कानूनों को ईमानदारी से लागू करने की जरूरत है।

### कायस्थ महासभा ने लगाया चिकित्सा शिविर



हजारीबाग। सबका साथ और सिर्फ समाज का विकास के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, हजारीबाग जिला इकाई ने डूमरगांव में चिकित्सा शिविर, ब्लड डोनेशन कैंप और नेत्र जांच शिविर लगाया। समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रुपेश बिहारी लाल के नेतृत्व में इस शिविर का लाभ केवल कायस्थ समाज के ही नहीं, बल्कि सभी जाति और धर्मों के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों ने उठाया। इस शिविर की विशेषता यह रही कि जो लोग असमर्थ थे, उनके घरों तक महासभा के चिकित्सकों ने जाकर उपचार किया और मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई। इस मानवीय पहल से गांव के बुजुर्ग, दिव्यांग और असहाय लोगों को विशेष राहत मिली। शिविर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष गिरिवंदन प्रसाद, हजारीबाग जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, संगठन मंत्री अजय कुमार, कोषाध्यक्ष गौतम किशोर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने सेवा देकर शिविर को सफल बनाया।

२२ है पी ३ : लगाया गया चिकित्सा शिविर

### हजारीबाग में कई खाद्य प्रतिष्ठानों की हुयी जांच



हजारीबाग। डीसी नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ. शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस अभियान के तहत उत्तम स्वीट्स, वन भोजन रेस्टोरेंट, ग्रिल इन, लस्सी कॉर्नर, स्ट्रीट कॉफी और झीनझरिया पुल के पास स्थित बैंक्वेट हॉल सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को अपने कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच कराकर मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने और किचन को स्वच्छ एवं हाईजीनिक बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी फूड विक्रेताओं को मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों में हानिकारक केमिकल या आर्टिफिशियल रंगों के इस्तेमाल से बचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना अनिवार्य है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें।

### दारू में डामर मिक्सिंग से लोग हो रहे बीमार



हजारीबाग। हजारीबाग से दारू थाना क्षेत्र तक 26 करोड़ रुपये की लागत से 23 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, हजारीबाग के तहत संचालित हो रही है। निर्माण कार्य के अंतर्गत हुटपा क्षेत्र में डामर मिक्सिंग का कार्य किया जा रहा है, लेकिन यह प्रक्रिया खुले में हो रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोग और राहगीर गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। डामर मिक्सिंग से निकलने वाले केमिकल रेडिएशन और जहरीली गैसों की वजह से इलाके में रहने वाले लोग श्वसन संबंधी समस्याओं और आंखों में जलन जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खासकर बाइक सवार और ऑटो रिक्शा चालक जब इस क्षेत्र से गुजरते हैं, तो उनकी आंखें कुछ समय के लिए चिपकने लगती हैं, जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि डामर मिक्सिंग का कार्य खुले में करना स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है और इसे तय मानकों के अनुरूप बंद स्थान पर किया जाना चाहिए। अब सवाल उठता है—क्या प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर ध्यान देगा, या फिर लोगों को इसी तरह स्वास्थ्य संकट और दुर्घटनाओं के खतरे में डालकर निर्माण कार्य चलता रहेगा।

# ग्रीन तिलैया क्लीन तिलैया अभियान तेज

## अब पानी की खपत के अनुसार लिया जाएगा शुल्क : रणधीर वर्मा

- **झुमरीतिलैया नगर पर्षद अपने नागरिकों को बेहतर सुविधा देने के लिए एक बड़ा बदलाव करने जा रही है**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर पर्षद अपने नागरिकों को बेहतर सुविधा देने के लिए एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब पानी की खपत के अनुसार ही शुल्क लिया जायेगा। इस नयी व्यवस्था के तहत नगर में जल मीटर लगाने का कार्य इस माह से आरंभ हो जायेगा। अब तक पानी का फिक्स चार्ज लिया जाता था, भले ही आपूर्ति हो या न हो, मगर अब उपभोक्ताओं को उतना ही भुगतान करना होगा, जितना पानी वे उपयोग करेंगे। नगर विकास विभाग ने इस योजना के लिए एक करोड़ रुपये की राशि जारी की है। नगर पर्षद ने जल मीटर की व्यवस्था के तहत 2500 मीटर मंगवाया है, जिनकी स्थापना इस सप्ताह से शुरू हो जायेगी। वहीं सिटी मैनेजर रणधीर वर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से जल उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

**ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया अभियान तेज**

शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। वहीं सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने बताया कि झंडा चौक से स्टेशन तक सड़क पर लगने वाली दुकानों को पीछे खिसकाने की योजना बनाई गई है। इससे जाम की समस्या कम होगी और शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनेगी।

**समय पर करें भुगतान, नहीं तो होगा खाता फ्रीज**

शहर के होल्डिंग टैक्स संग्रहण में भी नगर पर्षद सख्ती दिखा रही है। ऋतिका प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच हेड सुदर्शन श्रीवास्तव ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 7.81 करोड़ रुपये का होल्डिंग टैक्स निर्धारित किया गया था, जिसमें से 17,332 धारकों ने 5. 15 करोड़ रुपये जमा कर दिया हैं। 169 लोगों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं, जिन्होंने समय पर कर का भुगतान नहीं किया। वहीं 790 लोगों को नोटिस भेजा गया है। इसी प्रकार, 1,800 व्यापार लाइसेंस धारकों में से 1,400 ने शुल्क जमा कर दिया है।

नगर पर्षद ने नागरिकों से समय पर कर भुगतान करने की अपील की है, जिससे शहर को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से चलाया जा सके। इस नयी व्यवस्था से झुमरी तिलैया एक आधुनिक और स्वच्छ शहर की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# कुएं में मिला लापता युवक का शव विरोध में लोगों ने किया सड़क जाम

**परिजन और स्थानीय लोग युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से मामले का खुलासा करने और आश्रितों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे**

- **कोडरमा थाना प्रभारी की ओर से वार्ता कर 24 घंटे के भीतर मामले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी करने और मृतक के आश्रित को सरकारी सुविधा दिलाने का आश्वासन पर एक घंटे के बाद जाम हटा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटियारो निवासी गत 18 फरवरी से लापता युवक उपेंद्र राणा का शव कोडरमा पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम जेजे कॉलेज के समीप सामंतों बाउंड्री के एक कुएं से बरामद किया था। इसके बाद शनिवार करीब 11 से परिजन समेत स्थानीय ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को लक्खीबागी के समीप नेशनल हाईवे रांची-पटना रोड पर रखकर सड़क जाम कर दिया।

इस दौरान मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से मामले का खुलासा करने और मृतक के आश्रितों को मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर पहुंचे कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने लोगों को समझाया। वहीं करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहने के उपरांत मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों के साथ कोडरमा थाना प्रभारी ने वार्ता कर 24 घंटे के भीतर मामले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी करने और सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के आश्रित को सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क से शव को हटाकर जाम को हटाया। वहीं सड़क जाम के कारण जाम स्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी थीं।

## सांसद ने कृष्णा कुमार ब्रह्मपुरिया को बनाया सांसद प्रतिनिधि झुमरीतिलैया नगर परिषद् के विकास में निभाएंगे अहम भूमिका



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं भारत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कृष्णा कुमार ब्रह्मपुरिया को झुमरीतिलैया नगर परिषद का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने के बाद कृष्णा कुमार ब्रह्मपुरिया ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नगर परिषद क्षेत्र के विकास को गति देने का हरसंभव प्रयास करेंगे। वहीं अविनाश सेठ, मनीष कसिमे, राजकुमार यादव, रवि कसिमे, अरुण सेठ, बीरेंद्र मेहता, सुनील भदानी, डॉ.अजय सेठ, डॉ.उपेंद्र भदानी, डॉ.मनोज भदानी, सुदर्शन यादव, डॉ.सागर मनी सेठ और पप्पू भदानी सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत नरेश नगर में एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 15 वर्षीय शिवानी कुमारी पिता राजकुमार सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका के माता-पिता कल शाम कुम्भ स्नान के लिए गए हुए थे और वह घर में अपने भाई और बड़ी चाची के साथ थी। वहीं मृतका की चाची ने बताया कि मृतका 10वीं का छात्र है, वह परीक्षा देने घर से निकला, इसी बीच शिवानी वर्तन धोने लगी और मुझसे बाहर बैठने को कहा। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वह बाहर नहीं आई तो उन्होंने अंदर जाकर उसके कमरे के अंदर झांका तो देखा कि शिवानी अपने दुपट्टे के सहारे पंखे से झूल रही थी। जिसके पश्चात् उन्होंने आस पड़ोस के लोगों को आवाज दी। जिसके बाद पड़ोस के लोग वहां पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतारकर स्थानीय निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की सूचना कुम्भ नहाने गए उसके माता-पिता को दी गई है, जिसके पश्चात् वे रास्ते से ही वापस लौट रहे हैं। इधर मिली जानकारी के अनुसार मृतका को तिलैया पुलिस ने एक पैंथर जवान सुबह करीब 3 बजे उसे घर छोड़कर गया। इस मामले में जब उक्त पैंथर जवान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सुबह करीब ढाई बजे जब वे गश्ती कर रहे थे, तो थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर उन्होंने शिवानी को किसी लड़के के साथ घूमते हुए पाया। जब दोनों से पूछताछ की गई तो मामला प्रेम प्रसंग का सामने आया। जिसके बाद लड़के के अभिभावक को बुलाकर उसे उसके हवाले कर दिया गया। अब चूंकि शिवानी के माता-पिता कुम्भ स्नान के लिए गए हुए थे, तो उसने शिवानी को एक ई-रिक्शा के द्वारा उसके घर पहुंचाकर उसकी चाची को सौंपते हुए सारी बातें बता दी।

## बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सेमिनार का आयोजन



**डोमचांच (कोडरमा)।** बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय भारत में शिक्षक शिक्षा वर्तमान परिदृश्य में समस्याएं एवं चिंताएं थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. चेतलाल प्रसाद, प्राचार्य, मां विन्ध्यावासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पदमा हजारीबाग, सचिव हिमांशु कुमार, प्राचार्य डॉ.भूपेंद्र ठाकुर एवं शिक्षकवृन्द ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं अतिथियों का स्वागत बीएड.प्रशिक्षु पूजा, शुभलक्ष्मी, काजल, सिम्पी, सुनीता, अनुराधा के द्वारा मधुर स्वागत गान से की गई, तत्पश्चात महाविद्यालय के सचिव हिमांशु कुमार के द्वारा स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ.चेतलाल प्रसाद ने अपने अंदर के उस महत्वपूर्ण ज्ञान को प्रशिक्षणार्थियों के बीच रखा, जिसकी जरूरत भारत के हर शिक्षक को है। वहीं मंच संचालन प्रो. हरीश कुमार नीरज ने किया। सभी प्रशिक्षणार्थी बारी-बारी शिक्षक शिक्षा सम्बन्धी कई तरह से प्रश्न किये, जिनका उत्तर बहुत सरलता पूर्वक मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया, साथ ही समस्त प्रशिक्षणर्थियों के मनोबल को बढ़ाया गया। वहीं डॉ. चेतलाल प्रसाद ने प्राचीन काल में शिक्षक का महत्व, वर्तमान शिक्षा पद्धति में शिक्षक की भूमिका के साथ-साथ वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सूचना तकनीकी के महत्व को बतलाया। मौके प्रो.हरीश कुमार नीरज, प्रो. विनोद कुमार अवस्थी, प्रो. मनोज विश्वकर्मा एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी व सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# मां मथुरासिनी महोत्सव 21, 22 और 23 मार्च को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के श्री माहुरी भवन में माहुरी वैश्य मंडल की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। वहीं बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ व संचालन सचिव सुनील भदानी व संयुक्त सचिव गौतम वैशखियार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मां मथुरासिनी महोत्सव 2025 को भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श करना था। वहीं मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ ने कहा कि मां मथुरासिनी महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक है। इसे भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक दिन श्री माहुरी भवन में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के सदस्य अपने सुझाव देंगे और तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वहीं माहुरी वैश्य महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कप्सिमे ने बैठक में महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय आयोजन होगा, जिसमें ध्वजारोहण, शोभायात्रा, पूजा-अर्चना, हवन, अखंड ज्योत, कीर्तन, महाआरती, मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत पहला दिन (21 मार्च) को ध्वजारोहण, भव्य शोभायात्रा। दूसरा दिन (22 मार्च) माता की पूजा-अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण, अखंड ज्योत, कीर्तन, महाआरती एवं गजरा अर्पण व तीसरा दिन (23 मार्च) मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**महोत्सव संयोजक बने अभिषेक रंजन**

सभा में मां मथुरासिनी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन हेतु अभिषेक रंजन को सर्वसम्मति से संयोजक नियुक्त किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने उनके नेतृत्व में महोत्सव को भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में पप्पू भदानी, उदय बड़गवे, रजत बड़गवे, सुनील ब्रहपुरिया, राजेश कुमार, प्रदिप कंधवे, शैलेश कुमार पहाड़ी, विकास वैशकियार सहित अन्य समाज के प्रतिष्ठित सदस्य मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में मिशन स्पंदन के तहत शनिवार को नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। वहीं सर्वप्रथम प्रोग्राम की शुरुआत ध्यान तथा ओम के उच्चारण के साथ की गई। उन्हें विद्यालय के बच्चों को ब्रह्मा कुमारी शिवानी बहन ने बताया की हमारा मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से बचाना है, क्योंकि आज के समय में छोटे-छोटे बच्चे भी तंबाकू, सिगरेट और नशीले पदार्थों की ओर जा रहे हैं। इसीलिए हम क्षेत्र के स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों को नशे से दूरी रखने की सीख दे रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों को नाटक के माध्यम से बताया जाएगा कि नशे से वर्तमान में कितनी भयंकर बीमारी हो रहे हैं। जिससे तन, मन, धन का नुकसान कई परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थ और अज्ञानता से दूरी के लिए हम स्कूली छात्रों को राजयोग मेडिटेशन मुफ्त सिखा रहे हैं। इस अवसर पर नाटक के माध्यम से समझाया गया की मोबाइल की लत कितनी बुरी है। इस अवसर विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह ने उनकी टीम को धन्यवाद तथा बधाई देते हुए कहा कि आप इस तरह का आयोजन हमारे विद्यालय के अभिभावक के लिए भी करें। वहीं निदेशिका संपा सिंह ने कहा की नशामुक्त समाज बनाने के लिए ब्रह्माकुमारी की पहल अति सराहनीय है। ब्रह्मकुमारी ने केवल समाज को आद्यात्मिक दिशा देती है, साथ ही साथ नशे जैसी समाजिक कुरीतियों को दूर करने का पुनित कार्य भी करती है। मौके पर प्राचार्य राहुल घोष, एके लाल कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी, विद्यालय के शिक्षक, व्यवस्थापक सदस्य मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज में स्वयंसेवकों ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन भगवान बिरसा मुंडा सदन ने कार्यभार संभाला। वहीं प्रथम सत्र शिविर में सभी स्वयंसेवकों ने लक्ष्यगीत के साथ शुरुआत की। इसके पश्चात मंत्र उच्चारण व योग करवाया गया। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों ने गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश सेठ ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलानुशासक डा. मिथलेश सिंह एवं उपनिदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने मानव शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.विनोद रंजन को पौधा देकर सम्मानित किया। वहीं डॉ.मिथलेश सिंह ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा करना हम सभी लोगों का दायित्व है, सेवा परमो धर्मः। गौशाला में स्वयंसेवकों द्वारा गौ माता को रोटी खिलाई गई। दोपहर को सभी स्वयंसेवक ने सामूहिक भोजन किया।

वहीं दूसरे सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने गांव के बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया और उनको पुरस्कृत किया व नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त अभियान चलाया और ग्रामीणों को जागरूक किया। मौके पर दीपक कुमार, आलोक कुमार, दीपानाथ, ओशो अंशुमन, सुलेखा, सृष्टि, महादेव, बिपिन, इंद्रदेव, आदित्य कुमार, रवि प्रसाद, मनीष सिंह, सूचित कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के तहत भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बकचुम्मा गांव में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में ज़िला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी विशेष रूप से शामिल हुए। उनके आगमन पर यज्ञ समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे से पूरे गांव को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। कलश पूजन के उपरांत मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बकचुम्मा गांव स्थित नदी से पवित्र जल भरकर पूरे गांव में यात्रा निकाली। इसके बाद विधिवत कलश स्थापन किया गया। इस अवसर पर ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि भक्ति एवं पूजन समारोह में सम्मिलित होने से मन व मस्तिष्क की शुद्धि होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे शरीर में होता है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से भक्तों का कल्याण होता है और जीवन में सुख-शांति का अनुभव प्राप्त होता है। जिस स्थान पर कथा और यज्ञ होते हैं, वह स्थान तीर्थ स्थल के समान हो जाता है। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य मंजु देवी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष संतान दांगी, उपाध्यक्ष मणि सिंह, सचिव अरविंद सिंह, उपसचिव प्रभु प्रजापति, कोषाध्यक्ष अर्जन रजक सहित सुनील सोनी, प्रदीप दांगी, जय दांगी, अविनाश सिंह, दीपक प्रजापति, मुकेश दांगी, राजू सिन्हा, मनीष ठाकुर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महोत्सव में संकटमोचन सेवा समिति ने किया सेवा कार्य

**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर संकटमोचन मंदिर सेवा समिति ने जनसेवा का सराहनीय कार्य किया। समिति ने मेले में आए लोगों के लिए सिर्फ पांच रुपये में बोतलबंद पानी उपलब्ध कराया, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली। तीन दिनों तक मां भद्रकाली को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन, 21 फरवरी को ज़िला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया और समिति के इस कार्य की सराहना की। जिप उपाध्यक्ष तिवारी ने समिति के सभी सदस्यों को इस सेवा कार्य के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि समाज के प्रति उनकी यह सेवा सराहनीय है। उन्होंने विशेष रूप से लखन राम, देवकुमार सिंह, सुधीर राय, राहुल कुमार, सोनू सिंह, जय सिंह समेत समिति के सभी सदस्यों के योगदान की प्रशंसा की। इस मौके पर डॉ दुलार हजाम, ललीत मोहन चौधरी, रामदहिन सिंह, रंधीर सिंह, तरूण कुमार, शंकर चंद्रवंशी, मंटू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रश्न पत्र लीक मामले में भाजयुमो ने फूंका पुतला



**चतरा।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा चतरा जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ के नेतृत्व में केसरी चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर दोबारा इस तरह की घटनाएं हुईं और झारखंड के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया, तो भाजयुमो पूरे राज्य में चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में जेपीएससी के प्रश्न पत्र लीक होते थे और अब छात्रों की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भी लीक हो रहे हैं, जो कि सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी काली यादव, भोला साहू, परशुराम शर्मा, मनजीत राणा, प्रवीण साहू, अमित राम, सुनील, अभिषेक जानू, रोशन सिंह, शिवम ठाकुर, शंकर साहू एवं भेखलाल मुंडा सहित भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजयुमो नेताओं ने सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

### प्रधानमंत्री आवास प्लस के तहत नाम जोड़ने के लिए सर्वे जारी

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारीसाखी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत लाभुकों के नाम जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। यह सर्वे पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय के नेतृत्व में किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान पंचायत सचिव ने बताया कि इस योजना में उन लाभुकों का नाम जोड़ा जा रहा है, जिन्हें अब तक कोई आवास योजना का लाभ नहीं मिला है और जिनके पास पक्के मकान नहीं हैं। इस कार्य के तहत पंचायत सचिव गांव-गांव जाकर योग्य लाभार्थियों की पहचान कर रहे हैं और उनका नाम सूची में दर्ज कर रहे हैं। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भुइयां समाज ने धूमधाम से शबरी जयंती मनाई



**गिद्धौर।** प्रखंड के भुरकुंडा गांव में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के द्वारा शनिवार को शबरी जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय भुइयां समाज के केंद्रीय सचिव दिनेश्वर राम और प्रखंड अध्यक्ष विजय भारती सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शबरी माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शबरी माता को भगवान श्रीराम की कृपा से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसके साथ ही समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी ने नशा छोड़ने और अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला एवं पुरुषों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।

### रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर सामाजिक जागरूकता का आयोजन



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले बेटी-बचाओ बेटी-पढ़ाओ पर सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मौके पर रैली निकाली गयी। वहीं रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार ने रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू और मारियमपुर, बड़कीबागी, छोटकीबागी, पुरनानगर रोड सहित अन्य ग्रामों में भ्रमण करते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व एनएसएस प्रभारी मो. सेराज ने किया। वहीं सृष्टि का सृजन है बेटी, घर का आंगन है बेटी तो है ईश्वर का उपहार, मत छीनो इनका अधिकार, जीवन का है ये आधार, बेटी को न समझें भार सहित अन्य नारों से सभी ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इसके अलावा बेटियों की रक्षा, उनके अधिकार को सभी ग्रामवासियों को बताया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, आनंद कुमार, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, खोमा रानी महतो, जयंती कुमारी व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, सेंटु कुमार, चंदन कुमार सहित प्रशिक्षुगण अंशु गुप्ता, नीतू यादव, स्मृति कुमारी, सुनील कुमार, प्रिंस कुमार, सोनाली, प्रिया, रौशनी, निशांत, अल्ताफ, अख्तर आदि मौजूद थे।

# तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव भव्य समापन

- **नामचीन कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा**





मंच पर गीत प्रस्तुत करते अथर्व बक्सी , अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते कवि सर्वेश अस्थाना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** तीन दिनों तक चले राजकीय इटखोरी महोत्सव का समापन शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कवि सम्मेलन और लोककला प्रदर्शन के साथ हुआ। इस आयोजन ने दर्शकों को भरपूर मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति की झलक भी प्रदान की। महोत्सव के अंतिम दिन देशभर से आए नामचीन कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। समापन समारोह में पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, बरही विधायक मनोज यादव, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, डीसी रमेश घोलप, एसपी विकास कुमार पांडेय, डीडीसी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत वर्षा ऋतु एंड ग्रुप के कलाकारों ने नागपुरी और खोरठा गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर की। इसके बाद प्रसिद्ध लोकगायिका अनुज्ञा शर्मा ने अपने लोकगीतों और भजनों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं, सिमरन डांस एकेडमी एंड ग्रुप के कलाकारों ने शिव तांडव और शिव-पार्वती विवाह की अद्भुत प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कवि सम्मेलन में देशभर के प्रसिद्ध कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य-व्यंग्य, देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों पर आधारित कविताओं ने लोगों को गुदगुदाया भी और सोचने पर भी मजबूर कर दिया। कई कवियों ने झारखंड की लोकसंस्कृति और ग्रामीण जीवन पर रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। महोत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड गायक अथर्व बक्सी की प्रस्तुति रही। उन्होंने एक के बाद एक सुपरहिट गानों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। उनकी गायकी ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। इस महोत्सव ने स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान किया। लोकनृत्य, नाटक, पारंपरिक संगीत और वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे कलाकारों में उत्साह और जोश देखने को मिला। तीन दिवसीय इस महोत्सव ने स्थानीय संस्कृति, कला और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। इस आयोजन ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया बल्कि कलाकारों, कवियों और संगीतकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान किया।

## मीडिया, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफल हुआ महोत्सव : उपायुक्त



**इटखोरी।** तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव के समापन समारोह में उपायुक्त रमेश घोलप ने महोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तीन जिलों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भव्य बन गया। समारोह में विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, जिला परिषद के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और कलाकारों के योगदान की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इन सभी की सहभागिता से महोत्सव को शानदार सफलता मिली। उन्होंने मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इसके सहयोग से महोत्सव की जानकारी व्यापक रूप से लोगों तक पहुंची। स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने के प्रशासन के प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच दिया गया, ताकि वे अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें। महोत्सव के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन में पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों ने अहम भूमिका निभाई। इस वर्ष आयोजित संगोष्ठी में पिछले वर्षों की तुलना में अधिक लोग शामिल हुए, जिससे आयोजन की सफलता और भी बढ़ गई। उपायुक्त ने कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य कला, संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित करना था, जिसे व्यापक रूप से सराहा गया।

**स्पीड न्यूज**

## पांच मार्च को गुमला के कचहरी परिसर से निकाली जायेगी चेतावनी मार्च

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच रायडीह प्रखंड के बैनर तले हरमन लकड़ा की अध्यक्षता में बाजारटांड़ में बैठक 5 मार्च को गुमला के कचहरी से निकलने वाली चेतावनी मार्च की सफलता को लेकर हुई। दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि ननबैंकिंग में जमा पैसे लेने का एकमात्र उपाय संगठित होकर आंदोलन करना होगा। सिंह ने गांव-गांव में जमाकर्ताओं से एकजुट होने और केंद्र और राज्य सरकार पर दबाव के लिए हो रही आंदोलन की तैयारी में जुटने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि सहारा इंडिया, एपीलाइन, पल्स इत्यादि सभी ननबैंकिंग कंपनियों में जमा झारखंड के लोगों का मेहनत के पैसे की जल्द भुगतान पर भी बजट सत्र में बात हो। इसके लिए 5 मार्च को गुमला में चेतावनी मार्च व 19 मार्च को राज्य स्तरीय विधानसभा मार्च में रांची चलने की भी अपील की है। बैठक में इसके अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में प्रकाश उरांव, लक्ष्मण उरांव, राजेश मुंडा, कर्मपाल गोप, चैतू मुंडा, लालिंद्र सिंह, श्रीकांतलाल उरांव, नवास दमदम, राजू मुंडा, अमृता सोनम, सविता लकड़ा, सीतामनी देवी, सोनामणि, दशमी इंद्रावती देवी, नैहरी देवी, अंजलि तिग्गा व महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## एक्सआइएसएस के छात्रों ने सेनेटरी नैपकिन पैड्स निर्माण केंद्र का किया भ्रमण



गुमला। रांची स्थित जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस) के 31 सदस्यीय छात्र दल ने शनिवार को डॉ मधुमिता सिंगा के मार्गदर्शन में डुमरी प्रखंड में संचालित सेनेटरी नैपकिन पैड्स का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने पैड्स की बारीकियों को करीब से जाना और इससे जुड़ी व्यावसायिक संभावनाओं को समझा। फार्म की संचालिका असद अंसारी ने पैड्स के तरीके, देखभाल और आर्थिक लाभ की जानकारी दी। छात्रों ने यह समझा कि सेनेटरी नैपकिन पैड्स से ग्रामीण महिलाओं को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। इसके बाद छात्रों का दल प्रखंड मुख्यालय का दौरा किया। जहां उन्हें बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी से मिलने का अवसर मिला। इस दौरान छात्रों को ग्राम सभा, ग्राम संगठन, क्लस्टर संगठन के कार्यों और लाभों के बारे में जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस दीदी मयंती देवी ने बताया कि एसएचजी से जुड़ने के बाद महिलाओं के जीवन में किस तरह सकारात्मक बदलाव आया। मौके पर छात्र छात्राएं, मार्केटिंग मैनेजर असद अंसारी, रंजिता कुमारी, जेएसएलपीएस के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## योग परिवार गुमला ने मनाया अपना 5वां स्थापना दिवस समारोह



गुमला। योग परिवार गुमला ने अपना पांचवां स्थापना दिवस समारोह बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क के आनंद मयी भवन में मनाया। इस अवसर पर योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में गुमला के प्रसिद्ध डॉक्टर हेमंत कुमार और डॉक्टर कृष्ण कुमार का स्वागत करते हुए बुके देकर सम्मानित किया गया। डॉ कृष्ण ने कहा कि योग करने से शरीर में रक्त संचार बढ़ता है, बुढ़ापा जल्दी नहीं आता है। शरीर हल्का और चुस्त बना रहता है। डॉ हेमंत ने कहा कि योग से शरीर और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने योग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि योग हमारे जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाने में मदद करता है। मौके पर योग गुरु संजय साहु, योगेंद्र प्रसाद साहु, शिव कुमार लाल, विशाल कुमार (बिट्टू), जयकांत राय, सुदामा बड़ाईक, सतीश बड़ाईक, शशि किरण जयसवाल, जयश्री बड़ाईक, लाल बाबू सिंह, रतन, सरीता देवी उपस्थित थे।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने किया विभिन्न गांवों का भ्रमण

गुमला। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के सदस्य शनिवार को भारत माला प्रोजेक्ट के तहत जिन गांवों से होकर सड़क गुजरने वाली है उन गांवों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के जमीन देने संबंधी विषय पर चर्चा भी की। जिसमें ग्रामीणों ने सड़क निर्माण हेतु खेती योग्य जमीन देने से इंकार करते दिखे। मोर्चा के सदस्यों ने चैरअंबा, भकुवाटोली, जामटोली, नकटी बरिसा, असनी, चंदाली, जोड़ा टांड, लठा बरटोली, कोलपारा घठा, काटासारू, बांसडीह, परसा, टुकुटोली, तुंज टोली आकद गांवों का भ्रमण किया। ग्रामीणों ने कहा कि चैरअंबा से कटकाया तक 32 किलो मीटर जमीन सड़क निर्माण में लिया जाएगा। जिसमें अधिकाशं जमीन खेती वाली जाएगी। जिसका वे विरोध कर रहे हैं। इस दौरान मोर्चा के जगन्नाथ उरांव, नीता देवी, लालीविद्या, हीरा गोप, गजेंद्र सिंह, दीपु उरांव, लोथे उरांव, सहदेव उरांव, दुर्गा, रामा उरांव, नवल उरांव, बहुरन उरांव, बिरसो उरांव आदि शामिल थे।

## घाघरा में छात्रों के बीच 144 साइकिल का किया गया वितरण



घाघरा। कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में घाघरा मीडिल स्कूल प्रांगण में आठवीं कक्षा के छात्रों के बीच निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके स्कूल आने जाने में सहूलियत प्रदान करना है। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि कोई भी बच्चा परिवहन की समस्या के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। बच्चे आसानी से स्कूल आ जा सके और अपनी पढ़ाई में अधिक ध्यान केंद्रित कर सके। वही प्रभारी कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र उरांव ने कहा इस योजना के तहत चयनित 66 बच्चे और 78 बच्चियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इसके पूर्वी प्रखंड क्षेत्र के 8 वीं के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया है। मौके पर कई शिक्षक छात्र-छात्र उपस्थित थे।

**कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है : पीडीजे**

# नशा समाज के लिए सबसे घातक बुराई : जस्टिस गौतम कुमार

- देश को नशा मुक्त बनाने का विद्यार्थियों व उपस्थित अतिथियों ने लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन करते अतिथि व कार्यक्रम में शामिल लोग।

**गुमला।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में शनिवार को डालसा व जिला प्रशासन के द्वारा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कानूनविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं प्रशासनिक न्यायाधीश गुमला जस्टिस गौतम कुमार चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र, डीसी कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह एवं मस्तिष्क विशेषज्ञ तथा काउंसलर डॉ सारिब अहमद शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। मौके पर जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने कहा कि जो व्यक्ति सही और गलत का भेद नहीं कर सकता वह अज्ञानता के अंधकार में जी रहा है। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए सबसे घातक बुराई है जो युवा पीढ़ी को अपने चंगुल में फंसाकर उनके उज्ज्वल भविष्य को अंधकारमय बना देता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था केवल अपराधों को दंडित करने तक सीमित नहीं है बल्कि समाज को जागरूक कर अपराधों को रोकना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि नशे से जुड़े अपराधों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को नशे से दूर रखें और अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जिले में पुस्तकालयों एवं शैक्षणिक संसाधनों को बढ़ाने पर प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। जिससे युवाओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गुमला जिला नशामुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कृतसंकल्पित है और इस दिशा में प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। मस्तिष्क विशेषज्ञ एवं काउंसलर डॉ सारिब अहमद ने कहा कि नशा व्यक्ति को पूरी तरह से मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ बना देता है और उसकी निर्णय लेने की क्षमता को समाप्त कर देता है। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें नशे से होने वाली समस्याओं पर प्रभावी संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि गुमला जिले में नशे के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है और प्रशासन नशा मुक्त समाज बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने एकजुट होकर नशा मुक्त हो देश हमारा का नारा लगाया। कार्यक्रम में ए डीजे 1 प्रेम शंकर, एडीजे 2 मनोज कुमार शर्मा, एडीजे 3 भूपेश कुमार, एडीजे 4 संजीव कुमार भाटिया, सीजीएम मनोरंजन कुमार, ए सीजीएम पार्थ सारथी घोष, डालसा सचिव रामकुमार लाल गुप्ता, सिविल जज सीनियर डिवीजन निर्मला बरला, एसडीजेएम पूनम कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी रीमा कुमारी, श्वेता सोनी, प्रतिक राज, श्रद्धा भूषण, शंभू सिंह डीडीसी दिलेश्वर महतो, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सर्वे को लेकर कार्यशाला**

# जो योग्य हैं उन्हे आवास दें : डीडीसी दिलीप प्रताप

**खबर मंत्र संवाददाता**




कार्यशाला को संबोधित करते डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सर्वे को लेकर लोहरदगा जिला के सभी पंचायती राज प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वावधान में सभी योग्य लाभुक जिनका नाम आवास उपलब्ध कराने हेतु सूची में अंकित नहीं है और वे आवास प्राप्त करने के योग्य हैं वैसे परिवार का नाम सर्वे में अंकित करने हेतु किया गया। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के द्वारा इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा गया कि वैसे व्यक्ति का नाम इस सर्वे में जरूर जोड़ा जाय जिन्हें आवास की अति आवश्यकता है। सभी जनप्रतिनिधि प्रतिदिन सर्वे में सभी योग्य व्यक्तियों का नाम जोड़ने के सहयोग करें तभी हमलोग का काम सफल हो पाएगा। अब तक जिला में 7000 परिवारों का सर्वेक्षण संपन्न हो चुका है। डीडीसी के द्वारा अबुवा आवास योजना के स्वीकृत लाभुकों को स्वयं ही ऐप के माध्यम से जियो टैग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आवास योजना में जे एस एल पी एस के ग्राम संगठन से सहयोग और सभी आवास योजना के साथ पंचायत में साप्ताहिक बैठक आयोजित करने का निर्देश सभी पंचायस्तरीय कर्मियों को दिया गया। इस कार्यशाला में अध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा सभी जन प्रतिनिधियों यथा जिलापरिषद सदस्य, प्रमुख, सभी पंचायत स्तरीय सदस्य, सभी मुखिया को आवास प्लस सर्वे में सभी जरूरत मंद व्यक्तियों का नाम अवश्य जोड़ने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी स्थिति में जरूरतमंद व्यक्ति पक्का आवास से वंचित न रहे। कार्यक्रम में योजना के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता के द्वारा जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रशिक्षण समन्वयक विजेंद्र कुमार, लेखापाल पूजा कुमारी सहित जिले के सभी जिप सदस्य, प्रमुख, पंसस, मुखिया, आवास प्रभारी जनसेवक एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

# प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : डीडीसी दिलेश्वर महत्तो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह व सिसई प्रखंड के नागरिकों ने रखी समस्या**




ऑन लाईन जुड़कर डीडीसी के समक्ष समस्या रखते लोग।

**गुमला।** डीडीसी दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित ई-जनशिकायत कार्यक्रम में सिसई और रायडीह प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया। कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, पीएम किसान और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उप विकास आयुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से आवास निर्माण करने के सम्बन्ध में कई नागरिकों ने वीसी के माध्यम से समस्याओं को रखा। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में सड़क निर्माण, पेंशन योजना, नाली निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, जलमीनार मरम्मती सहित अन्य समस्याएं थी। डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लेकर डीसी डॉ वाघमारे ने की बैठक



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 44 लक्ष्य के आलोक में निष्पादित आवेदन, स्वीकृत ऋण और बांटे गये ऋण संबंधी चर्चा हुई। बैठक में पीएमएफएमई अंतर्गत कुल लक्ष्य 81 के आलोक में प्राप्त आवेदन और बैंकों में लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सहकारिता विकास समिति की हुई बैठक

**डीसी ने कहा कि सभी लैम्प्स, पैक्स और व्यापार मंडल को सी एस सी आइडी उपलब्ध करायें**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की से जिले में अवस्थित लैम्प्स की वित्तीय वर्ष 2024-25 के कैश बुक एवं ऑडिट की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह वैसे पंचायतो के लैंप्स में जहां कार्यालय एवं गोदाम निर्माण का कार्य हो रहा है उसमें तेजी लायें। उन्होंने कहा कि सभी लैम्प्स, पैक्स एवं व्यापार मंडल को सी एस सी आईडी उपलब्ध करायें।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति ने महाकुंभ के लिए बस से यात्रियों को किया रवाना



लोहरदगा। लोहरदगा जिले से हजारों हजार की संख्या में लोग रोज महाकुंभ के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। शनिवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में बस से महिला पुरुष बच्चे रवाना हुए। जो रविवार को प्रयागराज संगम में डुबकी लगाएंगे। तत्पश्चात अयोध्या, काशी विश्वनाथ एवं विंध्याचल मंदिर में पूजा अर्चना कर संपूर्ण सनातन समाज के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। जय श्रीराम, प्रयागराज की जय, काशी विश्वनाथ की जय, विंध्याचल मैया की जय के नारों के साथ जय श्रीराम समिति जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने भगवा झंडा दिखलाकर बस को रवाना किया। इस मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी,रमेश राय उर्फ गुड्डु, राजकिशोर प्रसाद, महामंत्री प्रदीप साहू, जीवन राज मेहता, आर्यन कुमार, रूपेश गुप्ता, सुरेंद्र उरांव, बबीता देवी, सोनू ठाकुर, विक्रम कुमार समेत कई महिला/पुरुष भक्तगण मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



कुडू, लोहरदगा। कुडू थाना परिसर में सीओ मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में महाशिवरात्रि मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही साफ-सफाई व बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। बैठक में शिवरात्रि में होने वाले सभी शिव मंदिरों के बारे में समीक्षा की गई। चांपी महादेव मंडा, टीकों शिव मंदिर समेत कई शिव मंदिरों के बारे में बताया गया कि जहां काफी भीड़ होती है। बैठक में पूरी तरह से प्रशाशन सजग रहेगी ताकि शांति पूर्ण तरीके से महापर्व रहे। बैठक में थाना प्रभारी मनोज कुमार, एस आई दिनेश कुमार, सलीम आमिर, संजय कुमार तिलक, मृत्युंजय गिरी, विजय कुमार, प्रदीप प्रसाद, सुदामा प्रसाद, अजय वर्मा, अमित कुमार बंटू, ब्रजेश प्रसाद, नीलू देवी आदि मौजूद थे।

## परिजनों ने भट्ठा मालिक पर कराया प्राथमिकी दर्ज

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार ग्राम स्थित फुलझर नहर के समीप नाले में विगत 14 फरवरी को ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर का मौत घटना स्थल पर हो गया था। जबकि दूसरे मजदूर जो ट्रैक्टर चला रहा था। उसे गंभीर चोटें आई थी। जिसका इलाज सदर अस्पताल में करवाने के पश्चात बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया था। अब इसे मामले को लेकर सेन्हा थाना में व आवेदन देते हुए घटित घटना का आरोप ईंट भट्ठा मालिक पर लगाया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया कि मृतक नकुल लोहरा की मां तारामनी देवी पति असम्बर लोहरा द्वारा आवेदन के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि मृतक को ठीक से गाड़ी चलाना नही आता था। भट्ठा मालिक तालकेश्वर साहू जबरजस्ती ट्रैक्टर में ईंट लोड करवा कर तोड़ार ग्राम ईंट खाली कराने भेज दिया था। जिस पर लौटने के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो नाले में जा पलटा और नकुल की मौत हो गई। जबकि सुमन गंभीर रूप से घायल है, जो अभी भी इलाजरत है। उन्होंने कहा आवेदन के आलोक में भट्ठा मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

# धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही किसान धान बिक्री करें : बीडीओ संग्राम मुर्मू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में धान अधिप्राप्ति को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के जन सेवक और कृषक मित्रों के साथ बैठक आयोजित हुआ। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने निर्देश देते हुए सभी जनसेवक और कृषक मित्रों से कहा कि किसानों को प्रखंड क्षेत्र स्थित बदला, बूटी, सेन्हा और अलौदी के धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही सुविधानुसार लैम्प्स में किसानों को धन बिक्री करने के लिये प्रेरित करें वही धान बिक्री के लिये पंजीयन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी किसान धान का बिक्री नही कर रहें हैं। धान बिक्री कराने के लिये सभी जनसेवक कृषक मित्रों का सहयोग लें जो किसान पंजीयन कराये हैं और धान बिक्री नही कर रहे हैं। मौके पर प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत जनसेवक ओमप्रकाश साहु, संदीप रजक, मेहरानी टोप्पो, नागमनी उरांव तथा सभी कृषक मित्र उपस्थित थे।

# कानूनी सहायता व सशक्तिकरण कैंप को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** बीडीओ घाघरा ने अपने कार्यालय कक्ष में 23 फरवरी को प्रखंड कार्यालय में डालसा के द्वारा आयोजित कानूनी सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप के सफल संचालन को लेकर कर्मियों के साथ बैठक किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने बाल विकास विभाग, मनरेगा, अबुवा आवास सहित अन्य विभाग से संबंधित रिपोर्ट और परिसंपत्ति की सूची का विवरण जमा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा कानूनी सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्रामीणों के बीच कानूनी सहायता के साथ साथ सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधा, परिसंपत्ति का वितरण किया जाएगा। सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर कृषि प्रभारी पदाधिकारी शंकर खेरवार, बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला : जेएससीए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में खूंटी ने दुमका को छः विकेट से किया पराजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी की ओर से चार विकेट लेने वाले मीत जैन बने मैन ऑफ द मैच**




मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार प्रदान करते पूर्व जेएससीए अध्यक्ष व अन्य।

**गुमला।** जेएससीए अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट में खूंटी ने दुमका को छः विकेट से पराजित किया।

खूंटी की ओर से दस ओवरो में 21 रन खर्च कर चार विकेट चटकाने वाले मीत जैन मैन ऑफ द मैच बने। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय मुकाबले में टॉस जीत कर दुमका की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी दुमका की पूरी टीम 29.5 ओवरो में महज 103 रनों पर सिमट गयी। टीम की ओर से प्रीत सिंह 30, आयुष सिंह 15,सचिन व कुणाल ने 11-11 रनों की पारी खेली। खूंटी की ओर से मीत जैन ने चार, हर्ष ज्ञानी तीन व सतीश मुंडा ने दो विकेट हासिल किये।

जबाबी पारी खेलने उतरी खूंटी ने चार विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। आर्यन हुड्डा ने 28 गेदों पर 59 रनों की उम्दा पारी खेली। बलराम नायक ने 23 रनों का योगदान किया।

जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, एलओ अरुण राय ने प्लेयर ऑफ द डे मीत जैन को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, विमल कुमार, ओमशंकर सिंह, ज्ञान प्रकाश, मधुसूदन उरांव, सनी साहू, शशि प्रकाश, विनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे।

# शाईन पब्लिक स्कूल नगजुआ में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरीः अलीरजा**



**कैरो।** बच्चों के चहुंमुखी विकास में पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भुमिका होती है। अनुशासन, सहयोग, लक्ष्य निर्धारण, परिश्रम, चपलता, जीतने की जीजीविषा, तनाव को कम करने इत्यादि जीवन मेंआगे बढ़ने के लिए सभी आवश्यक चीजें खेल के माध्यम से सीखी जा सकती हैं। ये बातें कैरो प्रखंड के नगजुआ स्थित शाईन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड यूनियन ऑफ सेकंडरी एजुकेशन के केन्द्रीय मीडिया प्रभारी अलीरजा अंसारी ने कहीं।उन्होंने कहा कि शाईन पब्लिक स्कूल बच्चों की सुंदर भविष्य गढ़ने में हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यालय के निदेशक माजिद आलम ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन प्रतिबद्ध है। मौके पर आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के निदेशक अमीन अंसारी ने सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर लगातार कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से ओवरऑल चैंपियन के खिताब पर ब्लू हाऊस कब्जा जमाने में सफल रहा। मौके पर कराटे कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार, प्राचार्य फादर फूलजेन सारस, मनीषा, अनिसा, प्रभात निरंजन, प्रीति खेस, शीला, पिंकी, अरमान, सीमा, प्रवेज आलम व अभिभावक उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई

**लातेहार।** जैक द्वारा आयोजित जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शनिवार को भी शांति एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई। मैट्रिक व इंटर में 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मैट्रिक में संस्कृत विषय की परीक्षा ली गई। जिसमें 5947 परीक्षार्थियों में 5903 उपस्थित हुए। जबकि 44 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर के व्यवसाय गणित, सोशियोलॉजी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 2691 में 2668 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 23 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों में दंडाधिकारी नियुक्त किये गये हैं। परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र में धारा 144 भी लागू किया गया है। साथ ही सभी केंद्रों में पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। वहीं केंद्रों में पानी, बिजली समेत अन्य सुविधा बहाल की गई है। गौरतलब हो कि जिले में मैट्रिक के लिए कुल 39 व इंटर के लिए कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं।

### सर्पदंश से युवती गंभीर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीखाप ग्राम में सर्पदंश से एक युवती अचेत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार काजल कुमारी 18 वर्ष पिता गंगा भगत, ग्राम बारीखाफ, थाना बारियातु निवासी अपने घर के बाहर बैठी हुई थी इसी दौरान एक विषैले सांप ने डंस लिया। जिससे वह अचेत हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा युवती को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### विशेष राजस्व शिविर का आयोजन



**बालूमाथ।** लातेहार उपयुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार बालूमाथ अंचल कार्यालय में शनिवार को विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस राजस्व शिविर में ऑनलाइन झारभूमि, पोर्टल पर दर्ज जमाबंदियों में व्यापक त्रुटि का निराकरण, दाखिल खारिज, उत्तराधिकार बंटवारा नामा के आधार पर नामांतरण तथा विभिन्न राजस्व कार्यो भूमिमापी, ऑनलाइन लगान रसीद से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया गया। इस शिविर में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी बिजय कुमार ने बताया कि सभी आए हुए मामलों की जांच की जा रही है। जो मामला यथाशीघ्र निष्पादन करने योग्य होगा जांच के बाद इसका निष्पादन त्वरित किया जाएगा एवं वैसे मामले जो त्वरित निष्पादन नहीं हो सकते वैसे मामलों पर विविध वाद चलाकर निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार सप्ताह के तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को यह शिविर लगाया जाएगा तथा यह शिविर आगामी 4 मार्च 2025 तक बराबर लगेगा। इस मौके पर प्रधान सहायक मनोज कुमार, राजस्व कर्मचारी वीरेंद्र टोप्पो, विकास शर्मा, दयालु केरकेट्टा सेमत कई लोग मौजूद थे।

# गरीब परिवारों को मुफ्त मीटर व कनेक्शन की मांग को ले ग्रामीणों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

- कनेक्शन देने के नाम पर गरीब परिवारों से की जा रही है अवैध उगाही : बिरजू राम

खबर मन्त्र संवाददाता






**बरवाडीह।** बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ शनिवार को केचकी पंचायत के सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाकपा माले के बैनर तले तमाम बीपीएल धारियों को मुफ्त बिजली मीटर लगाने की मांग को लेकर पुराना ब्लॉक परिसर से विशाल रैली निकाली। यह रैली बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के अम्बेडकर चौक से बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विद्युत कार्यालय में जाकर धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गयी। इस दौरान उपभोक्ताओं से मनमानी करना बंद करो, गरीब परिवारों को निशुल्क बिजली मीटर दो, भाकपा माले जिंदाबाद आदि नारे को बुलंद किया। घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व माले जिला सचिव कामरेड बिरजू राम कर रहे थे। जहां विद्युत कार्यालय के घेराव के दौरान सहायक अभियंता बी महतो को तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि तमाम बीपीएल धारियों को फ्री बिजली मीटर और कनेक्शन दिया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली धारकों को बेवजह परेशान नहीं किया जाए और बिजली कनेक्शन के नाम पर मनमानी पैसा लेना बंद किया जाए। बिरजू राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत गावों मे बीपीएल धारियों को फ्री बिजली मीटर दिया गया था। बावजूद गरीब ठगा महसूस कर रहे हैं। आज अधिकांश लोगों के घर में या तो फॉल्स मीटर है या फिर दूसरे के नाम पर है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। आज भले सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री दे दी हो लेकिन मीटर लगाने के नाम पर लोगों से 8000 से 10000 रुपए ठगा जा रहा है या फिर पूर्व में लगे मीटर को गलत करार देकर कनेक्शन काट दिया जा रहा है। कॉमरेड बिरजू राम ने बिजली विभाग को सचेत करते हुए कहा कि सरकार या प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाकर लोगों को फ्री मीटर देने की गारंटी करें नहीं तो माले बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इनके अलावे जिला कमिटी सदस्य कॉमरेड कमलेश सिंह और किसान नेता सह केचकी पंचायत सचिव लुरुक सिंह ने अपनी बात रखते हुए बिजली विभाग की मनमानी पर आक्रोश जताया।

## सदर प्रखंड के कई गांवों के लोग उड़ती धूल से परेशान



पीसीसी सड़क के ऊपर से मिट्टी हटाते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय से निंदिर तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान सड़क में मिट्टी गिराई गई है। लेकिन पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण सदर प्रखंड के मोंगर, निंदिर, तुरीडीह समेत कई गांवों के लोग उड़ती धूल से परेशान हैं। यह सड़क लगभग आठ किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। मोंगर गांव में पीसीसी का निर्माण किया गया है। संवेदक ने पीसीसी सड़क के ऊपर मिट्टी डाल दी है। ग्रामीण पिंटू कुमार और सोनू प्रसाद ने कहा कि संवेदक ने लापरवाही छुपाने के लिए पीसीसी सड़क पर मिट्टी डाल दी। निर्माण कार्य भी घटिया किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द सड़क पर डाली गई मिट्टी हटाई जाए। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। राहगीर बसंत कुमार, रमेश कुमार और शांति देवी ने कहा कि उड़ती धूल से चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संवेदक की लापरवाही से यह स्थिति बनी है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द समाधान निकाला जाए। सड़क किनारे मिट्टी को सही तरीके से दबाकर पक्कीकरण किया जाए, ताकि धूल की समस्या खत्म हो। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## चिल्ड्रन पैराडाइज विद्यालय का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



- शिक्षा रूपी दीप से ही होगा सभ्य समाज का निर्माण : अश्विनी मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्र बाजार में स्थित चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, राजकुमार पाठक, रामप्रसाद साहू, बलदेव साहू, महेंद्र साहू, डॉ. बलवंत सिंह, शुक्र बाजार अंजुमन कमेटी के सदर नसरुद्दीन मियां, सेक्रेटरी रियाज टेलर्स, प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गान व कई नृत्य व संगीत पेश किये, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर अश्विनी मिश्र ने कहा कि शिक्षा रूपी दीप ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकती है। इसलिए आप सभी अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। वहीं प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर ने कहा कि विद्यालय परिवार सीमित संसाधनों के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने का प्रयास कर रहा है। आने वाले समय में यहां 10वीं तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

मौके पर दीपक निषाद, अमित कुमार, कृष्णा कुमार, विद्यालय के शिक्षक सुभाष डे, मुनेश्वर उरांव, सत्येंद्र सिंह, संजीत सिंह, मिथलेश कुमार, आयुष, अंजली देवी, गुलिस्ता परवीन, अनुराधा समेत काफी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे।

## हनी मिशन के तहत 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण संपन्न



**लातेहार।** जिले के सरयू प्रखंड के गणेशपुर और अमवाटिकर गांव में हनी मिशन के तहत चल रहे 10 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुई। यह प्रशिक्षण नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ के सहयोग से खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग रांची के द्वारा चलाई जा रही थी। इस प्रशिक्षण में खादी आयोग रांची के एसडी चौधरी और प्रशिक्षक मनरखन महतो ने 25-25 के बैच में प्रशिक्षण दिया। इसमें गणेशपुर पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नव जागरण सेवा केंद्र रामगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रौशन कुमार और जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी लाभार्थियों को 10-10 मधुमक्खी बॉक्स, जरूरी कीट और मधु निकालने का यंत्र दिया जाएगा। इसका मकसद ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ना है। जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है। मधुमक्खी पालन किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया बनेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अधिक से अधिक लोगों को इस कौशल से जोड़कर पलायन रोकना हमारा लक्ष्य है।

## मुखिया ने लोहरसी के अखराटोली में पेयजल संकट का लिया जायजा



- नल जल योजना का यूनिट खराब होने से पानी के लिए ग्रामीणों को हो रही परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा मुखिया संघ के अध्यक्ष सह माल्हन मुखिया जतरु मुंडा ने शनिवार को पंचायत अंतर्गत लोहरसी ग्राम के अखरा टोली का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना, जहां ग्रामीणों ने टोले में लंबे समय से नलजल योजना का यूनिट खराब होने के कारण उत्पन्न पेयजल संकट को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि यूनिट के खराब होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने कहा मामले को लेकर उन्होंने विभाग एवं ठेकेदार को समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन अबतक कोई पहल नहीं की गयी है। ठेकेदार से पूछने पर बोला गया कि ग्रामीण चंदा पैसा करके बनवाएं, कंपनी के द्वारा बनाने का कोई प्रावधान नहीं है, ठीकेदार को नुकसान हो जाएगा। वहीं पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने ग्रामीणों को भरोसा देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निराकरण को लेकर मैं हमेशा साथ खड़ा हूं। जिले के उपायुक्त से मिलकर पेयजल समस्या को रखूंगा।

मौके पर सुशील भगत, महावीर भगत, लालमुनि देवी, प्रदेशीया देवी, संजय भगत, मो. आजाद व दर्जनों लोग मौजूद थे।

# चंदवा : मध्य विद्यालय कामता में शिक्षकों की भारी कमी

- स्कूल में यह कैसी शिक्षा व्यवस्था 237 बच्चों को पढ़ाने के लिए केवल 3 शिक्षक, पढ़ाई प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** कामता पंचायत के गांव कामता के राजकीय मध्य विद्यालय का पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने निरीक्षण किया। इस क्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार से विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की संख्या एक व विद्यार्थियों की उपस्थिति समेत कई बातों की जानकारी ली। इस क्रम में रसोई घर जाकर मध्याह्न भोजन की जांच की, मध्याह्न भोजन में खिचड़ी, चोखा और आचार बन रहा था। इस स्कूल में शिक्षकों के नौ पद हैं लेकिन मौजूदा समय में सिर्फ तीन शिक्षक धनंजय कुमार, कलेमेंसिया लकड़ा, राजकुमारी उपस्थित थे, जो बच्चों को पढ़ा रहे थे। 237 नामांकित छात्र-छात्राओं में 169 बच्चे उपस्थित थे, प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ने बताया कि दो शिक्षक 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गए हैं, तब से तीन ही शिक्षक इस स्कूल में बच गए हैं, अयुब खान ने कहा कि एक शिक्षक को रिपोर्ट बनाने में ही समय बीत जाता है ऐसे में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की पढ़ाई तीन शिक्षकों के सहारे कैसे होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। जबतक स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को पूरा नहीं किया जाता है तबतक राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने का अभियान कैसे सफल होगा। शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, खाली पदों को भरने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा अबतक ठोस प्रयास नहीं किया गया है, स्कूल के कमरों की भी मरम्मत की आवश्यकता है, स्कूल की प्लास्टर टूटकर गिर रही है, कहीं कहीं हल्की दरारें आ गई हैं, स्कूल की बाउण्ड्री टूटे फुटे होने के कारण असुविधा हो रही है।

लोकसभा चुनाव के समय शौचालय बनाया गया था लेकिन इसमें टाईल्स बिछाया नहीं गया, शौचालय में पोचाड़ा भी नहीं किया गया बाद में शिक्षकों ने खुद पोचाड़ा करवाया। पंसस अयुब खान ने जिला शिक्षा अधिक्षक से स्कूलों में खाली पड़े पदों को जल्द भरने की मांग की है।

## जीपीडी के तहत साल्वे पंचायत के बारिखाप में ग्राम सभा आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत ग्राम बारिखाप में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बारिखाप के प्रांगण में ग्राम प्रधान राजदेव भगत की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित पदाधिकारीकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के ज्ञापांक 367 दिनांक 18-02-2025 के आलोक में वार्षिक कार्य योजना 2025-2026 को तैयार कर इसकी प्रविष्टि ग्राम स्वराज के पोर्टल में की जाएगी। जिसमें सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 में विशेष कर नौ (9) थीम में पंचायत स्तरीय विकास लक्ष्यों तथा गरीबी मुक्त और आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ्य पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वस्थ और हरित पंचायत, आत्म निर्भर और बुनियादी ढांचे वाला पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायत का स्थानीयकरण करते हुए योजनाएं ली जानी हैं।

इस ग्राम सभा में मुखिया राजीव भगत, पंचायत सचिव प्रकाश कुमार, रोजगार सेवक सुरेंद्र पासवान, पंचायत सहायक मनोज ठाकुर, फौजदार गंझू, आवास मित्र महावीर उरांव, आरिफ अंसारी व भारी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित हुए।

# विधायक ने किया कब्रिस्तान और सरना स्थल सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

- सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की रखी जाएगी आधारशिला : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह ।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के बेतला, पोखरी कला, पोखरी खुर्द और कुटमू में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए घेराबंदी कार्य का शुभारंभ किया गया। उन्होंने शनिवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में इन महत्वपूर्ण योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक ने बताया कि कल्याण विभाग की योजना के अंतर्गत बेतला के तुरीटोला, पोखरी खुर्द और पोखरी कला के पूरब टोला में कब्रिस्तान की घेराबंदी एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही, कुटमू में सरना स्थल की घेराबंदी भी प्रस्तावित है। जिससे स्थानीय समुदायों को अपने धार्मिक स्थलों के उचित रखरखाव और संरक्षण में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार एवं प्रशासन द्वारा आगे भी इस तरह की जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का हर्षपूर्वक स्वागत किया और विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी और समुदाय को अपने धार्मिक एवं सामाजिक रीति-रिवाजों को बनाए रखने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने अपने मद से नवनिर्मित समुदायिक भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, शमशुल अंसारी, हेसामुल अंसारी, सदाकत हुसैन और दिलावर अंसारी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीआरसी कार्यालय में आधार कार्ड बनाने के नाम पर हो रही है अवैध उगाही

- प्रत्येक बच्चे से लिये जा रहे 200 से 300 रुपये, पदाधिकारी मौन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ बीआरसी कार्यालय में सरकार द्वारा लगाए गए बच्चों के आधार कार्ड में त्रुटि के सुधार के लिए शिविर में कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक बच्चे से 200 से 300 रुपये की अवैध उगाही धड़ल्ले से की जा रही है। छात्र रोशन कुमार पिता रघु तुरी, ग्राम नगडा, अंकुर साव पिता फुलदेव साव, मो. सोहेल समेत कई लोगों ने बताया कि हम लोग अपना आधार कार्ड सुधरवाने के लिए गए थे। वहां कंप्यूटर ऑपरेटर 200 से 300 रुपये ले रहा है। पैसा नहीं देने पर वह आधार कार्ड में त्रुटि को सुधार नहीं कर रहा है। बालूमाथ बीआरसी कार्यालय में पिछले दो से तीन महीने में यह आधार कार्ड सुधारने का शिविर लगाया गया है जो निरंतर जारी है। लोगों ने बताया कि इस शिविर में प्रत्येक दिन 50 से 100 लोग अपना आधार कार्ड सुधार करवा रहे हैं और इस तरह से अवैध उगाही देखा जाए तो 10 से 20,000 प्रत्येक दिन अवैध उगाही की जा रही है। इसकी भनक बगल में बैठ रहे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नहीं है। वहीं इस संबंध में आधार कार्ड बना रहे कंप्यूटर ऑपरेटर से पूछे जाने पर कहा कि यह आधार कार्ड बनाने में 100 लेना था लेकिन हम लोग अपना खर्चा 100 रुपये बढ़ा कर ले रहे हैं। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने कहा कि इस तरह की शिकायत अगर आ रही है तो मैं इसकी जांच करूंगी। वहीं लातेहार डीएससी गौतम कुमार साहू ने कहा कि यह कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी देखते हैं। मैं उनसे डिस्कस करने के बाद ही कुछ कर पाऊंगा। बरहाल जो भी हो सरकारी कार्यालय में शिविर लगाकर महीने में 3 से 5 लख रुपए की अवैध उगाही होना एवं पदाधिकारी को मौन रहना कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है।

# बोकारोः बीएसएल के सीडीडी विभाग में हिंदी की समृद्धि के लिए कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बीएसएल के सीडीडी विभाग के सभागार में आयोजित हिंदी कार्यशाला में विभाग के सीजीएम शालिग्राम सिंह जीएम मो तस्निम सलाम व जीएम एसआईजीएस वीके सिंह के साथ विभाग के अधिशासी तथा कर्मचारी एवं राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में वरीय प्रबंधक विभा रानी व प्रधानाचार्य डॉ एनके राय उपस्थित थे। कार्यशाला में एजीएम सह विभागीय हिंदी अधिकारी ज्योति ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजभाषा विभाग के एनके राय ने राजभाषा नियमों और सांविधिक प्रावधानों से जुड़े भारत सरकार की नीति वार्षिक कार्यक्रमों निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों विश्व पटल पर हिंदी के बढ़ते चरण आदि विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया और राजभाषा हिंदी का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक बताया। सीजीएम शालिग्राम सिंह ने बीएसएल के सिविल अभियंत्रण विभाग की भारत सरकार के राजभाषा नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु सीडीडी कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर निबंध प्रतियोगिता कविता प्रतियोगिता एवं पोस्टर/स्केच प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का संयोजन सुधीर पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन आरएन राकेश ने किया। कार्यशाला में सीईडी विभाग के एजीएम बीवी चंद्रा परवेश मिंझ रमो काशिफ हुल रंजन के अलावा कोक-ओवन सिंटर प्लांट धमन भट्ठी एसएमएस मिल जोन ऑक्जिलरी शॉप अनुरक्षण केंद्रों तथा एसआईजीएस विभाग से आए 55 प्रतिभागी उपस्थित थे।

# बोकारो : आदिवासी सेंगेल अभियान ने निकाली बाइक रैली, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** आदिवासी सेंगेल अभियान के तहत झारखंड में संताली भाषा को प्रथम राजभाषा की मांग को लेकर जैनामोड़ स्थित तिलका मुर्मू चौक से नया मोड़ स्थित बिरसा मुंडा चौक होकर डीसी कार्यालय तक बाइक रैली निकाली गई। इसके बाद सेंगेल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम डीसी विजया जाधव को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व सेंगेल बोकारो जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने किया। श्री सुखदेव ने कहा कि आज दुनिया की लगभग 7000 भाषाओं में से 40 फीसदी भाषाएं विलुप्ति के कगार पर खड़ी हैं जिनमें आदिवासी भाषाएं खतरे की जोन में पंहुच चुकी हैं। सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आदिवासी प्रदेश झारखंड की जहां सर्वाधिक संताली भाषा बोली जाती है बावजूद इसके संताली भाषा को झारखंड प्रदेश में राजभाषा का दर्जा प्रदान नहीं किया गया है। सर्वाधिक बड़ी और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त आदिवासी भाषा-संताली को अनुच्छेद-345 के तहत झारखंड की प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए। बाकी झारखंडी आदिवासी भाषाओं को समृद्ध संवर्द्धित और संरक्षित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संयोजक हराधन मार्डी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा जयराम सोरेन सुगदा किस्कू सेंगेल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता सोरेन शामिल थे। बाइक रैली में बोकारो जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू, विजय मरांडी कालीचरण किस्कू संजय टुडू राजेश मुर्मू भुटेल टुडू करमचंद मुर्मू उपेन्द्र हेम्ब्रम विजय मार्डी बुटान बेसरा कृष्णा किस्कू नमिता टुडू सोनी मुर्मू जगदीश हांसदा जागेश्वर मुर्मू विशेश्वर मुर्मू हरीशचंद्र, लालचंद टुडू मोहन सोरेन हरिनारायण मुर्मू सूरजमणि सोरेन पद्मा सोरेन संजय बास्के पानमति आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### मंत्री ने गोमिया डिग्री कॉलेज मे पेयजलापूर्ति योजना कार्यो का किया शिलान्यास

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया डिग्री कॉलेज के परिसर में जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मघ निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। मंत्री ने कहा कि गोमिया विधानसभा के साथ साथ राज्य में योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से आज जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया हुआ है। महाविद्यालय में जलापूर्ति योजना चालू हो जाने से यहां पढ़ रहे छात्र छात्राओं को पानी की समस्या से दो चार नही होना पड़ेगा। मेरा हर संभव प्रयास रहेगा कि राज्य की जनता को पानी को लेकर कोई परेशानी नहीं हो और कहा कि राज्य सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। साथ ही इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बोकारो जिला मे झामुमो के लगभग एक लाख सदस्य बनाये गये : हीरालाल मांझी

**बेरमो।** झरखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देश पर शनिवार को पंचायत कमिटी पुनर्गठन झामुमो के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक हीरालाल मांझी के देखरेख मे पेटरवार के बेरमो विधानसभा अन्तर्गत अंगवाली उतरी, चलकरी दक्षिणी, चलकरी उतरी तीनो पंचायत मे जिला संयोजक सदस्य घुनू हांसदा, अशोक कुमार मुर्मू एवं प्रखंड परवेक्षक निलेश टुडू, बिक्की आनंद महतो, गोपिन मुर्मू के उपस्थिति मे पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। हीरालाल मांझी ने कहा कि पंचायत कमिटी का पुनर्गठन के साथ साथ सदस्यता अभियान चला रहे रहे है। कहा कि बोकारो जिला में लगभग 1 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है ओर हमलोग हर पंचायत मे कमसे कम 5 हजार सदस्य बनाएंगे। कार्यक्रम मे मोईन अंसारी, बुधन रजवार, सरफराज अहमद, श्रीराम हेम्ब्रम, ललन सोनी, हीरालाल मुर्मू, ललन टुडू, महादेव मुर्मू, विनोद नायक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### दुगार्पुर पंचायत में जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा का आयोजन

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास जीपीडीपी के तहत ग्राम पंचायत विकास कार्य योजना 2025–26 की योजनाओं का चयन हेतु ग्राम सभा किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया अमरेश कुमार महतो ने की। ग्राम सभा में ग्रामीणों के द्वारा 15वें वित्त योजना से पेवर ब्लॉक निर्माण सोलर चलित जल मीनार पीसीसी पथ श्मशान घाट में शेड व स्नान घर निर्माण मनरेगा के तहत सिंचाई कूप बिरसा हरित आम बागवानी टीसीबी डोभा तालाब मिट्टी मोरम पथ निर्माण पशुपालन विभाग से मुर्गी पालन बतख पालन सूअर पालन बकरी पालन मुर्गी सेड कृषि विभाग से सिंचाई हेतु डीप बोरिंग पेयजल से नए चापाकल निर्माण माइनर इरिगेशन सिंचाई विभाग से चेक डैम तालाब का जीर्णोद्धार एमएफटी योजना के तहत पीसीसी पथ गड़वाल विवाह मंडप मांझी हाउस सोहराई भवन जेहरा स्थल घेराबंदी भूमि संरक्षण आदि से तालाब गहरीकरण योजना तथा जेएसएलपीएस से महिलाओं के लिए दीदी बड़ी योजना आदि योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर पंचायत सचिव गीता कुमारी रोजगार सेवक रजनीकांत राकेश, उप मुखिया पंचानन महतो, वार्ड सदस्य पविता देवी, रामकुमार महतो, जमील अहमद अंसारी, पंचायत सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार, सनातन महतो, सिद्धेश्वर महतो, सृष्टिधर महतो आदि उपस्थित थे।

### मृतक की पत्नी को 25 लाख एवं घायल को दो लाख भुगतान पर बनी सहमति



बेरमो। बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड अंतगर्त बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के स्क्रेप वाले बी पावर प्लांट में घटित घटना में मृतक एवं घायल मजदूर के आश्रितों को मुआवजा एवं नियोजन की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं राधा स्मेलटर्स कंपनी तथा डीवीसी प्रबंधन के बीच लगभग चार घंटे तक की मैराथन सकारात्मक वार्ता के बाद रात्रि लगभग साढ़े दस बजे ग्रामीणों द्वारा 500 मेगावाट वाले एक पावर प्लांट का गेट जाम आंदोलन समाप्त कर दिया। गेट जाम के समापन के बाद डीवीसी पावर प्लांट में फंसे जेनरल एवं बी शिफ्ट के डीवीसी कामगारों सहित एएमसी, एआरसी सहित राधा स्मेलटर्स कंपनी के कामगारों ने बाहर निकलकर राहत की सांस ली .इसके पूर्व पावर प्लांट स्थित तकनीकी भवन के सभागार में आयोजित वार्ता में डीवीसी के जीएम ओएंडएम मृत्युंजय प्रसाद, प्रबंधक एचआर सुनील कुमार, जन प्रतिनिधियों में भरत यादव, श्रवण सिंह, सीमा देवी, सांसद प्रतिनिधि दीपक कुमार महतो, जितेंद्र यादव, मुखिया विकास सिंह, विश्वनाथ महतो, चंद्रदेव घांसी, जिला परिषद सदस्य शहजादी बानो, मंजूर आलम, सीमा देवी, नीलकंठ महतो, नरेश महतो, सुनील महतो, रीता देवी, अनीता देवी, जलेश्वर महतो आदि थे। जबकि राधा स्मेलटर्स कंपनी से पवन कुमार शर्मा एवं बशीर शेख शामिल थे। वार्ता में तय किया गया कि मृतक भोला सिंह की पत्नी को बतौर मुआवजा 25 लाख रुपए का भुगतान के साथ ही दाह–संस्कार के लिए तत्काल 50 हजार रुपए, बच्चों की पढ़ाई के लिए जब तक कंपनी का कार्य है तब तक बीस हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा .इसके अलावा डीवीसी द्वारा मृतक की पत्नी को एएमसी–एआरसी के कार्य में नियोजन दिया जाएगा। साथ ही घायल करण कुमार को बतौर मुआवजा दो लाख रुपए तथा समुचित इलाज की व्यवस्था कंपनी द्वारा की जाएगी। वार्ता के बाद छह घंटे बाद गेट जाम आंदोलन समाप्त कर दिया गया।

## कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की हुई एजेंडा वार्ता

# प्रतिदिन 20 हजार टन कोयला उत्खन्न का लक्ष्य : जीएम

>> राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता के क्षेत्र में भरपूर सहयोग देने का कार्य होगा, लेकिन जब तक श्रमिक जमात खुशहाल नही हो, अपने कार्य स्थल पर मानसिक शांति के साथ काम नही करें फिर कोई भी व्यक्ति कैसे अपनी दक्षता का शत प्रतिशत उपयोग कर सकता है

### महाप्रबंधक संजय कुमार के साथ सभी विभागाध्यक्ष रहे मौजूद



यूनियन के साथ बैठक करते महाप्रबंधक संजय कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन की एजेंडा वार्ता हुई। इसमें क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार, विभागाध्यक्ष सुरक्षा सुनील गुप्ता, विभागाध्यक्ष असैनिक संजय कुमार, सीएसआर के अधिकारी चंदन कुमार सहित अन्य विभाग के प्रमुख शामिल रहे।

वही संगठन की ओर से क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, जिला परिषद के सदस्य आकाश लाल सिंह, गणेश राम, शक्ति सिंह सहित संगठन के सदस्य शामिल रहे। महाप्रबंधक कुमार ने उत्पादन-उत्पादकता सहित डिस्पैच की पूरी वस्तुस्थिति को रखने का कार्य किया।

प्रतिदिन 15-16 हजार टन कोयला के उत्खन्न होने और इसे 20 हजार तक पहुंच जाने की बात कही। वही वर्तमान में नगेटिव ग्रोथ की मात्रा कम होने, मार्च के द्वितीय सप्ताह तक इसे पूरी तरह खत्म कर दिए जाने की आशा जाहिर की। इसका सभी सदस्यों द्वारा मेज थपथपा और हैंड क्लिप के द्वारा स्वागत किया गया।

महाप्रबंधक कुमार ने अपेक्षा जाहिर किया कि कथारा क्षेत्र के विकास में श्रमिक संगठन का अपेक्षित सहयोग मिलते रहेगा। राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता के क्षेत्र में भरपूर सहयोग देने का कार्य होगा। लेकिन जब तक श्रमिक जमात खुशहाल नही हो, अपने कार्य स्थल पर मानसिक शांति के साथ काम नही करें फिर कोई भी व्यक्ति कैसे अपनी दक्षता का शत प्रतिशत उपयोग कर सकता है।

क्षेत्रीय सचिव सिंह और जीएम यूनिट के सचिव शक्ति सिंह ने आवास मरम्मति, पेयजल की समुचित उयलब्धता, श्रमिकों के समय पर पदोन्नति, महिलाओ के लिए शौचालय, कामगारो के लिए संडे, संवेदनशील पद पर विराजमान लोग का नियम अनुसार स्थानांतरण, विवाह मंडप, जीम की सुविधा, कथारा के मुख्य मैदान में ड्रेस चेंजिंग रूप, संगीत क्षेत्र से जुड़े सदस्यों के लिए वाद यंत्र, श्रमिक संगठन का कार्यालय, श्रमिकों का आवास आवंटन, हाऊसिंग कमेटी, वेलफेयर कमिटी की नियमित बैठक, कॉलोनी में समुचित लाईट आदि समस्याओ की फेहरिस्त रखने का कार्य किया। महाप्रबंधक कुमार सहजता से प्रत्येक विभाग को एक निर्धारित समय के दौरान मामले का निष्पादन करने का निदेश दिए। वही पूरे विभागध्यक्ष लोग को इस बात की भी जीएम कुमार ने निर्देशित किया कि निर्धारित समय के दौरान वे खुद सभी चीजों का निरीक्षण करके अवलोकित करेंगे कि जमीन पर कितना कार्य सुचारु रूप से हुआ हैं।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल ने किया। इस अवसर पर वैरिस्टर सिंह, गणेश राम, नागवंत प्रसाद, मो मिनाजुल, मो नूर आलम, खगेश्वर रजक, सतीश वर्णवाल, कृष्ण दयाल सिंह, विनय राम, विकास कुमार सिंह, नचिकेता, लूईस कुमार, अरविंद कुमार, रफीक आलम आदि लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अबकी बार मत...

दुबई में रविवार को दिन में आसमान बिल्कुल साफ रहेगा। एक्यूवेदर के मुताबिक बारिश की कोई भी संभावना नहीं है। ऐसे में यह साफ है कि मौसम को लेकर फैंस को किसी तरह की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**सबसे अधिक रन :** भारत की ओर से चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं। उन्होंने19 मैचों में 51.35 की औसत और 92.38 की स्ट्राइक रेट के साथ 873 रन बनाये हैं। इनमें 2 शतक और 8 अर्धशतक हैं। रोहित के नाम 78 चौके और 26 छक्के भी दर्ज हैं। वहीं विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 16 मैचों की 3 पारियों में 3 शतक और 2 अर्धशतकों के साथ 678 रन बनाये हैं। उनका औसत 52.15 और स्ट्राइक रेट 100.29 का रहा है।

**अफरीदी ने खोली पाकिस्तान की पोल :** भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता खेल के इतिहास में सबसे भयंकर और सबसे मशहूर प्रतिद्वंद्विता में से एक है। एक चैनल पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने 23 फरवरी को भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर कहा, भारत के पास ज्यादा मैच विनर खिलाड़ी हैं। मैच विनर वह होता है जो अकेले दम पर मैच जीतना जानता हो। अभी पाकिस्तान में ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसका मध्य और निचला क्रम है, जो उसे मैच जिताता रहा है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो एक साल, दो साल या 50-60 मैचों तक अपना प्रदर्शन बरकरार रख सकें।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत बनाम पाक
2004 : पाकिस्तान 3 विकेट से जीता
2009 : पाकिस्तान 54 रन से जीता
2013 : भारत 8 विकेट से जीता
2017 : भारत 124 रन से जीता (डीएलएस)
2017 (फाइनल) : पाकिस्तान 180 रन से जीता

### चाकुलिया के जोड़सा ...

**बकरी चोरी से परेशान थे लोग :** बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में बहुत दिनों से बकरी चोरी की घटनाओं से लोग परेशान थे। बकरी चोरी करने वाला बड़ा गिरोह है जो कार से घुमते हुए बकरी उड़ा लेते थे। किशुक और भोलानाथ का संबंध इसी गिरोह से बताया जा रहा है। हालांकि मामले की पुलिस जांच कर रही है।

**जीरापाड़ा के थे दोनो :** बकरी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी पड़ोसी गांव जीरापाड़ा के ही रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार बकरी मालिक ने शोर मचा दिया और ग्रामीण जुट गये। दोनों आरोपियों को ग्रामीणों ने घेर लिया और उसकी खूब पिटाई कर दी। चाकुलिया पुलिस दोनों को लेकर शनिवार की सुबह घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंची। चाकुलिया थाना प्रभारी ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि जोड़सा गांव में चोरी की घटना में दो चोरों को ग्रामीणों ने पीटा है। पुलिस ने दलबल के साथ गांव पहुंचकर दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों को शांत कराया था। तमाम बड़े अधिकारी मामले की जांच पड़ताल में लगे हुए हैं।

### अपने दौरे पर...

जिसमें किसानों को 2000 रुपये प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपये का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किया जाता है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय इसके लिए केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग (एएचएंडडी), रेल मंत्रालय और बिहार सरकार के समन्वय से वहां उस दिन एक किसान सम्मान समारोह का आयोजन करेगा जिसमें प्रधानमंत्री पीएम- किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे।

**अबतक 3.46 लाख करोड़ जारी :**
19वीं किस्त जारी होने से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और उनके खातों में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंचायी जायेगी। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18 किस्तों के माध्यम से 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से कहा गया है कि किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 19वीं किस्त में बिहार के लगभग 76.37 लाख किसानों को 1,591 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा जिससे प्रदेश में लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल लाभ राशि लगभग 27,088 करोड़ रुपये हो जायेगी।

श्री मोदी परिवहन की सुविधा बढ़ाने के लिए वारिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण की 526 करोड़ रुपये की निवेश परियोजना का उद्घाटन करेंगे । यह परियोजना 36.45 किलोमीटर लम्बे खंड की है। श्री मोदी इसके अलावा, 47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस्माइलपुर-रफीगंज सड़क ऊपरी पुल का उद्घाटन भी करेंगी।

**मखाना उत्पादकों से चर्चा :** बिहार के मखाना उत्पादकों से पीएम मोदी चर्चा करेंगे। मखाना उत्पादक किसानों को और अधिक सुविधाएं कैसे प्रदान की जा सकती हैं। मोतिहारी में स्वदेशी पशु नस्लों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करेंगे। पीएम बरौनी में एक बड़े डेयरी प्लांट का भी उद्घाटन करेंगे जिससे लगभग 3 लाख दूध उत्पादकों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, वे वॉरिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेलवे लाइन दोहरीकरण और इस्माइलपुर-रफीगंज रोड ओवर ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिससे बिहार में रेलवे और सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

# तेनुघाट : स्पेशल और मासिक लोक अदालत में 44 मामलो का निष्पादन

### 85,12, 000 रुपये की समझौता राशि वसूली गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निर्देशानुसार शनिवार 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में लगे स्पेशल लोक अदालत और मासिक लोक अदालत में कुल 44 मामलों का निष्पादन और 85,12,000 रुपए समझौता राशि वसूल किए गए। स्पेशल लोक अदालत में मेट्रोमोनियल के मामले और चेक बाउंस के मामले का निष्पादन किया गया। स्पेशल लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया था।

इसकी पहले बेंच पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति एवं अधिवक्ता बिनोद कुमार गुप्ता तथा मासिक लोक अदालत में दो बेंच पर जिला जज तृतीय फहीम किरमानी एवं अधिवक्ता गिरिवर कुमार महतो तथा प्रशांत पाल तथा दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार और अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल मौजूद थे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने देते हुए बताया कि स्पेशल लोक अदालत में 38 मामले का निष्पादन और 85,00,000 रूपए तथा मासिक लोक अदालत में 6 मामलों का निष्पादन और 12,000 रुपए की दोस्ताना राशि वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 44 मामलों में 85,12,000 रुपए दोस्ताना राशि वसूल किया गया।

# बेरमो : शिव शक्ति महायज्ञ के सातवे दिन परिक्रमा के लिउ उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बेरमो। फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी बस्ती सौतारडीह में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं 33वां वार्षिक गणेश मेला का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का लातवा दिन शनिवार को यज्ञ स्थल की परिक्रमा हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। यज्ञ के छठे दिन पंचाग पूजन, वेदी पूजन, देवी देवताओं का आवाहन, पाठ व संध्या आरती सहित कई अनुष्ठान हुए। महायज्ञ में मंत्रोच्चारण से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की भीड बढ रही है। सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचकर परिक्रमा करते हुए ओम नमः शिवाय, हर हर शिव जय जय शिव, जय शिव शंभू, हर हर महादेव के जयकारा लगा रहे है। 12 व 24 घंटे की परिक्रमा में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ रही है। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर के हीरालाल शास्त्री के देखरेख में पूरे विधि-विधान से धर्म अनुष्ठान करवाया जा रहा है। जिसमें देवघर से आये उपाचार्य पंकज शास्त्री, वेदाचार्य पवन शास्त्री, आशुतोष बाबा, विकास शास्त्री, आदित्य शास्त्री एवं मंदिर के पुजारी शिवशंकर पांडेय उनके साथ अनुष्ठान व मंत्रोच्चारण में योगदान दे रहे है। गणपति धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रद्धालु क्षेत्र व परिवार के सुख शांति व समृद्धि की कामना कर रहे है। यहां मुख्य यजमान विक्रांत शर्मा व उनकी पत्नी किरण देवी और आकाश कर्मकार व उनकी पत्नी पूजा कर्मकार सभी अनुष्ठान में भाग ले रहे है। शनिवार 22 फरवरी को महायज्ञ की पूणार्हुति हवन के साथ किया जाएगा। कमेटी की ओर से मेला को एक दिन बढाते हुए रविवार 23 फरवरी तक चलाने का निर्णय लिया गया। इसी दिन रात्रि में माता जागरण का भी आयोजन किया जायेगा। यज्ञ व मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष गिरिराज गिरि, उपाध्यक्ष यमुना महतो, दीपक गिरि, सचिव चंद्रिका विश्वकर्मा, उप सचिव लालमोहन महतो, जयप्रकाश गिरि, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष अजय कुमार गिरि, मेला प्रभारी रवि कुमार गिरि, उप मेला प्रभारी सोनू कुमार, संगठन मंत्री विशाल गिरि, बिपीन महतो आदि भूमिका निभा रहे है।

# बोकारो : यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सेक्टर 4 स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया। 24-25 मार्च को घोषित दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंक हड़ताल की सफलता को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन में बैंक कर्मियों ने अपनी आवाज बुलंद की।

यूएफबीयू के बोकारो जिला उपसंयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा कि बैंक में ग्राहक सेवा में निरंतर हो रहे ह्रास एवं ग्राहकों को हो रही अत्यधिक परेशानी से बचने के लिए अविलंब सभी बैंकों में सभी संवर्गों में समुचित बहाली की जाए। इंडियन बैंक एसोसिएशन से यह भी मांग की गई की यूएफबीयू के साथ हुई वार्ताओं में लंबित मुद्दों को अविलंब सुलझाने की जो बात कही गई थी उन सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाए। पांच दिवसीय बैंकिंग को भी अविलंब बैंकों में लागू किया जाए। प्रदर्शन में महिला बैंक कर्मियों की उपस्थिति भी सराहनीय रही।

सिंह ने कहा कि हम अपने बैंकों एवं अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु अंतिम दम तक संघर्ष करने को कटिबद्ध हैं।

कार्यक्रम को राजेश कुमार ओझा, विभाष झा, राजेश श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, वरुण कुमार, मिथिलेश कुमार, राकेश मिश्रा, अवधेश प्रसाद, दिलीप कुमार, रजनीश कुमार, नीरज तिवारी, माणिक दास, अरुण कुमार प्रशांत कुमार, विवेक ठाकुर आदि ने भी संबोधित किया।

# 'संवाद से प्रगति' कार्यक्रम में श्रमिक हित से अवगत हुए इस्पातकर्मी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के शॉप कार्मिक के द्वारा कार्यस्थल पर मानव संसाधन संबंधित संवाद से प्रगति नामक कार्यक्रम की एक श्रृंखला शुरू की गई है। इसी कड़ी में आरएमपी सिंटर प्लांट इस्पात गलनशाला 2 एवं सीसीएस सीआरएम - 1 एवं 2 सीआरएम - 3 विभाग में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमआईबी सामूहिक बीमा योजना शिकायत पोर्टल बायोमेट्रिक प्रणाली एचसीएम-प्रखर तथा नए एचआरएमएस मॉड्यूल संविदा कर्मियों का मेडिकल चेकअप श्रम उत्पादकता सेल/बीएसएल की विस्तार योजना कर्मचारी सहायता सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता जैसे मुख्य विषयों पर जानकारी दी गई। शॉप कार्मिक में कार्यरत अधिशासियों के द्वारा कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

स्पीड न्यूज

### महाकुंभ में ओडेला 2 का टीजर रिलीज



प्रयागराज। जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज हो गया है। तमन्ना भाटिया एक बार फिर बड़े पर्दे पर प्रशंसकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। तमन्ना ने महाकुंभ में शनिवार को ओडेला 2 का भव्य टीजर जारी किया। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है और इसका निर्माण संपत नंदी टीमवर्क्स ने किया है। टीजर में तमन्ना रौद्र रूप दिखाती नजर आई हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया ने नागा साधु की भूमिका निभाई है।

### 23 स्टारलिंक उपग्रहों को स्पेसएक्स ने किया प्रक्षेपित

लॉस एंजेल्स । अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया। स्पेसएक्स के अनुसार उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से पूर्वी समय सुबह करीब 10:19 बजे पर फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह फाल्कन 9 रॉकेट का 450वां मिशन है। स्पेसएक्स ने बताया कि प्रक्षेपित 23 स्टारलिंक उपग्रहों में से 13 डायरेक्ट टू कॉल क्षमता वाले हैं। स्पेसएक्स के अनुसार इंटरनेट रहित क्षेत्रों में स्टारलिंक के माध्यम से हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट की पहुंच होगी।

### इराक ने आइएस के 25 ठिकानों को किया ध्वस्त

**बगदाद।** इराक की सेना ने उत्तरी इराक के पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार इराक की आतंकवाद निरोधी सेवा के बलों ने नीनवे की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मखमौर क्षेत्र में एक अभियान चलाया और आईएस के 18 ठिकानों और सात सुरंगों को नष्ट कर दिया।

### बिहार में 663 गैर तकनीकी पदों पर होगी बहाली : नवीन

**पटना।** बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन के आदेश पर विभाग ने 663 गैर तकनीकी पदों का सृजन करने का फैसला लिया गया है। उक्त पदों के सृजन के आधार पर कार्यालयों में उच्च वर्गीय लिपिक, लेखापाल, निम्न वर्गीय लिपिक, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, कार्यालय परिचारी आदि जैसे पदों पर बहाली की जायेगी। इन पदों पर कुल 35.27 करोड़ से अधिक की राशि वार्षिक खर्च की जायेगी, जिसके बाद विभाग अन्तर्गत गठित एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों का सुचारू रूप से संचालन किया जा सकेगा।

### मोदी छतरपुर में आज कैंसर अस्पताल का करेंगे शिलान्यास

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को मध्यप्रदेश के छतरपुर के ग्राम गढ़ा (राजनगर) में बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा निर्मित किये जाने वाले मेडिकल साईंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमि-पूजन करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बुन्देलखंड क्षेत्र को यह दूसरी बड़ी सौगात दी जा रही है। इसके पहले श्री मोदी ने खजुराहों में केन-बेतवा नदी जोड़ों परियोजना की सौगात बुन्देलखण्ड क्षेत्र की दी थी। प्रधानमंत्री 218 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे। इसके लिये 10.925 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है।

# भारतीय मूल के पटेल ने एफबीआइ की संभाली कमान

## गुजरात के बड़ोदरा से जुड़े काश ने गीता पर हाथ पर रखकर ली शपथ

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की कमान काश पटेल ने संभाल ली। व्हाइट हाउस में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने काश पटेल को एफबीआई के नौवें निदेशक के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने भगवदगीता पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण की। एफबीआई फेसबुक पेज के अनुसार, एफबीआई निदेशक के रूप में अपने पहले आधिकारिक दिन काश पटेल ने वॉल ऑफ ऑनर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस वॉल पर एफबीआई के बहादुर सदस्यों का वर्णन है। उनका यहां जाना न्याय के प्रति उनके साहस और समर्पण की विरासत की प्रतिबद्धता

**ट्रंप के पहले कार्यकाल में पटेल रक्षा और खुफिया एजेंसियों में विभिन्न उच्च पदों पर रह चुके हैं**

को रेखांकित करता है। शपथ समारोह में काश पटेल ने कहा कि जो कोई सोचता है कि अमेरिकी सपना मर चुका है, वह यहीं देख ले। आप पहली पीढ़ी के भारतीय बच्चे से बात कर रहे हैं जो भगवान की धरती पर सबसे महान देश में कानून प्रवर्तन समुदाय का नेतृत्व करने वाला है। महत्वपूर्ण यह है कि काश पटेल की जड़ें भारत के गुजरात में वड़ोदरा से भी जुड़ी हैं। 25 फरवरी, 1980 को न्यूयॉर्क में पूर्वी अफ्रीका से आए भारतीय अप्रवासी माता-पिता के घर जन्मे काश ने रिचमंड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट करने के बाद यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से अंतरराष्ट्रीय कानून में सर्टिफिकेट के साथ कानून की डिग्री हासिल की है। काश ने सार्वजनिक वकील के रूप में अपना प्रोफेशनल करियर शुरू किया। मियामी की अदालतों में लगभग नौ साल तक कड़ी मेहनत की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2014 के पहले कार्यकाल में काश पटेल रक्षा और खुफिया एजेंसियों में विभिन्न उच्च पदों पर कार्य कर चुके है। काश को ट्रंप का सबसे भरोसेमंद व्यक्ति माना जाता है।

न्यूयॉर्क में जन्में पटेल (44) पाटीदार समुदाय से हैं। वह अमेरिका की प्रमुख कानून प्रवर्तन



एजेंसी का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। पाटीदार समुदाय के नेताओं ने कहा कि पटेल के सभी करीबी परिजन विदेश में बसे हुए हैं। अफ्रीका जाने के बाद उन्होंने भद्रन में अपने पैतृक मकान बेच दिए। आणंद स्थित समुदाय का संगठन छ गाम पाटीदार मंडल अपने सदस्यों की वंशावली रखता है। संगठन के सचिव और भाजपा की आणंद जिला इकाई के अध्यक्ष राजेश पटेल ने कहा कि वंशावली में काश पटेल के पिता प्रमोद पटेल और उनके भाइयों और दादा के नाम भी हैं। राजेश पटेल ने बताया कि हालांकि काश पटेल का नाम वंशावली में जोड़ा जाना अभी बाकी है, लेकिन उनके परिवार की 18 पीढ़ियों का रिकॉर्ड इसमें है और इसे उनके कार्यालय में उनके समुदाय के सभी सदस्यों के साथ संग्रहीत किया गया है।

### ट्रंप ने फिर वोटर टर्नआउट के लिए भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन वोटर टर्नआउट के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बंगलादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। ट्रंप ने बंगलादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर मदद का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि बंगलादेश को 2.9 करोड़ डॉलर राजनीतिक परिदृश्य में स्थिरता लाने के लिए दिए गए।

# ट्रंप ने अमेरिकी सेना के शीर्ष जनरल को किया बर्खास्त

## सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डैन रैजिन केन को किया नामित

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारी, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल सी क्यू ब्राउन को बर्खास्त कर दिया। इसके साथ ही नौसेना प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेट्टी सहित पांच अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी पद से हटाने की घोषणा की गई।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ब्राउन की जगह सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डैन रैज़िन केन को नामित करने की घोषणा की। केन पूर्व एफ-16 फाइटर पायलट रहे हैं और हाल ही में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआइए) में सैन्य मामलों के सह-निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

- **नौसेना की पहली महिला प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेट्टी को भी हटाया**
- **वायु सेना और सेना के जजों के महाधिवक्ताओं को भी बदला गया**

नौसेना की पहली महिला प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेट्टी को भी ट्रंप प्रशासन ने हटा दिया है। इसके अलावा, वायु सेना और सेना के न्यायाधीशों के महाधिवक्ताओं को भी बदला गया है।

ट्रंप के सत्ता में लौटने के बाद यह दूसरा बड़ा सैन्य बदलाव है। इससे पहले, उन्होंने अमेरिकी कोस्ट गार्ड की पहली महिला प्रमुख एडमिरल लिंडा फागन को भी उनके पद से हटा दिया था। ट्रंप ने



आधिकारिक तौर पर ब्राउन को हटाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन माना जा रहा है कि 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी में भूमिका निभाने वाले सैन्य अधिकारियों को हटाने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया है।

**पेंटागन में होगा बड़ा बदलाव**

ट्रंप के इस फैसले से अमेरिकी रक्षा विभाग में अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। ट्रंप प्रशासन पहले ही सैन्य बजट में कटौती और विदेशों में तैनाती को कम करने की योजना बना चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यूएस मिलिट्री आमतौर पर गैर-राजनीतिक रहती है, लेकिन ट्रंप द्वारा लगातार वोक (उदार विचारधारा वाले) सैन्य अधिकारियों को हटाने की बात करने से यह धारणा प्रभावित हो सकती है।

## सांसद शशि थरूर ने खोला मोर्चा, राहुल गांधी से पूछा

# पार्टी में मेरी भूमिका क्या है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के भीतर संवाद को लेकर पहले भी सवाल खड़ा होता रहा है। इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद शशि थरूर ने मोर्चा खोला है। जिन्होंने राहुल गांधी से मिलकर पार्टी के भीतर उन्हें अलग-थलग किए जाने को लेकर न सिर्फ नाखुशी जताई है बल्कि उनसे पार्टी के भीतर अपनी भूमिका भी पूछा है। शशि थरूर की राहुल गांधी से यह मुलाकात 18 फरवरी को हुई थी। सुबह से चल रही खबरों के बीच भी थरूर ने एक पोस्ट किया जो रोचक है। उसमें उन्होंने कहा कि जहां अज्ञान आनंद है, वहां बुद्धिमानी मूर्खता है। शशि थरूर की यह नाखुशी ऐसे समय सामने आयी है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा की सराहना किए जाने के बाद से वह पार्टी के लगातार हाशिए पर है। उनके इस

**जहां अज्ञान आनंद है वहां बुद्धिमानी मूर्खता**



बयान के बाद पार्टी की केरल इकाई ने अपने मुखपत्र में शशि थरूर की पार्टी लाइन से अलग हटकर बोलने को लेकर कड़ी आलोचना की। हालांकि थरूर ने इसके बाद साफ किया था कि उन्होंने जो बयान दिया था वह राष्ट्रहित में दिया था न किसी पार्टी के नेता की हैसियत से। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के भीतर कोई भी भूमिका न दिए जाने से नाराज थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात में इस मुद्दे को उठाया और पूछा कि वे बताए कि पार्टी में उसकी क्या भूमिका है। मुझे लग रहा है कि पार्टी मुझे और मेरी नेतृत्व क्षमता को दरकिनार कर रही है। इससे मैं काफी असहज हूं। इतना ही नहीं, उन्होंने संसद में उन्हें बोलने का मौका न दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि यदि पार्टी उन्हें राज्य की राजनीति में ले जाना चाहती है, तो वह भी साफ करें। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने उन्हें ठीक तरीके से सुना लेकिन उनके सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया।

जानकारों की मानें तो थरूर वैसे भी शुरू से ही कई मौकों पर पार्टी लाइन से अलग राय देते रहे है, लेकिन पार्टी की नाराजगी तब से बढ़ी हुई है, जब उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद के लिए पार्टी से शीर्ष नेतृत्व की पसंद से अलग हटकर ताल ठोंक दी थी। अब यह खुलकर दिखने लगा है।

# पीएम मोदी के प्रधान सचिव-2 बने शक्तिकांत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव-2 नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा। शक्तिकांत दास प्रिंसिपल सेक्रेटरी-1 पीके मिश्रा के साथ मिलकर काम करेंगे। शनिवार को केंद्र सरकार में नियुक्ति समिति द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (रिटायर्ड) (टीएनः80) की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा



वर्तमान में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। आधिकारिक आदेश के अनुसार तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा। आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव- 2 के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी।



**भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने योगी के साथ संगम में लगायी आस्था की डुबकी**

**महाकुंभ नगर। पवित्र त्रिवेणी में शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व नन्द गोपाल गुप्ता नन्दीऔर सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं, नड्डा परिवार ने गंगा को नारियल और चुनरी अर्पित कर लोक कल्याण की कामना भी की।**

# पटना में सिपाही ने की पत्नी की हत्या

**पटना।** पीरबहोर थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर एक सिपाही फरार हो गया है। मृतका दीपिका भारती है। आरोपित बिहार पुलिस 2011 बैच का सिपाही धनंजय पुलिस लाइन में पोस्टेड है। दो माह पहले ही पीटीसी की ट्रेनिंग कर लौटा था। धनंजय पत्नी के साथ थाना के पीछे सरकारी क्वार्टर के द्वितीय तल्ला में रहता है। किसी बात को लेकर पत्नी के साथ उसका विवाद हुआ था। विवाद के बाद सिपाही ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के शव को पुलिस ने बंद कमरे का ताला तोड़कर निकाला है। एफएसएल की टीम छानबीन कर रही है। दो दिन पहले पति-पत्नी प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर के लौटे थे। दोनों की शादी साल 2016 में हुई थी।

### रोहतास में बच्ची और बच्चे के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**डेहरी ऑन सोन ।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के करंज गांव में सात वर्षीय बच्ची एवं छह वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

घटना संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि करंज गांव में बच्ची एवं बच्चे के साथ दुष्कर्म की शिकायत पीड़िता के मां द्वारा थाने में कराई गई। पड़ोसी हनुमान कुमार द्वारा बच्चे तथा बच्ची के साथ दुष्कर्म करने तथा पूछताछ करने पर टेंपुल सेठ ने धमकी दी।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने में रेलवे की अग्रणी

## तीर्थयात्रियों ने 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का लिया लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आस्था के महासागर प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निःसंदेह अग्रणी है।

इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकॉर्ड भी बना है।हालांकि महाकुंभ अब समापन की ओर है लेकिन एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ कहीं ना कहीं उठाया। दूसरे शब्दों में महाकुंभ के करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या अगल बगल के प्रमुख शहरों तक पहुंचने में ट्रेनों की ही मदद ली। रेलवे के

- **अभी तक 3.6 करोड़ श्रद्धालुओं को कुंभ एरिया में हैंडल किया**
- **92 प्रतिशत ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमो श्रेणी की रहीं जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हुईं**

अनुसार इस बार प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ को दौरान भीड़




बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं। यह आंकड़ा थोड़ा विस्मित भी करता है कि महाकुंभ की शुरूआत से लेकर अब तक 13,667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनों की शुरूआत कुंभ एरिया से हुई एवं 2008 ट्रेनें कुंभ एरिया में बाहर से आईं, बाकी 8,211 नियमित ट्रेनें थीं। शहर में प्रयागराज समेत कुल नौ स्टेशन हैं, जहां ट्रेनों का आवागमन हुआ। अकेले प्रयागराज स्टेशन पर ही पांच हजार ट्रेनों का लाभ श्रद्धालुओं को मिला । प्रयागराज एरिया के किस स्टेशन से कितनी ट्रेनों की सुविधा मिली। प्रयागराज स्टेशन पर 5332 ट्रेन, नैनी स्टेशन पर 2017 ट्रेन, छिवकी स्टेशन पर 1993, सूबेदारगंज स्टेशन पर 4313 ट्रेन, झूंसी स्टेशन पर 1207, प्रयागराज-रामबाग स्टेशन पर 764, प्रयागराज जंक्शन पर 1326, प्रयागराज संगम स्टेशन पर 515 और फाफामऊ स्टेशन पर 1010 ट्रेन की सुविधा प्रदान की गई।

### 24 व 25 को बनेंगे तीन विश्व रिकॉर्ड

महाकुम्भ नगर। महाकुंभ में 24 और 25 फरवरी को तीन विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहे हैं। ये सभी रिकॉर्ड बनने के लिए 14 से 17 फरवरी तक की तिथियां निर्धारित की गईं थीं मगर उस दौरान भीड़ के चलते तारीख बढ़ा दी गई थी। नदी स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है। 2019 के प्रयागराज अर्ध कुम्भ में भी तीन विश्व रिकार्ड बने थे। अब मेला प्रशसन 2019 में बने अपने तीनों रिकॉर्ड को ही मेला प्रशासन तोड़ेगा। महाकुम्भ में 24 फरवरी को दो विश्व रिकार्ड बनेंगे। 15 हजार सफाई कर्मचारी गंगा घाट पर 10 किलोमीटर तक सफाई अभियान चलाएंगे। परेड मैदान स्थित त्रिवेणी मार्ग पर 1000 ई-रिक्शा संचालन के स्थान पर 550 शटल बसों का संचालन कर रिकॉर्ड बनाया जाएगा। 25 को 10 हजार लोगों के हाथ के छाप लेने का विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

